मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 28.6 | 18.7 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 17.0 |
| डालटनगंज | 25.7 | 15.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 7

www.lagatar.in

बुधवार, 07 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 290

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



**जनसंगठनों ने राहुल के सामने रखा लैंड बैंक और पत्थलगड़ी का मामला**

# राहुल ने दिया आश्वासन, कहा, सीएम को लिखेंगे पत्र

प्रवीण कुमार। रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खूंटी से तोरपा जाने के क्रम में जनसंगठनों की बड़ी समस्याओं को जाना और समझा. यही नहीं जनसंगठनों के प्रतिनिधियों को अपने साथ बस में ही बिठा लिया और बातचीत की. लगभग 30 किमी तक उनके साथ राहुल गांधी ने बस में झारखंड से संबंधित बात की. इस दौरान जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी के समक्ष पत्थलगड़ी और लैंड बैंक का मामला रखा. प्रतिनिधियों ने पत्थलगड़ी से जुड़े केस को वापस करने की मांग की. इस पर राहुल गांधी ने आश्वस्त किया कि वो इस मसले पर सीएम को पत्र लिखेंगे.

बताते चलें कि हेमंत सरकार की पहली कैबिनेट में पत्थल गड़ी से जुड़े मामलों को छोड़ कर अन्य मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया गया था. वहीं रघुवर सरकार के समय बनाए गए लैंड बैंक को लेकर खूंटी में काफी विरोध हुआ था. इसमें सार्वजनिक जमीन, गैर मजरुआ जमीन और सड़क की जमीन के साथ-साथ स्कूल और मसना की जमीन को भी लैंड बैंक में शामिल कर लिया गया था. जनप्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से इसे रद्द करने की मांग की. राहुल गांधी ने अपने निजी सहायक को दोनों मामलों को नोट करने को कहा. प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मैं इस दोनों मामलों से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिख कर उचित कार्रवाई करने को कहूंगा. जनप्रतिनिधियों से यह भी कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़ों की जमीन से जुड़े मामलों को गंभीरता से कांग्रेस देख रही है.

## जनसंगठनों के प्रतिनिधियों से यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता ने की बस में की बात

### राहुल गांधी से बस में मिलने वाले लोग



आदिवासी संगठन के जिन प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से बस में मुलाकात की. उनमें सनिका टूटी, पावेल टूटी, बुधराम बोदरा, जादू सिंह मुंडा, बुद्धलाल सिंह मुंडा, करण सिंह मुंडा, बिरसा ओड़िआ, रामजी मुंडा, ठाकुर मुंडा शामिल हैं. ज्ञात हो कि इन सभी पर पत्थलगड़ी के मामले में रघुवर सरकार के समय केस दर्ज किया गया था.

### उद्योग या व्यावसायिक संस्थानों के साथ सरकार के उपयोग के लिए बनाया गया था लैंड बैंक

बता दें कि झारखंड में भूमि संबंधी कानूनों की पेंच को दूर करने के लिए रघुवर सरकार ने लैंड बैंक तैयार किया था. झारखंड सरकार के लैंड बैंक में 11.56 लाख एकड़ जमीन है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, जिलों के सहयोग से लैंड बैंक को अपडेट किया था. इसके बाद सरकार खुद भी अचंभित थी कि राज्य में इतनी जमीन सरकारी है. जबकि उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी भवनों के लिए सरकार कहती है कि उसके पास जमीन नहीं है. बैंक अपडेट होने से सबसे बड़ा फायदा उद्योग या व्यावसायिक संस्थान ने कुछ हद तक उठाया था. अगर केवल गैरमजरुआ खास जमीन की बात करें तो 1-51 एकड़ के 230,700 प्लॉट लैंड बैंक में दर्ज किए गये थे. इसी प्रकार 51-100 एकड़ वाले 4137 प्लॉट, 101-150 एकड़ वाले 438 प्लॉट तथा 200 एकड़ से अधिक 372 प्लॉट हैं. सबसे ज्यादा जमीन प. सिंहभूम और गुमला में चिन्हित की गयी थी.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## ब्रीफ खबरें

### राजीव रंजन पुनः बने राज्य के महाधिवक्ता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजीव रंजन को पुनः राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किया है. मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया है. राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद-165 के खंड -(1) के तहत राजीव रंजन को महाधिवक्ता के पद पर पुनः नियुक्ति किया है.

### भाजपा को कुत्ते से क्या दिक्कत है: राहुल

**गुमला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा को कुत्ते से क्या दिक्कत है. मैंने कुत्ते को बिस्कुट दिया, वह भीड़ देख कर डर गया था, नहीं खाया. मैंने वो बिस्कुट कुत्ते के मालिक को खिलाने के लिए दे दिया. मालिक के हाथ से कुत्ते ने बिस्कुट खा लिया. बस इतनी सी बात है. लेकिन भाजपा को दिक्कत हो गयी. -पेज 7 भी देखें

### पटाखा फैक्ट्री में आग से 11 लोगों की मौत

**हरदा/भोपाल।** मध्य प्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. राज्य और केंद्र सरकार ने हादसे के शिकार लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है.

### महंगाई रोकने में जुटे हैं: वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला रमण ने कहा कि सरकार महंगाई रोकने का प्रयास कर रही है. उन्होंने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए समय समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है.

### केजरीवाल के निजी सचिव के घर ईडी रेड

**नयी दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन के एक मामले की जांच के तहत दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ लोगों के परिसरों की तलाशी ली. इसके जवाब में दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार उसके नेताओं पर ईडी की छापेमारी के जरिए पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश कर रही है.


### चुनाव आयोग से शरद पवार को तगड़ा झटका

**नयी दिल्ली।** एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार को चुनाव आयोग से बड़ा झटका लगा है. चुनाव आयोग ने मंगलवार को अजीत पवार गुट को ही असली एनसीपी करार दिया है. चुनाव आयोग ने कहा कि तमाम सबूतों के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है. चुनाव आयोग का कहना है कि अजित पवार गुट को एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने का अधिकार है.

**कनहर परियोजना : विस्थापितों को मुआवजा देने में अनियमितता**

# फर्जी दस्तावेज पर करोड़ों का भुगतान

अमित सिंह। रांची



प्रधानमंत्री कार्यालय ने कनहर परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. रिपोर्ट में बताना है कि परियोजना के तहत किसको, किस आधार पर मुआवजा का वितरण किया गया. जिन लोगों को मुआवजा नहीं मिला है, उसका भी कारण पूछा है. पीएमओ ने झारखंड, छत्तीसगढ़ और यूपी सरकार से जानकारी मांगी है कि डूब क्षेत्र में आनेवाले गांव के लिए क्या योजना है. पीएमओ को शिकायत मिली है कि कनहर परियोजना के तहत विस्थापितों को मुआवजा देने में अनियमितता बरती गई है. पीएमओ ने रिपोर्ट के आधार पर आगे जांच कराने की बात कही है.

फर्जी दस्तावेज के सहारे मुआवजा के नाम पर करोड़ों की संदिग्ध निकासी की गई है. पीएमओ में ऐसी शिकायत कनहर बंद विरोधी संघर्ष समिति और आदिवासी विस्थापित एकता मंच ने किया है. जिसके बाद पीएमओ एक्शन में आया है. शुरुआती दौर में विस्थापितों को 1800 रुपए प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया गया. बाद में मुआवजा राशि में भी बढोत्तरी की गई. मुआवजा प्रदान के लिए सूची तैयार की गई थी, मगर उस सूची के अनुसार विस्थापितों को भुगतान नहीं किया गया. जिम्मेवारों ने फर्जी दस्तावेज के सहारे मुआवजा राशि का वितरण अपने चहेतों के बीच कर दिया. बता दें कि कनहर परियोजना के तहत 1044 मूल विस्थापित परिवार चिन्हित किए थे जिनकी तीन पीढ़ी को 7,11,000 का विस्थापन पैकेज दिया जाना था. चार राज्यों में सरकारी सूची के 4143 परिवारों में से लगभग 200 ऐसे परिवार हैं, जिन्हें विस्थापन पैकेज अभी तक नहीं मिला. इसी तरह बाद में जोड़े गए प्रपत्र छह के 424 परिवारों में से लगभग 390 परिवारों को अभी तक विस्थापन पैकेज का लाभ अबतक नहीं मिल पाया है.

## पीएमओ ने मांगी रिपोर्ट : 46 साल में 27 करोड़ की योजना 3700 हजार करोड़ की हुई, फिर भी है अधूरी

### 1976 में शुरू हुई थी परियोजना



कनहर परियोजना की शुरुआत 6 अक्तूबर 1976 में हुई थी. तत्कालीन सीएम एनडी तिवारी ने परियोजना को मंजूरी दी थी. दुद्धी से 12 किमी दूर अमवार में डैम बनाने का निर्णय लिया गया. जहां कनहर और उसकी सहायक नदी पांगन है, इसलिए इस प्रोजेक्ट का नाम कनहर सिंचाई परियोजना रखा गया. इस परियोजना के लिए 29 जनवरी 1979 को 27.75 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ. 1983-84 में परियोजना का काम बंद हो गया. झारखंड सरकार ने 2002 में और 2010 में छतीसगढ़ सरकार ने परियोजना को मंजूरी दी.

### बसपा ने बढ़ी हुई लागत को दी थी मंजूरी

यूपी बसपा की सरकार ने परियोजना की लागत 27.75 करोड़ से बढा कर 850 करोड़ करते हुए बजट प्रदान किया था. दूसरी बार सपा की सरकार ने परियोजना का बजट बढा कर 2250.50 करोड़ कर दिया. यूपी में 2017 में भाजपा की सरकार आई. तब परियोजना की लागत को बढा कर 3500 करोड़ कर दिया गया. 30 जून 2022 को परियोजना का काम पुनः शुरू होना था, मगर मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण विस्थापितों ने आंदोलन शुरू कर दिया. 2014 से लेकर अबतक आंदोलन चल रहा है.

### डूब क्षेत्र के 21 गांव पूर्णतः विस्थापित

कनहर सिंचाई परियोजना की वजह से झारखंड के गढ़वा जिले के 4 गांव नक्शे से गायब हो जाएंगे. इसी प्रकार यूपी के सोनभद्र जिले के 11 गांव और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के 6 गांव पूर्णत डूब क्षेत्र में आ जाएंगे. डूब क्षेत्र में आने वाले गांव के लोगों को दूसरे इलाके में शिफ्ट किया गया है. सरकार को 2013 की भूमि अधिग्रहण नीति के तहत मुआवजा देना था, मगर झारखंड में सहित अन्य राज्यों में इसका पालन नहीं हुआ. जिस वजह से कई परिवार डूब क्षेत्र से हटने को तैयार नहीं हो रहे थे. इस परियोजना से 108 गांव के किसानों को फायदा मिलेगा. 100 किलोमीटर दूर तक नहरों के जरिए पानी पहुंचाने का प्लान है. इस पानी से 35 हजार 467 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होंगे.

### नक्शे से गायब होने वाले गांव




- **गढ़वा जिले के 4 गांव** : फेक्सा, भुईफोर, सामो और परास पानीकला.
- **छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के 6 गांव** : त्रिशुली, झारा, कुशफर, सेमरवा, कामेश्वर नगर और धौली.
- **यूपी के सोनभद्र जिले के 11 गांव** : लांबी, रनदहटोला, सुगवामान, कुदरी, कोरची, सुंदरी, भीसुर, अमवार, गोहडा, बरखोहरा और बघाडू.

## भगवान बिरसा मुंडा को नमन



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंगलवार को सरायकेला के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत. मुख्यमंत्री यहां विधायक सुखराम उरांव के पुत्र की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे.

**सीएम चंपाई सोरेन एक्शन में, रांची डीएसपी करेंगे नेतृत्व**

# जेएसएससी पेपर लीक मामले में एसआईटी का हुआ गठन

### सदर डीएसपी करेंगे नेतृत्व

सत्य शरण/सौरभ। रांची

विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद से ही सीएम चंपाई सोरेन एक्शन मोड में आ गये हैं. जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार के आदेश पर एसआईटी का गठन कर दिया गया है. रांची के सदर डीएसपी संजीव बेसरा के नेतृत्व में टीम बनायी गयी है. इसमें चार पुलिस निरीक्षक समेत कई जवान भी शामिल हैं. रांची एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

बता दें कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी को हुई थी. लेकिन परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया था. इसके बाद तत्कालीन सदर डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी बनी था, लेकिन उनका ट्रांसफर हो गया. अब फिर से एसआईटी का गठन किया गया है. एसआईटी को जल्द से जल्द अभियुक्तों की शिनाख्त और उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है. बता दें कि सोमवार को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में चंपाई सोरेन की सरकार ने बहुमत हासिल किया और मंगलवार को ही बड़ा एक्शन लेते हुए सरकार ने जांच का आदेश दे दिया.

**नामकुम थाने में दर्ज है मामला :** इस संबध में नामकुम थाना कांड संख्या 45/24, दिनांक 29 जनवरी 2024 को आईपीसी की धारा - 467/ 468/420/120बी., 66 आईटी एक्ट समेत कई अन्य धाराओं में अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है. अगर परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के तहत कठोर सजा और जुर्माना के प्रविधान है.

**वाट्सएप पर वायरल हुए थे सवालों के जवाब :** बता दें कि परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्रों के जवाब वाट्सएप पर वायरल कर दिये गये थे. इसके बाद ही कुछ अभ्यार्थियों ने पेपर लीक होने की आशंका जताई थी. कहा गया कि एग्जाम से पहले ही वाट्सएप पर कुछ प्रश्न पत्रों के उत्तर दिखने लगे थे. पता चला कि ये सभी जवाब परीक्षा में पूछे गए सवालों से संबंधित थे. इसके बाद परीक्षार्थियों ने इसका जम कर विरोध करना शुरू कर दिया. उनकी मांग परीक्षा को रद्द कराने के साथ मामले की सीबीआई जांच कराने की भी थी.

### ईडी दर्ज करेगी ईसीआईआर

जेएसएससी पेपर लीक मामले की ईडी जांच करेगी. इस मामले को लेकर ईडी की टीम जल्द ही ईसीआईआर (Enforcement Case Information Report) दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू करेगी. गौरतलब है कि इस मामले को लेकर ईडी ने रांची पुलिस को पत्र लिखकर जेएसएससी के द्वारा नामकुम थाना में दर्ज कराई गई एफआईआर की कॉपी मांगी है. जेएसएससी की ओर से आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का प्रश्न पत्र लीक हो गया था. प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है. आयोग की प्रभारी अवर सचिव मधुमिता कुमारी ने नामकुम थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. प्राथमिकी में कहा गया है कि 28 जनवरी को परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया. इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से आयोग को मिली. इस मामले में धारा 467, 468, 420 (120बी), आईपीसी 66 आईटी एक्ट और झारखंड कंडक्ट ऑफ एग्जामिनेशन एक्ट 2001 के तहत मामला दर्ज किया गया है. यहां बता दें कि आयोग ने तृतीय पाली की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने वजह से रद्द कर दी थी. लेकिन पेपर लीक को लेकर रांची स्थित जेएसएससी कार्यालय के बाहर हुए हंगामे और धक्का मुक्की को बाद आयोग ने पूरी परीक्षा ही रद्द कर दी.

**नया कानून : उत्तराखंड विस में समान नागरिक संहिता बिल पेश**

# शादी के एक साल बाद तक नहीं ले सकेंगे तलाक

एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य विधानसभा में मंगलवार को समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया. अब राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक कानून बन जाएगा. समान नागरिक संहिता विधेयक पास होने के बाद कानून बन जाएगा. इसके साथ ही देवभूमि उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला आजादी के बाद पहला राज्य होगा.

कानून बनने के बाद ये सभी लोगों पर लागू हो जाएगा. हालांकि, इस कानून के प्रावधान अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों पर लागू नहीं होंगे. सूत्रों के अनुसार, मसौदे में 400 से ज्यादा धाराएं हैं, जिसका लक्ष्य पारंपरिक रीति-रिवाजों से पैदा होने वाली विसंगतियों को दूर करना है.

### बहुविवाह पर लगेगी रोक

कुछ कानून में बहु विवाह करने की छूट है. चूंकि हिंदू, ईसाई और पारसी के लिए दूसरा विवाह अपराध है. इसलिए कुछ लोग दूसरा विवाह करने के लिए धर्म बदल लेते हैं. समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने के बाद बहुविवाह पर रोक लगेगी. बहुविवाह पर भी पूरी तरह से रोक लग जाएगी. विवाह की न्यूनतम उम्र कहीं तय तो कहीं तय नहीं है. एक धर्म में छोटी उम्र में भी लड़कियों की शादी हो जाती है. वे शारीरिक व मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होतीं. जबकि अन्य धर्मों में लड़कियों के 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष की उम्र लागू है. कानून बनने के बाद युवतियों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल तय हो जाएगी. कोई भी युवक या युवती शादी के एक साल तक किसी भी हालत में तलाक नहीं दे सकेंगे.




### बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन में रहने पर जेल

इसके साथ ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा. समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा. रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं. रजिस्ट्रेशन के तौर पर जो रसीद युगल को मिलेगी उसी के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा. यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है. इसके मुताबिक, सिर्फ एक व्यस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे.

### ऐसे खत्म कर सकेंगे रिलेशनशिप

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले दोनों पार्टनर में से कोई एक भी अगर इसे खत्म करना चाहता है, तो इसकी जानकारी भी देनी होगी. दोनों में से कोई एक इसे खत्म करना चाहता है तो उन्हें इसकी डिक्लेरेशन देनी होगी. लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों की उम्र 21 साल से कम है और वो इसे खत्म करना चाहते हैं तो रजिस्ट्रार इसकी जानकारी उनके माता-पिता या गार्जियन को देनी होगी.

**आप ने ईडी पर लगाए बड़े आरोप**

# कोर्ट में वीडियो रखे गए तो ऑडियो ही गायब थे : आप

एजेंसी। नयी दिल्ली

**खास बात**

- ईडी ने आप के ऑडियो डिलीट करने के आरोप को किया खारिज

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के करीबियों के घर पर ईडी रेड के बाद आप ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है. आप ने कहा कि ईडी चुनाव के वक्त भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य करती है. आम आदमी पार्टी ने बीजेपी की केंद्र सरकार और ईडी को निशाने पर लिया. ये पूरा मामला बयानबाजी पर आधारित है, क्योंकि कोई तथ्य तो है नहीं कोई, सबूत तो मिला नहीं. हमारे केस में जो शराब घोटाला है उसमें 19 जुलाई को कोर्ट ने फिर से दोहराया कि हर बयान हर कन्फर्टेशनल बिटवीन थे, सरकारी गवाह थे कैमरा मॉनिटर्ड वीडियो और ऑडियो दोनों होना अनिवार्य होगा. आप के प्रवक्ता ने कहा कि 3 फरवरी को जब एक एक्यूज्ड कोर्ट में देखा कि उनकी जो वीडियो और ऑडियो के तहत रिकॉर्डिंग हुई थी उसके बिल्कुल विपरीत लिखित में बयान में उसने कोर्ट में कहा कि भाई मैं तो यह बोला ही नहीं था. यह गलत बयानबाजी सबमिट कर रहे हैं. जब कोर्ट में वीडियो रखे गए तो उसमें ऑडियो ही गायब थे. उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रमुख सहयोगी ईडी 1000 रेड के बाद भी घोटाला साबित करने में नाकाम रही. ईडी पर आरोप लगाते हुए हुए आप प्रवक्ता ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया.

ब्रीफ खबरें

## 2.82 करोड़ से 3 जिलों के जेलों में होगी मरम्मत

**रांची।** रांची समेत तीन जिलों के जेल की मरम्मत व निर्माण कार्य होगा. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.82 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है. जिन जिलों के जेल में मरम्मति व निर्माण कार्य होगा, उसमें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, घाघीडीह जेल जमशेदपुर और सरायकेला जेल शामिल हैं. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार में एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में सीढ़ी का निर्माण, किचन की मरम्मत, ऊपर डिवीजन वार्ड, बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा. वहीं घाघीडीह जेल जमशेदपुर में बाउंड्री वॉल, हाई मास्ट लाइट और सरायकेला जेल में वार्ड नंबर एक और पांच की मरम्मत, कारा गुमटी की मरम्मत और सेल की मरम्मत की जाएगी.

## कांग्रेस की जंबोजेट चुनाव कमेटी की घोषित

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव कमेटी की घोषणा कर दी गयी है. टीम में 33 नेताओं को जगह मिली है. इसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम, डॉ अजय कुमार, डॉ रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, प्रणव झा, दीपिका पांडेय सिंह, कालीचरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, ब्रजेंद्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, विमला कुमारी, मणिशंकर, निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलखो और सतीश रजक को शामिल किया गया है.

### सिर्फ 43 मछुआरों को मिला है ग्रुप एक्सीडेंटल इंश्योरेंस स्कीम का क्लेम

# झारखंड में 1.64 लाख मछुआरे 22731 को ही मिला मछुआ आवास




प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में मछुआरों को अब तक पूरी तरह से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. राज्यभर में मछुआरों की संख्या 164979 है. इसमें से सिर्फ 22731 मछुआरों को ही पक्का मछुआ आवास और वेद व्यास आवास का ही लाभ मिल पाया है. वहीं राज्यभर में मत्स्य मित्रों की संख्या 8356 है. फिशरीज कोऑपरेटिव सोसाइटी की संख्या 488 है, जिसमें 32635 सदस्य हैं. इसके बावजूद इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है.

**2000 लोगों ने मछली व्यवसाय को चुना :** 20 हजार विस्थापित परिवारों में से लगभग 2000 लोगों ने मछली व्यवसाय को चुना. शेष परिवार मजदूरी के लिए दूसरी जगहों पर चले गए. आज भी लगभग 18 हजार विस्थापित परिवारों के लिए रोजगार का अवसर देना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है.

### क्या है राज्य में मत्स्य पालन की स्थिति

- प्राइवेट टैंक की संख्या : 130080
- सरकारी टैंक की संख्या : 17959
- कुल 148039 टैंक से 86567.37 हेक्टेयर में होता है मछली पालन
- रिजर्व वायर की संख्या : 436
- रिजर्व वायर से 145426 हेक्टेयर में होता है मछली पालन
- चैक डैम की संख्या : 9360, इसमें 10056 हेक्टेयर में मछली पालन
- कोल पिट और माइंस की संख्या 1741, इसमें 9880 हेक्टेयर में होता है मछली पालन
- मनरेगा कुंआं की संख्या : 204000
- डोभा की संख्या 135297, इसमें 6490.04 हेक्टेयर में मछली पालन
- इंस्टॉल्ड केज की संख्या : 7840
- एक केज में तीन से चार टन मछली उत्पादन
- वर्तमान में मछली उत्पादन 2570 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष
- वर्तमान में राष्ट्रीय औसत 3000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष
- विभाग की हेचरी की संख्या- 18
- निजी हेचरी की संख्या 106
- पोर्टेबल हेचरी की संख्या : 137
- फिश फार्म की संख्या- 88

## चांडिल डैम का दंश झेल रहे मछुआरे



चांडिल डैम का दंश भी मछुआरे झेल रहे हैं. बांध के कारण उनकी जमीन चली गई. 116 गांव के लगभग 20 हजार से अधिक परिवारों को विस्थापित होना पड़ा है. इस समस्या के समाधान के लिए सरकार ने मछली पालन के लिए केज कल्चर योजना की शुरुआत की थी. इसका मुख्य कारण था कि विस्थापित लोगों के आजीविका का अवसर प्रदान करना था. केज कल्चर के लिए 126 मॉड्यूलर पिंजरा भी प्रदान किया गया.

## स्वास्थ्य विभाग में अवैध प्रतिनियुक्तियों को करें रद्द : सरयू

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में पांच फरवरी को की गई अवैध प्रतिनियुक्तियों को रद्द करने की मांग की है. कहा है कि 31 जनवरी की शाम को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दिये जाने तथा उसी रात राज्यपाल द्वारा उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिये जाने के बाद तत्कालीन सरकार स्वतः भंग हो गई. इसके बाद दो फरवरी को नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण हुआ. इस बीच में स्वास्थ्य विभाग में उपर्युक्त विषयक अधिसूचना तैयार हो गई.

जब भी कोई सरकार बदलती है तो सरकार के अपदस्थ होने के समय जो भी निर्णय संचिका में लिये जाते हैं, उनको रोक दी जाती है. पर स्वास्थ्य विभाग ने सरकार के अपदस्थ होने के बाद उपर्युक्त विषयक अधिसूचना को निर्गत कर दिया है, जो पूर्णतः अवैधानिक है. अधिसूचना में विभाग ने 24 चिकित्सकों की एकमुश्त प्रतिनियुक्ति की है. कार्यपालिका नियमावली के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप ऐसी प्रतिनियुक्तियां मुख्यमंत्री से आदेश लिये बिना नहीं की जा सकती हैं. तत्कालीन मुख्यमंत्री ने अथवा सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में आपने ऐसी किसी संचिका पर आदेश दिया है अथवा नहीं इस विषय में स्वास्थ्य विभाग से आपके स्तर पर जानकारी प्राप्त की जानी चाहिए.

## महाधिवक्ता के पद पर राजीव रंजन पुनः नियुक्त, आदेश जारी

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजीव रंजन को पुनः राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किया है. मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया है. राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद-165 के खंड -(1) के तहत राजीव रंजन को महाधिवक्ता के पद पर पुनः नियुक्ति किया है.

### पेंडिंग फाइलों का मूवमेंट शुरू

# चंपाई सोरेन सरकार बनते ही एक्शन में ब्यूरोक्रेसी

रवि भारती। रांची

झारखंड में चंपाई सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद ब्यूरोक्रेसी एक्शन में आ गई है. पेंडिंग फाइलों का मूवमेंट शुरू हो गया है. सीएम चंपई सोरेन ने भी कहा कि है कि हेमंत सरकार द्वारा किए जा रहे कामों को आगे बढ़ाया जाएगा. सीएम ने अफसरों को यह भी निर्देश दिया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी फाइलों का जल्द से जल्द निपटारा करें, ताकि आम जन को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके. जिला कलेक्टेरियट से लेकर सचिवालय तक लगभग 6000 से अधिक फाइलें पेंडिंग हो गई थीं. पूर्व सीएम के इस्तीफे बाद कई फाइलें जिन पर निर्णय नहीं हो पाया था, वे फाइलें संबंधित विभागों को वापस भी कर दी गई थीं.

**मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद जल्द होगी कैबिनेट की बैठक :** चंपई सरकार का मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही किया जाएगा. मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद जल्द ही कैबिनेट की बैठक होगी.

इसमें कई नीतिगत निर्णय भी लिए जाने की संभावना है. पेंडिग पड़े स्थानांतरण-पदस्थापन की फाइलों पर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा.

### खास बातें

- बड़े पैमाने पर होगा आईएएस व अफसरों का तबादला
- राज्यहित में लिए जाएंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

### इन मसलों पर जल्द होगा निर्णय

- मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों का बंटवारा पर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा
- विभागीय सचिव व विभागों के अन्य अफसरों को भी इधर से उधर किया जाएगा
- चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कई जिलों के डीसी और बीडीओ भी बदले जाएंगे
- नए वित्तीय वर्ष के बजट के प्रारूप भी अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा

सचिवालय सेवा के एक दर्जन से अधिक अफसरों को प्रमोशन भी जल्द मिलेगा. इनके प्रमोशन पर विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में मुहर लग चुकी है. यह बैठक सदस्य राजस्व पर्षद राजीव अरुण एक्का की अध्यक्षता में हुई थी.

CLASSIFIED





### स्वर्णरेखा परियोजना : 129 करोड़ की योजना, 43 साल में 116 गुना लागत बढ़ी

# जल संसाधन विभाग बना रहा है रिपोर्ट 15 हजार करोड़ में पूरी होगी योजना

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड उच्च न्यायालय की इन्क्वायरी के बाद जल संसाधन विभाग स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना की रिपोर्ट तैयार कर रहा है. हाईकोर्ट ने पूछा है कि परियोजना के कार्य को किस तरह से बाधित किया गया. वर्ष 2020 से स्वर्णरेखा परियोजना का काम बंद है. अबतक परियोजना पर 6.5 हजार करोड़ से ज्यादा राशि खर्च हो चुकी है. वर्ष 1977 में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना का शुभारंभ हुआ था. उस समय परियोजना की लागत 129 करोड़ रुपये आंकी गयी थी. तब से लेकर वर्ष 2020 (43 वर्ष) तक परियोजना की लागत में 116 गुना की बढ़ोत्तरी हो गई है. परियोजना लागत बढ़कर 15 हजार करोड़ तक पहुंच गयी है.

**9 हजार करोड़ में पूरा होगा 25 % काम :** स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना का अबतक 75 प्रतिशत काम हुआ है. बचा 25 प्रतिशत काम तकरीबन 9 हजार करोड़ में पूरा होगा. केंद्र व राज्य सरकार ने दिसंबर 2019 तक परियोजना कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया था. लेकिन भूमि अधिग्रहण व पुनर्वास नीति की वजह से परियोजना का काम प्रभावित हो गया. इस वजह से पांच हजार करोड़ की बढोत्तरी लागत में हो गई. इस परियोजना से तकरीबन 3 लाख 31 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी. इस परियोजना को लेकर केंद्र के साथ झारखंड, बंगाल व ओडिशा के साथ समझौता हुआ है.



## चांडिल डैम के फाटक में मिली दरार, नहीं हुई मरम्मत

चांडिल डैम के निर्माण पर अरबों रुपये खर्च होने के बाद फाटक नंबर एक के निकट पिलर में लगभग 11 फीट लंबी दरार देखी गई. ओडिशा डैम सेफ्टी से इसकी जांच करायी गयी. जांच के बाद दरार को भरने की योजना बनी, लेकिन आज तक दरार भरने का काम पूरा नहीं हो सका. इस वजह से बारिश के दिनों में दरार से लगातार पानी निकलता है. जो नहर से होते हुए गांवों में प्रवेश कर जाता है.

### राज्यों में कितनी खेतों की सिंचाई का लक्ष्य

परियोजना से झारखंड की 2.36 लाख हेक्टेयर, ओडिशा में 90 हजार और पश्चिम बंगाल में पांच हजार हेक्टेयर खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है.

## सिंचाई, पेयजलापूर्ति व बिजली उत्पादन प्रभावित

स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना से सिंचाई के साथ-साथ 8 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होना था. इसके लिए चांडिल में डैम के साथ गालूडीह में बराज का निर्माण हुआ. इससे जुड़ी नहर और कनेक्टिंग नाले बन कर तैयार हो गये. 50 करोड़ से ज्यादा खर्च कर चाकुलिया में रेल लाइन के नीचे नहर के लिए सुरंग के साथ सुंदरनगर में टनल बनाया गया. लेकिन इसके बाद भी बिजली उत्पादन शुरू नहीं हो सका. इस परियोजना से सिंचाई के साथ पेयजलपूर्ति भी होनी थी. मनगो, आदित्यपुर, चाईबासा, राजनगर आदि क्षेत्र में जलापूर्ति की योजना है.

**प्रमाण पत्र के पेंच में फंस गयी दूसरी किस्त**

केंद्र सरकार ने परियोजना के लिए 28 मार्च 2017 को 254 करोड़ रुपये दिए थे. उपयोगिता प्रमाण पत्र देने पर दूसरी किस्त की राशि देने की बात थी. उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से नहीं जमा करने के कारण दूसरी किस्त की राशि केंद्र से नहीं मिल पायी.

### मौसम का हाल बादल छंटने के बाद 2-3 दिनों में न्यूनतम पारा में गिरावट आएगी

# पश्चिमी विक्षोभ से 10 तक छाए रहेंगे बादल

संवाददाता। रांची

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर कई जिलों में दिखेगा. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 10 फरवरी तक बादल छाये रहेंगे. इसके कारण राज्य में अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है. पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 8.0 एमएम बरही में दर्ज किया गया. वहीं सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.3 डिग्री से. जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री से. गोड्डा में दर्ज किया गया.

### 11 से बारिश और कोहरे की भी है संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 फरवरी को बारिश की संभावना जताई गई है. इन दो दिनों में बारिश के साथ कोहरे होने के भी आसार है.



11 फरवरी को राज्य के पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है. इसमें पश्चिमी हिस्से कोडरमा, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, गढ़वा और पलामू में बारिश होगी. इन जिलों में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा. 12 फरवरी को गुमला, हजारीबाग, रामगढ़, रांची और खूंटी में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है.

### शहर का तापमान



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 15.4 |
| जमशेदपुर | 30.3 | 17.0 |
| डालटनगंज | 27.6 | 15.9 |
| बोकारो थर्मल | 27.1 | 16.5 |
| चाईबासा | 30.0 | 16.0 |
| देवघर | 23.8 | 15.6 |
| गिरिडीह | 23.5 | 15.7 |
| गढ़वा | 25.9 | 16.0 |
| लोहरदगा | 26.9 | 14.9 |
| गोड्डा | 22.3 | 13.2 |

































तापमान
24.6° अधिकतम | 12.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

400 वेराइटी के गुलाब मौजूद हैं राजभवन की बगिया में
पहले दिन सैलानियों की उमड़ी भीड़
3469 लोगों ने किया दीदार

www.lagatar.in | बुधवार, 07 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 290 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## आम लोगों के लिए खुला राजभवन

# 12 फरवरी तक करें दीदार





**रांची।** झारखंड का राजभवन मंगलवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है. लोग 12 फरवरी तर राजभवन का दीदार कर सकेंगे. राजभवन की बगिया में 400 वेराइटी से अधिक के गुलाब मौजूद हैं. पहले दिन गुलाब की वेराइटी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा. इसके अलावा लोगों ने राजभवन में मौजूद 17 हजार से अधिक पौधों को भी देखा जाना समझा. वहीं राजभवन परिसर में एमआईजी 21 विमान को प्रदर्शित किया गया है. जिसे लोगों से देखा. सेल्फी भी ली. आजादी के समय का तोप भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींची. बताते चलें कि राज्यपाल के निर्देश पर राजभवन का उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण व परिदर्शन हेतु 12 फरवरी तक खोला गया है. उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है. उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट नंबर दो से सुरक्षा जांचोपरांत एक बजे अपराह्न तक दिया जाएगा.

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू

# टाटा व अडाणी समूह रेस में

अमित सिंह। रांची

बिरसा एयरपोर्ट के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है. टाटा और अडाणी समुह रांची एयरपोर्ट को लेने के लिए सक्रिय है. दोनों कंपनियों की टीम ने दौरा कर सभी पहलुओं को देखा. इसके बाद से एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान, यात्रियों की संख्या व आय-व्यय का आंकड़ा तैयार हो रहा है. जिसे नागरिक उड्डयन मंत्रालय भेजा जाएगा. केंद्र सरकार के मॉनेटाइजेशन प्लान के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 2025 के शुरू में एयरपोर्ट के निजीकरण की कार्रवाई को पूरा करने का लक्ष्य रखा है. निजीकरण के बाद एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में और इजाफा होगा. एएआई के अनुसार मुनाफा वाले एयरपोर्ट में रांची का नाम नहीं है, ऐसे में निजीकरण से रांची एयरपोर्ट का भविष्य बेहतर होगा.

एएआई 136 एयरपोर्ट का संचालन कर रहा है. इसमें से 25 को अगले साल तक लीज पर देने की तैयारी है. पहले चरण में 8 एयरपोर्ट को पीपीपी मॉडल के तहत एएआई संचालन के लिए दे चुका है. अब दूसरे चरण में रांची अन्य एयरपोर्ट को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी चल रही है. पीपीपी मोड के तहत एयरपोर्ट की जमीन को बेचा नहीं जाएगा, बल्कि लीज पर दिया जाएगा. एयरपोर्ट की संपत्ति का स्वामित्व केंद्र सरकार के पास बना रहेगा. एक निश्चित समय के बाद उनका नियंत्रण लौटाना अनिवार्य होगा. इसी योजना के तहत रांची एयरपोर्ट का संचालन निजी कंपनियों के हाथ में देने की तैयारी चल रही है.

### यात्री सुविधाओं में होगी बढोत्तरी



### विस्तारीकरण में तेजी लाने का निर्देश

रांची एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का भी काम चल रहा है. पीपीपी मोर्ड पर देने से पहले विस्तारीकरण के काम को भी पूरा करना है. जिससे एयरपोर्ट हैंडलिंग वर्क में लगी कंपनी के जमीन से संबंधित कोई परेशानी का सामना न करना पड़े. विस्तारीकरण कार्य में तेजी के लिए खुद रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मॉनिटरिंग कर रहे हैं. जिला प्रशासन और रांची एयरपोर्ट के अफसरों के साथ बैठक कर रहे हैं. विस्तारीकरण योजना के तहत निर्माण कार्य में आ रही जमीन आदि की परेशानियों को दूर कराने का काम कर रहे हैं.

### 372 एकड़ में हो रहा विस्तारीकरण

रांची एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए 372 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है. राज्य सरकार की ओर से जमीन मालिकों को मुआवजा भी दिया जा चुका हैं. इसके बाद भी विस्तारीकरण में परेशानियां आ रही हैं. अगर विस्तारीकरण का काम अधर में लटका, तो रांची एयरपोर्ट के पीपीपी मोड पर देने में भी विलंब होगा. क्योंकि विस्तारीकरण का कार्य संपूर्ण होने के बाद ही एयरपोर्ट के निजीकरण के लिए बोली लगेगी. रांची एयरपोर्ट के विस्तारीकण पर 100 करोड़ खर्चने की योजना है. दूसरी तरफ कार्गो के लिए राज्य सरकार से अतिरिक्त 202.78 एकड़ जमीन देने का आग्रह किया गया है.

### एयरपोर्ट को आईएसओ प्रमाण पत्र

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को आईएसओ ईएमएस (एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस सिस्टम) का प्रमाण पत्र मिल चुका है. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रमाण पत्र दिया था. इस प्रमाण पत्र के बाद ही रांची एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रयास शुरू हुआ. रांची एयरपोर्ट को सुरक्षित और स्मूथ एयर ट्रैफिक सुविधा वाला बनाया गया. रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों को बेहतर सुविधा मिले, इंटरनेशल उड़ान शुरू हो, इसके लिए रांची एयरपोर्ट में कई बदलाव करने का निर्देश दिया गया है. जिसके बाद से पार्किंग, टर्मिनल बिल्डिंग, बोर्डिंग एरिया, इंटरनेशनल टर्मिनल बिल्डिंग आदि में बदलाव किए जा रहे हैं.

### यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा

रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में 370 घरेलू उड़ानें संचालित हैं. हर महीने 2 लाख 20 हजार यात्री उड़ान भर रहे हैं. यह पिछले साल की तुलना में करीब 45 हजार से अधिक है. यात्रियों की संख्या में दोगुना से भी ज्यादा इजाफा हुआ है. रांची से वर्ष 2020-21 में 260 टन और 2021-22 में 470 टन फल और सब्जियां कार्गो से भेजी गई हैं. नागर विमानन मंत्रालय की संचालित कृषि उड़ान योजना 2.0 के तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को शामिल किया है.

### 8 वर्ष में 20 विमानों का बढ़ा परिचालन

रांची से वर्तमान में अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और पुणे के लिए विमान सेवा उपलब्ध है. जल्द ही जेट एयरवेज की भी उड़न शुरू हो सकती है. प्रक्रिया अंतिम चरण में है. रांची से दरभंगा, बनारस, जयपुर, भोपाल, गोवा, देवघर और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सीधी विमान सेवा के लिए डिमांड बढ़ रही है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में रांची एयरपोर्ट से केलव 14 विमान उड़ान भरते थे. अब विमानों की संख्या बढ़ कर 34 तक पहुंच गयी है. यानी आठ वित्तीय वर्ष के दौरान रांची एयरपोर्ट पर नए 20 विमानों का परिचालन शुरू हुआ.

# चंपाई सरकार का कैबिनेट विस्तार कल



कौशल आनंद। रांची

- मंत्रियों की सूची आज सीएम राजभवन को भेजेंगे, शपथ ग्रहण के बाद होगी कैबिनेट की बैठक
- झामुमो कोटे में रिक्त हुए एक बर्थ पर कई नामों की चर्चा, 12 वें बर्थ पर सस्पेंस कायम

राज्य की नयी चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार अब 8 फरवरी को होने की संभावना है. राजभवन में मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा. शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट की बैठक होगी. जिसमें अहम निर्णय लिए जाएंगे. मंत्रिमंडल विस्तार के बाद 8 फरवरी को देर शाम तक विभागों का बंटवारा मुख्यमंत्री कर देंगे. मालूम हो कि पूर्व में 7 फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार की बातें सामने आयी थी. मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद चंपाई सोरेन ने कहा था कि विश्वासमत हासिल करने के बाद 7 फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार होगा. मगर एक झामुमो नेता के अनुसार अब विस्तार 8 फरवरी को होगा.

चूंकि मार्च में लोकसभा चुनाव का एलान हो सकता है. इसलिए न झामुमो और न ही कांग्रेस अपने पुराने मंत्रियों को बदलने का जोखिम उठाना चाहती है. इसलिए इसकी पूरी संभावना है कि हेमंत सरकार के सभी पुराने मंत्री कंटीन्यू होंगे. केवल दो बर्थ पर ही नए चेहरे आने की संभावना है. हेमंत सोरेन के हटने के बाद एक बर्थ झामुमो कोटे का रिक्त हुआ है, वहीं 4 साल तक रिक्त रहे 12 वें बर्थ को भी इस बार भरने की संभावना जतायी गयी है. अगर झामुमो के रिक्त एक बर्थ की बात की जाए तो इसमें कई नामों की चर्चा है. जिसमें सबसे आगे नाम सोरेन परिवार के दो सदस्य सीता सोरेन और बंसत सोरेन के नाम आ रहे हैं. जबकि सीनियारटी के हिसाब से देखा जाए तो वर्तमान सरकार से लगातार नाराज चल रहे झामुमो के सीनियर विधायक लोबिन हेंब्रोम, पूर्व मंत्री और सीनियर विधायक स्टीफन मरांडी के नाम भी सामने आ रहे हैं.

नाराज चल रहे लोबिन हेंब्रम 4 फरवरी को शिबू सोरेन से मिले थे और मंत्रणा की थी. इसके बाद उन्होंने चंपाई सरकार को समर्थन देने का एलान किया था. अगर नाराजगी की बातें करें तो दो टर्म के विधायक रहे चमरा लिंडा भी काफी अरसे से नाराज चल रहे हैं, अब उनकी नाराजगी कैसे दूर हुई, कैसे सदन में आकर सरकार को समर्थन दिया. यह भी एक बड़ा सवाल है. इसलिए झामुमो कोटे से नया मंत्री कौन होगा यह सोरेन परिवार के निर्णय पर निर्भर करेगा.

### 12 वीं बर्थ पर सबकी नजर

चार साल से रिक्त चल रहे 12 वें बर्थ पर झामुमो और कांग्रेस में जिच अब भी कायम है. यह बर्थ किसके हिस्से जाएगी. यह भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. मगर इतना तय है कि 12 वीं बर्थ इस बार भरी जाएगी. कांग्रेस शुरू से ही 12वें मंत्री पद पर दावा करती आयी है. मगर हेमंत सोरेन ने इसे पूरा नहीं किया. रिक्त ही रखा. अब बदले नए राजनीतिक हालात में यह किसके हिस्से जाती है. यह देखने वाली बात होगी. अगर यह कांग्रेस के कोटे में जाती है, तो वह कौन होगा. इसपर से भी अभी पर्दा उठना बाकी है.

### सीएम के प्रेस सलाहकार बने धर्मेंद्र गोस्वामी



**रांची।** धर्मेंद्र गोस्वामी को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का प्रेस सलाहकार नियुक्त किया गया है. धर्मेंद्र गोस्वामी सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर के रहने वाले हैं. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. अधिसूचना में कहा गया है कि यह पद गैर संवर्गीय होगा और पद धारक का कार्यकाल मुख्यमंत्री की इच्छा या मुख्यमंत्री के कार्यकाल तक सीमित रहेगा.

## ईडी की टीम भानु को जेल से अपने ऑफिस ले आई



संवाददाता। रांची

सीआई भानू प्रताप को होटवार जेल से लेकर मंगलवार को ईडी की टीम रांची ऑफिस पहुंची. भानू से ईडी की टीम अगले चार दिनों तक पूछताछ करेगी. अब ईडी की टीम हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर जमीन घोटाला मामले में पूछताछ कर सकती है. वहीं दूसरी तरफ बड़गाईं अंचल के प्राइवेट अमीन शसेंद्र महतो को समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया है.

- *आरोपी के साथ इस पूरे प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने के लिए पूछताछ जरूरी है.*
- *धन और संपत्ति के उन स्रोतों की जांच करना, जिसके जरिए बड़े भूखंड पर कब्जा किया गया और आरोपी द्वारा अर्जित की गयी अन्य संपत्तियों की जांच के संबंध में पूछताछ जरूरी है.*
- *ईडी के पास जो साक्ष्य हैं, उसे आरोपी के समक्ष रखकर पूछताछ की जाएगी. जिससे यह पता चल पाए कि आरोपी के साथ भूमि के अवैध अधिग्रहण में और कौन-कौन शामिल*



**शुरू हुई बोर्ड की परीक्षाएं:** झारखंड में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गयी हैं. रांची के विद्यालय में परीक्षा देने पहुंची छात्राओं की टोली. ।फोटो-रमीज

## ईडी ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह से की पूछताछ

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को आर्किटेक्ट विनोद सिंह से पूछताछ की. विनोद सिंह ईडी ऑफिस कई दस्तावेज लेकर पहुंचे थे. दस्तावेजों की जांच और पूछताछ के बाद शाम को विनोद ईडी ऑफिस से निकल गए. विनोद सिंह सत्ता शीर्ष के करीबी हैं. उन्हें ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद जमीन घोटाला मामले में कई अहम खुलासे हो सकते हैं. कई अहम जानकारियां इससे निकलकर सामने आ सकती हैं. बीती तीन जनवरी को आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर में ईडी ने छापेमारी की थी. इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच एजेंसी को मिली थी. इसी एवज में 15 जनवरी को ईडी ने विनोद सिंह को अपने जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन ईडी दफ्तर में विनोद सिंह उपस्थित नहीं हुए थे.

## न्यू जेवियर नगर के लोग पुल निर्माण में देरी से हो रहे परेशान



तरुण कुमार चौबे। रांची

खेलगांव स्थित न्यू जेवियर नगर के लोग पिछले तीन महीने से मुख्य सड़क तक आने के लिए परेशान हैं. इलाके में जिनके पास कार है, उन्हें गाड़ियां कहीं और पार्क करनी पड़ रही हैं. दरअसल कोकर चौक से बूटी मोड़ के रास्ते में खेलगांव चौक से पहले बांई तरफ न्यू जेवियर नगर है. इलाके में हजारों की आबादी है. लेकिन न्यू जेवियर नगर को मुख्य सड़क से जोड़ने का रास्ता एक ही है. इस रास्ते में छोटा सा पुल पड़ता है, जिसमें महीनों से निर्माण कार्य चल रहा है. इसके लंबा खिंचने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है.

**तीन बार काम रोका गया :** नगर निगम के द्वारा 6.5 लाख की लागत से इस पुल का निर्माण करवाया जा रहा है. इसको पूरा करने का समय जनवरी महीना था. लेकिन अभी तक आधा पुल का निर्माण भी नहीं हुआ है. मजदुरों के अनुसार पुल में अभी एक महीने से अधिक का समय लगेगा. टेंडर निकलने के बाद से तीन बार निर्माण कार्य शुरू करने कि कोशिश की गई. लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के चलते काम शुरू नहीं हो पाया. चौथी कोशिश में पुल का निर्माण कार्य शुरू हो पाया है.

### क्या कहते हैं लोग


लोगों ने बताया कि निर्माण में देरी से उन्हें अपने वाहन घर तक लाने में काफी दिक्कत होती है. जिनके पास कार हैं वह पिछले कई महीनों से इलाके के बाहर ही गाड़ी पार्क कर रहे हैं. इस पुल को छोड़ कर घर तक गाड़ी लाने के लिए उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है.

- **ठेकदार काम में कर रहे देरी: अशोक झा :** स्थानीय अशोक झा ने कहा कि पुल निर्माण के लिए ठेकेदारों ने 5 महीने से गड्डा खोद दिया गया है. जिसकी वजह से गाड़ी लाने ले जाने में काफी परेशानी हो रही है. काम की रफ्तार धीमी होने से छोटे से पुल को बनाने में इतने महीने लग रहे हैं.
- **बेटी की शादी में आ सकती है दिक्कत : रानी मुंडा :** स्थानीय रानी मुंड़ा ने कहा कि उनकी बेटी की शादी कुछ महीने बाद है. पुल नहीं बन पाया, तो उन्हे शादी के लिए दूसरा स्थान खोजना होगा. गड्ढा खोद कर छोड दिया. जिससे इलाके में लोगों को बिना गाड़ी के रहना पड़ रहा है.
- **3 महीने से गाड़ी सड़क किनारे पार्क कर रहा: रमेश सिंह :** रमेश सिंह ने कहा कि पुल का कार्य चलने उन्हें गाड़ी 3 महीने से सड़क किनारे पार्क करनी पड़ रही है. उनका कहना है कि रोज उन्हें डर लगा रहता है कि गाड़ी चोरी ना हो जाए. इसके साथ घर के बुजुर्ग को बीमार पड़ने पर कहीं आने जाने में परेशानी हो रही है.

## प्रेम का पर्व | तन वसंती, मन वसंती हो चला

# प्रेमी जोड़ों का सप्ताह वैलेंटाइन वीक आज से शुरू


जयंती कच्छप। रांची



रोज डे के साथ 7 फरवरी को प्रेमी जोड़ों के लिए प्रेम प्रदर्शन सप्ताह प्रारंभ होगा, जिसे आम तौर पर वैलेंटाइन वीक कहा जाता है. इसकी शुरुआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी. दुनिया भर के प्रेमी जोड़े साल भर से वैलेंटाइन वीक का इंतजार करते हैं. प्रेमी और प्रेमिकाएं एक दूसरे को तोहफा एवं नजराने भेंट करते हैं. वैलेंटाइन वीक का दूसरा दिन 8 फरवरी को प्रपोज़ डे होगा, जबकि 9 फरवरी को चॉकलेट डे, 10 फरवरी को टेडी डे, 11 फरवरी को प्रॉमिस डे, 12 फरवरी को हग डे और आख़िर में 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया गया. रोज डे के दिन युवा अपने चाहने वाले को गुलाब देकर रोज डे विश करेंगे.

वैलेंटाइन वीक के लिए रांची बाजार सजधज कर पूरी तैयार है. बाजार में रोज, टेडी एवं चॉकलेट की खरीदारी होने लगी है. आम दिनों में 20 रुपये में मिलने वाला रोज, वैलेंटाइन डे के अवसर पर 30, 35, 40 रुपये की कीमत पर बिकने लगा है. रोज डे के दिन लोग अपने चाहने वालों को गुलाब देकर, उनके प्रति प्रेम दिखाते हैं. प्रपोज डे पर प्रेमी अपनी प्रेमिका को गुलाब देकर प्रेम का इजहार करते हैं. इसी प्रकार टेडी डे पर टेडी बेयर एवं चॉकलेट डे पर चॉकलेट देते हैं. दुकानों में टेडी बेयर के अलावा सॉफ्ट टॉय, दिल के आकार के कुशन, हाथी, डॉल्फिन, कछुआ, कार्टून कैरेक्टर की सभी वेराइटी उपलब्ध हैं. रांची के वेंडर मार्केट के संजय साहू ने बताया कि वैलेंटाइन वीक पर नए कलेक्शन हैं. बाजार में सभी कलर, साइज के टेडी बेयर उपलब्ध है. खास तौर पर प्रिंटेड टेडी बेयर इस वर्ष नया और यूनिक हैं, जिसकी कीमत एक हजार रुपये से शुरू होती है. बाकी छोटे बड़े टॉय की कीमत 100 रुपये से शुरू होकर 4 हजार रुपये तक है. चॉकलेट में भी वैराइटी नजर आ रही है. छोटे-छोटे बॉक्स पर गिफ्ट रैप कर चॉकलेट जिनकी कीमत 60 रुपये से शुरू है. लोग अपने मन पसंद के मुताबिक चॉकलेट पैक करा रहे हैं. उनमें डेरी मिल्क, फाइब स्टार, फरेरो रोचेर आदि शामिल हैं.

### वैलेंटाइन कौन थे



रोम में एक पादरी थे, जिनका नाम संत वैलेंटाइन था. वैलेंटाइन दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने में विश्वास रखते थे, जो रोम के राजा क्लॉडियस को बिल्कुल भी पसंद नहीं था. राजा की सोच थी कि प्रेम और विवाह का इंसान की बुद्धि पर प्रभाव पड़ता हैं. इस कारण राजा के सभी सैनिक अविवाहित थे. राजा के विरोध करने पर भी संत वैलेंटाइन ने रोम के लोगों को प्रेम और विवाह के प्रति प्रेरित किया, ताकि प्यार को बढ़ावा मिल सके. इस बात से क्रोधित होकर राजा ने पादरी संत वैलंटाइन को 14 फरवरी, 269 ईस्वी को फांसी पर चढ़ा दिया. तब से आज तक हर साल इस दिन को प्यार का दिन यानी वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है. बता दें कि संत वैलेंटाइन ने अपनी मौत के दौरान अपनी आंखों को जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को दान कर दिया था और उन्होंने एक पत्र में लिखा **''तुम्हारा वैलेंटाइन''**.

झारखंड विधानसभा में सीएम चंपाई सोरेन के फ्लोर टेस्ट के लिए आहुत विशेष सत्र का समापन हो गया. स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है. मंगलवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जो योजनाएं बनाई हैं, हम उन योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार पार्ट 2 बने हैं. हमारी सरकार हेमंत सरकार का पार्ट 2 है. हम इसे स्वीकार करते हैं. बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज जो खुद को भाजपा का बड़ा हिमायती कहते हैं. वह पहले मुख्यमंत्री थे. भाजपा ने उन्हें अयोग्य घोषित कर 2 साल में चेंज कर दिया. उस समय तो कोई राजनीतिक परिस्थिति पैदा नहीं हुई थी.

# मानते हैं हम हेमंत सरकार के पार्ट 2 हैं : चंपाई





## लाख साजिशों के बाद भी सरकार नहीं गिरी : आलमगीर

राज्यपाल के अभिभाषण पर मंत्री आलमगीर आलम ने सरकार की ओर से उत्तर दिया. उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ाएगी. कहा कि हमारी सरकार 2019 में आई थी. यह सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह पहले दिन से ही हमारी सरकार को गिराने के षडयंत्र रचे. सरकार गिरी नहीं, लेकिन हेमंत सोरेन के इस्तीफे का कारण नेतृत्व परिवर्तन हुआ इसलिए इस सरकार का नाम हेमंत सरकार पार्ट 2 है. हेमंत सरकार के अधूरे कामों को हमारी सरकार पूरी करेगी. आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये हेमंत सरकार ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी है. भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग प्रदेश की कानून व्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन इनमें मणिपुर की हालत पर बोलने की हिम्मत नहीं है.



## निशिकांत दुबे के इशारों पर चल रही भाजपा: दीपिका

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कल जो कुछ सदन में हुआ, उसे पूरे देश ने देखा. संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के आचरण को सबने देखा. सोमवार को भाजपा के एक-एक विधायक की नजर शर्मिंदगी से झुकी हुई थी. राज्यपाल अभिभाषण पढ़ रहे थे, सरकार के कामकाज की तारीफ कर रहे थे, लेकिन उनके बॉडी लैंग्वेज से लग रहा था, वे सरकार से सहमत नहीं थे. सांसद निशिकांत दुबे पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा निशिकांत दुबे के इशारों पर चल रही है. भावुक होकर दीपिका ने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल से बाहर निकलेंगे, तब कुंदन की तरह तपकर बाहर आएंगे.

## बहुमत के बाद भी 40 घंटे क्यों लगे सीएम के शपथ ग्रहण में: मिथिलेश

विधायक मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हमलोगों ने राज्यपाल को 43 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंप कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था, लेकिन क्या वजह है कि चंपाई सोरेन को सरकार बनाने का आमंत्रण मिलने में 40 घंटे लग जाते हैं. जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में मुख्यमंत्री का इस्तीफा और फिर दोबारा शपथ ग्रहण सिर्फ 4 घंटे में हो जाता है. इसका जवाब राज्यपाल को देना होगा.

**विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

*राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक*

## सरयू राय और बन्ना गुप्ता भिड़े

विधायक सरयू राय ने कहा कि 31 जनवरी से दो फरवरी (12.15 तक) तक राज्य में कोई सरकार नहीं थी, लेकिन इसी बीच स्वास्थ्य विभाग ने 24 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की अधिसूचना तैयार कर दी और 5 फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी गई. उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह असंवैधानिक है. इसी दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन्हें टोका. सरयू इससे नाराज हो गये. गुस्से में कहा ये कौन हैं. इस दौरान दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई.

### राम नाम पर सदन में जमकर विवाद

विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चंपाई सोरेन को ऐसा लग रहा होगा कि वे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के कारण सीएम बन गये हैं, लेकिन ऐसा नहीं है. 22 फरवरी को राम धरा पर आये थे, जिसकी वजह से चंपाई सीएम पद पर विराजमान हुए. इसपर सत्ता पक्ष के विधायकों ने भानु को खूब खरी खोटी सुनाई. कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि क्या यही लोग भगवान राम के दूत हो गये हैं. झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि भगवान राम सबको लाये और ये उन्हीं को लाने की बात कह रहे. इससे बड़ी बेशर्मी क्या होगी. इस दौरान भानु ने सदन में जय श्री राम के नारे लगाये.

### तीन बार असंसदीय शब्दों का प्रयोग

राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने राज्यपाल की कार्यशैली पर सवाल उठाये. इस दौरान विधायक इरफान अंसारी ने आवेश में राज्यपाल के खिलाफ असंसदीय शब्दों का प्रयोग कर दिया. हालांकि उसे स्पंज कर दिया गया. बात यहीं नहीं रुकी सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सदन में आवेश में आकर कई बार असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया. कुल तीन बार ऐसे शब्द आये, जिसे स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही से स्पंज करवा दिया.

## राज्यपाल के किन दायित्वों के प्रति आभार व्यक्त करें: विनोद सिंह

विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आखिर वे राज्यपाल के किन दायित्वों के प्रति आभार व्यक्त करें. राज्यपाल अपने कर्तव्यों का कितनी ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं. राजभवन से हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई थी. वे चाहते तो राजभवन में ऐसा नहीं होता. हेमंत सरकार ने सदन से स्थानीयता नीति और ओबीसी आरक्षण जैसे कई विधेयक पारित कर राज्यपाल के पास भेजे, लेकिन उन्होंने अडंगा लगा दिया. शायद यही कशमकश कल उनके अभिभाषण में दिख रही होगी.

## जनादेश के हरण का कुंठित प्रयास किया गया: सुदिव्य सोनू



झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि 2019 में राज्य की जनता ने हेमंत सरकार को जनादेश दिया था, लेकिन भाजपा ने जनादेश का हरण करने का कुंठित प्रयास किया. इस हरण में राजभवन की भूमिका भी संदिग्ध हो जाए तो सवाल उठना लाजिमी हो जाता है. राजभवन की शुचिता और मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है. 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद इनके मुंह से लार टपक रही थी की सरकार बनाएंगे, लेकिन आंकड़े तो इनके पास थे नहीं. राज्य के जनादेश का हरण करने वालों को जनता चुनाव में सबक सिखायेगी. विधायक ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे कि परिवारवाद से मुक्ति हो गई, लेकिन उन्हें अपनी पार्टी में परिवारवाद नहीं दिखता है. भाजपा को सींचने वाले विधायक बैक बेंचर बने हुए हैं. इनको अपनी पार्टी के भानु प्रताप, अपर्णा सेनगुप्ता, अमित मंडल और जेपी पटेल जैसे नेताओं में परिवारवाद नहीं दिखता है.

### भाजपा वाले तानाशाह हैं, लोकतंत्र को कमजोर कर रहे : प्रदीप यादव

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा वाले तानाशाह लोग हैं. ये पूरी तरह तानाशाही पर उतर गये हैं. ये लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं. सड़क पर इनका विरोध करिये तो गिरफ्तार कर लिए जाएंगे. सदन में विरोध करिये तो निलंबित कर दिये जाएंगे. ये लोग जमीन लूट की बात करते हैं, लेकिन बताएं कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन कर किसने आदिवासियों की जमीन लूटने का प्रयास किया था.

### भाजपा ऑफिस से चल रहा है राजभवन: इरफान अंसारी

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार का आईना पढ़ा है. भाजपा उसमें अपना चेहरा देख ले. कहा कि हमलोग साउथ इंडिया जाते हैं तो वहां के लोग, वहां के कल्चर को पसंद करते हैं, लेकिन राज्यपाल को झारखंड के लोग आखिर पसंद क्यों नहीं हैं. इरफान ने कहा कि राज्यपाल राजभवन में बैठे हैं, लेकिन राजभवन भाजपा ऑफिस से चल रहा है.

## राज्यपाल की हूटिंग कर नया इतिहास रचने के लिए सत्ता पक्ष को धन्यवाद : लंबोदर महतो

आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि जब राज्यपाल का अभिभाषण हो रहा था, तब सत्ता हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष के तमाम विधायक खड़े होकर राज्यपाल की हूटिंग कर रहे थे. ऐसे कोई सदन नहीं होगा जहां सत्ता पक्ष के सद्स्यों ने राज्यपाल की हूटिंग की हो. यह नया इतिहास रचने के लिए वे सत्ता पक्ष को धन्यवाद देना चाहिए. लंबोदर ने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की 67 कंडिका पढ़ी. बाद में पता चला यह तो झूठ का पुलिदा है. सरकार की पोल न खुले इसलिए सत्ता पक्ष के लोगों ने अभिभाषण के समय हल्ला शुरू कर दिया था.

## हेमंत सोरेन ने जल, जंगल, जमीन और संस्कृति के साथ अन्याय किया: बिरंची नारायण

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि हेमंत सोरेन जल, जंगल, जमीन की रक्षा की बात कर सत्ता में आये थे. सरकार बनी तो जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों की संस्कृति के साथ अन्याय किया. ईडी ने हेमंत को 10 नोटिस भेजे. अगर पहली नोटिस में ही वे चले जाते तो आज यह नौबत नहीं आती. झामुमो यहां के आदिवासियों को बेवकूफ समझती है. ये लोग सोचते हैं कि खा भी लेंगे और पचा भी लेंगे. लेकिन मोदी सरकार ऐसा होने नहीं देगी. बिरंची ने कहा कि वे चंपाई सोरेन से आग्रह करते हैं कि वे हेमंत के बताए रास्ते पर न चलें. नहीं तो उन्हें भी जेल जाना पड़ सकता है.

### रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

### सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- पीडियाट्रिक : डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीः डॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

### शहर में आज

1. राजभवन उद्यान का दूसरा दिन, राजभवन में दिन के 10 बजे
2. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

**रांची।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने पत्र के माध्यम से झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से आग्रह किया है. उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि झारखंड में वर्षों से निवास करने वाले सिख समुदाय के पिछड़ी जाति के लोगों को पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र निर्गत करने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि राज्य में सिख समुदाय के लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं.

**विधानसभा नियुक्ति घोटाला**

## सदन में जस्टिस मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट रखी गयी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

विधानसभा नियुक्ति और प्रोन्नति घोटाले को लेकर गठित जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाले आयोग की रिपोर्ट विधानसभा में रखी गई. संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने रिपोर्ट सदन में रखी. रिपोर्ट में की गई अनुशंसा के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. विधानसभा नियुक्ति और प्रोन्नति घोटाले में कार्रवाई को लेकर लंबे समय से पेंच फंसता रहा है. घोटाले को लेकर सबसे पहले रिटायर्ड जस्टिस विक्रमादित्य के नेतृत्व में आयोग बनी थी.

समिति ने 2018 में ही रिपोर्ट सौंप दी थी. इसके बाद फिर इस रिपोर्ट के विधि और कानूनी तथ्यों के अध्ययन के लिए रिटायर्ड जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था.

**क्या है मामला :** राज्य गठन के बाद 2000 से 2004 तक स्पीकर रहे इंदर सिंह नामधारी के कार्यकाल में विधानसभा में 150 पदों और इसके बाद 2006 से 2009 तक स्पीकर रहे आलमगीर आलम के कार्यकाल में 374 पदों पर हुई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे थे. इसके बाद 2013 से 2014 तक विधानसभा अध्यक्ष रहे शशांक शेखर भोक्ता के कार्यकाल में विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रोन्नति देने में भी गड़बड़ी के आरोप लगे. 2017 में तत्कालीन रघुवर सरकार ने मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का गठन किया.

## 'राहुल की कथनी-करनी में अंतर'

### 50 महीने से राज्य सरकार में दलित वर्ग से कोई मंत्री नहीं : सुदेश

**संवाददाता। रांची**

**खास बातें**

- पॉलिटिकल टूरिस्ट बनकर देश में घूम रहे राहुल गांधी
- पिछड़ों के अधिकार के साथ न्याय करे राज्य सरकार

पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी की कथनी और झारखंड सरकार की करनी में बहुत फर्क है. ऐसी कौन सी मजबूरी है कि राहुल गांधी को अपनी विचारधारा के विपरीत जाकर झारखंड में सरकार चलानी पड़ रही है. देश के बड़े नेताओं में शुमार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पिछले चार दिनों से झारखंड दौरे पर थे. इस दौरान झारखंड में चौक चौराहे पर खड़े झारखंडियों का उन्होंने हाथ हिलाकर अभिनंदन तक नहीं किया. क्या यह माना जाए कि वह यात्रा के दौरान थक चुके थे या उन्हें झारखंडियों से नफरत है. राहुल पर हमलावर हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ओबीसी की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद झारखंड सरकार में सिर्फ एक मंत्री पद और जिस दलित की दुहाई दे रहे हैं वहां से एक भी दलित मंत्री नहीं है, यह राहुल की कथनी और झारखंड सरकार के करनी में फर्क को दिखाता है. पिछडे, दलितों को न्याय दिलाने की मुहिम पर निकले राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि आज झारखंड में एसटी कोटे के कितने मंत्री हैं और उनके मंत्रिमंडल में कितना प्रतिनिधित्व है? राहुल गांधी को क्या इसकी जानकारी है कि झारखंड में सरकार ट्रिपल टेस्ट करने से पीछे हट रही है. पंचायत का इलेक्शन ट्रिपल टेस्ट न करने की वजह से राज्य में एक लाख से अधिक पंचायत के आरक्षित होने वाले पद पर से पिछड़ों का अधिकार खत्म हो गया है. राहुल गांधी को बताना चाहिए झारखंड सरकार के इस फैसले के लिए कौन जिम्मेदार हैं. आज झारखंड में पिछड़ों की आबादी 60% से भी अधिक है तो राहुल गांधी के सहयोग से चलने वाली झारखंड की सरकार क्यों नहीं जातिगत सर्वेक्षण कराती है. उन्हें कौन सी ताकत पिछड़ों का अधिकार देने से रोक रही है, जब झारखंड में एनडीए की सरकार थी तो आजसू की वजह से महिलाओं को 50% आरक्षण मिला, पिछड़ों को अधिकार मिला और उनकी आवाज को मजबूती मिली जिसकी वजह से आज वह अपने पैरों पर खड़े होकर अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे हैं.

**बैठक में मंथन** ट्रेड फेयर में चैंबर सदस्यों को स्टॉल लगाने में मिलेगी विशेष छूट

## 11 दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर 23 से

**संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में 23 फरवरी से 4 मार्च तक मोरहाबादी मैदान में लगाये जानेवाले इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर चैंबर भवन में बैठक हुई.

बैठक में स्टॉल बुकिंग की समीक्षा हुई और बुकिंग के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा दिखाई जा रही रुचि पर संतोष जताया गया. कहा गया कि फेयर में स्टॉल लगानेवाले इच्छुक चैंबर सदस्यों को विशेष छूट मिलेगी. स्टॉल लगाने के ईच्छुक व्यापारी-उद्यमी ट्रेड फेयर कमिटी से संपर्क कर सकते हैं, फेयर में होम एंड डेकोर, फाइनेंस, फर्नीचर एंड इंटीरियर, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी होगी. चैंबर



महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि शहरवासियों के प्रोत्साहन से ही झारखंड चैंबर द्वारा सफल रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ट्रेड फेयर का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है, हमारे पूर्व के प्रयासों को भी लोगों ने सराहा है, इस वर्ष का ट्रेड फेयर और अधिक आकर्षक हो और शहरवासियों की रूचि के अनुकूल हो, इसका पूरा प्रयास किया जायेगा. मौके पर चैंबर उपाध्यक्षा आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, विकास विजयवर्गीय, संजय अखौरी, राम बांगड, पूर्व महासचिव आरके चौधरी, सुनिल गुप्ता, जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स से चिदुरप शाह, विषांत शर्मा आदि शामिल थे.

### गिग-प्लेटफॉर्म वर्कर्स के न्यूनतम मजदूरी दर तय पर बैठक

**रांची।** गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स एवं अन्य सभी कामगारों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसूचि में शामिल करने पर विचार के लिये संयुक्त श्रमायुक्त सह निदेशक न्यूनतम मजदूरी, झारखंड की अध्यक्षता में श्रम भवन, डोरंडा में संपन्न हुई बैठक में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए. बैठक में जीआईजी (गिग) वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे स्वीगी, जोमैटो में कार्यरत कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के साथ ही उनके न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए अनुसूचि में शामिल करने के लिये विमर्श किया गया. इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ल्डवाइड यह बताया गया कि किस प्रकार वर्कर्स की न्यूनतम मजदूरी दर तय किया गया है. चर्चाओं के क्रम में अधिकारियों ने सभी पक्षों की राय जानी.

### न्यूज अपडेट

### मुख्यमंत्री से मिले विधायक लंबोदर महतो



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति देने का आग्रह किया है. उन्होंने यह आग्रह मुख्यमंत्री से मिलकर किया है. उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि बोकारो जिला के गोमिया विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर है. उन्होंने बताया कि गझंडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी और ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नू इन सभी सड़कों को तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है.लेकिन अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं हुई है.

### हाईकोर्ट ने ईडी से पूछा, दस्तावेज सीबीआई से मिला या नहीं

**रांची।** झारखंड में हुए 34 वें राष्ट्रीय खेल घोटाले को लेकर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. यह सुनवाई अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज सीबीआई से दिलाने के रिक्वेस्ट पर दायर याचिका पर हुई. अदालत ने इस मामले में ईडी के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि दो सप्ताह के अंदर प्रवर्तन निदेशालय से इंस्ट्रक्शन लेकर बताएं. अदालत ने यह बताने को कहा है कि अबतक सीबीआई से मांगे गए अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज मिले हैं या नहीं. अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी. बताते चलें कि इस मामले में 11 अप्रैल 2022 को हाईकोर्ट ने सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था. पहले इसकी जांच एसीबी कर रही थी.

### 27 फरवरी को होगी सदान अधिकार रैली



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को सदानी झंडा सौंपा है. मालूम हो कि मोर्चा की ओर से सदानी झंडा लगाओ अभियान चलाया जा रहा है. मंगलवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के आवास पहुंचे और सदानी झंडा सौंपा. पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अपने आवास के मुख्य गेट के ऊपर झंडा को सम्मान के साथ लगवाया है. सदानों को संगठित करने के लिए मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की सराहना की, 27 फरवरी को रांची में होने वाले सदान अधिकार मार्च रैली को लेकर दोनों ने तैयारी पर मंथन किया.

### 11 तक बढ़ाई गई ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि

**रांची।** भारतीय वायु सेना में वायुसैनिकों के चयन और नामांकन के लिए अग्निवीर वायु इंटेक 01/2025 के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों का ऑनलाइन पंजीकरण के समय को बढ़ाया गया. कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने जानकारी देते हुए बताया की 10 एयरमैन चयन केंद्र बिहार और झारखंड राज्य से भारतीय वायु सेना में वायु सैनिकों के चयन और नामांकन के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों का ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी 24 से शुरू हुआ है, जो कि 6 फरवरी 24 को बंद होना था. ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 6 फरवरी से बढ़ाकर अब 11 फरवरी 2024 के रात 11 बजे तक कर दी गई है. इच्छुक उम्मीदवार अपना ऑनलाइन पंजीकरण https://agnipathvayu.cdac.in पर कर सकेंगे.

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा शुरू, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का लगा रहा तांता**



संवाददाता। रांची

मंगलवार से झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू हो गई. अलग-अलग पालियों में परीक्षा देकर परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले विद्यार्थी उत्साहित दिखे. विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा का पेपर आसान था और सभी प्रश्न सिलेबस से ही पूछे गए थे. परीक्षा दो पाली में आयोजित हुई. पहली पाली में मैट्रिक की परीक्षा 9:45 से 1 बजे तक आयोजित हुई. वहीं दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा 2 बजे से 5:15 तक चली. परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही.

बता दें कि राज्य के 24 जिलों में 1978 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. जिसमें मैट्रिक के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र शामिल हैं. वहीं रांची जिले में 157 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें मैट्रिक के लिए 100 और इंटर के लिए 57 परीक्षा केंद्र बने हैं. पूरे राज्य में मैट्रिक परीक्षा में 421678 जबकि इंटर में 344842 छात्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं.





**पहली पाली में 53 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई**

मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 100 केंद्रों में से पहले दिन कि पहली पाली में 53 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 4184 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए. पहली पाली में परीक्षार्थियों की कुल 98.77 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई. वहीं इंटर परीक्षा के लिए जिले के 57 परीक्षा केंद्रों में से 32 केंद्रों पर परीक्षा हुआ, जिसमें 3649 परीक्षार्थी शामिल हुए. वहीं परीक्षार्थियों की कुल उपस्थिति 99.18 प्रतिशत दर्ज की गई. कला संकाय में 20, विज्ञान में 4 और वाणिज्य में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.

## षटतिला एकादशी संकीर्तन में बही भक्तिरस की धारा

# श्याम मंदिर में गूंजा सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

संवाददाता। रांची



श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में षटतिला एकादशी पर मंगलवार को श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये. शुरुआत सुबह साढ़े पांच बजे मंगला आरती से हुई. इसके बाद खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार किया गया. आठ बजे भक्तों ने बाबा की आरती उतारी. दोपहर सवा 12 बजे तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. मध्याह्न विश्राम के बाद दिन के तीन बजे पुनः श्रीश्याम का संध्याकालीन दिव्य श्रृंगार कई तरह के पुष्पों से किया गया. मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा की देख-रेख में आचार्यों ने बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया. फिर पूजा-अर्चना के साथ सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हुआ. पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों संग ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ सस्वर पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. पाठ समापन के बाद महाआरती उतारी गई. भक्तों के बीच केसरिया पेडा, चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया. सुनील मोदी, आशा मोदी, श्रवण ढानढनिया, पुष्पा देवी पोद्दार, रंजन सिंह, सुजाता सिंह,अनिका रंजन, श्रेया रंजन, अन्नपूर्णा सरावगी, राबड़ी प्रसाद, सच्चिदानंद लाल, कुमुद अग्रवाल ने इसमें मुख्य रूप से सहयोग दिया. मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अनिल नारनोली, श्याम सुंदर जोशी आदि मौके पर मौजूद थे.

**एकादशी संकीर्तन :** श्रीश्याम मंदिर में रात साढ़े नौ बजे एकादशी संकीर्तन शुरू हुआ. रंजन सिंह, सुजाता सिंह ने बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की. इसके बाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सान्निध्य में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर सबको झुमाया. श्रवण ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, सोनू, साकेत ढानढनिया, पंकज गाड़ोदिया, पवन शर्मा, पप्पू जैन, गौरव अग्रवाल, रोशन खेमका आदि भक्ति गीतों की सरिता बहाने वालों में मुख्य थे.


### बाला जी मंदिर में श्री हरि के चरणों में किये गये पुष्प अर्पित



**रांची।** षटतिला एकादशी के श्रद्धालु व्रतियों ने मंगलवार को श्रीहरि के श्रीचरणों में पुष्प अर्पित किये. माना जाता है कि इस दिन व्रत-उपवास कर श्रीविष्णु की आराधना करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है. जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है. इसी भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता शहर के विविध मंदिरों में दर्शन-पूजन को लगा रहा. श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में एकादशी व्रत को लेकर विशेष अनुष्ठान किया गया. सुबह दैनिक पूजन-आरती के साथ नुष्ठान प्रारंभ हुआ.अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया.

### श्रीश्याम प्रभु का किया गया दिव्य श्रृंगार, भक्तों का लगा रहा तांता

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ में मंगलवार को षटतिला एकादशी महापर्व पर श्रीश्याम प्रभु को आभूषणों से अलंकृत कर दिव्य श्रृंगार किया गया. मंदिर में



विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी भक्तों ने श्रृंगार-पूजन कर आरती उतारी. दिनभर भक्तों का दर्शन-पूजन को तांता लगा रहा. रात नौ बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित की गयी. साढ़े 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ. गोपी किशन ढांढनिया, चंद्रप्रकाश बागला, धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित जलान, सुदर्शन चितलांगिया, ज्ञान प्रकाश बागला, अजय साबू , अरुण धनुका आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

## डीएवी कपिल देव स्कूल में महात्मा एनडी ग्रोवर को किया गया याद

संवाददाता। रांची

डीएवी कपिल देव स्कूल कडरू में डीएवी संस्थाओं की स्थापना करनेवाले महात्मा एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने उनकी प्रतिमा पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प अर्पित किया. प्राचार्य ने बच्चों को महात्मा एनडी ग्रोवर द्वारा बताए रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बताया कि झारखंड की मिट्टी से एन डी ग्रोवर को बहुत लगाव था. वह शिक्षा का संपूर्ण प्रसार चाहते थे. वे चाहते थे कि बालकों की तरह बालिकाओं को भी शिक्षा का समान मौका मिले और सभी बच्चों में आर्य समाज के



संस्कार दिखाई दे. वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चे और शिक्षक मौजूद रहें. एनडी ग्रोवर ने झारखंड समेत बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बंगाल में अनेक डीएवी संस्थाओं की स्थापना की.

## टेंडर हार्ट स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को मिली विदाई



संवाददाता। रांची

टेंडर हार्ट स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिये मंगलवार को फेयरवेल सह आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया. विद्यालय के सभागार रंगायन में आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाया और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, गीत, संगीत व अत्याधुनिक रैंप वॉक का आयोजन हुआ. इस दौरान 12वीं के सभी विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के आधार पर अनेक उपाधियों से नवाजा गया. वहीं विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को संस्मरण के रूप में एक-एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुधीर तिवारी व प्राचार्या उषा किरण झा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप जिस भी क्षेत्र को चुने उसमें उत्कृष्टता हासिल करें. कार्यक्रम में स्कूल के वाइस चेयरमैन वेदांत तिवारी, निदेशक जे मोहन्ती, उप प्राचार्या मेजर रश्मि प्रकाश सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### गीता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**रांची।** चिन्मय मिशन द्वारा आयोजित गीता पाठ प्रतियोगिता में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है. विभिन्न स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में केजी से 10वीं कक्षा के छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिसमें 78 छात्रों को स्कूल स्तर प्रतियोगिता के लिए पुरस्कृत किया गया. वहीं शहर स्तर प्रतियोगिता के लिए 28 छात्र पुरस्कृत किए गए, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2 छात्रों को इंटर सिटी प्रतियोगिता स्तर के लिए पुरस्कार दिया गया. इस उपलब्धि के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या समिता सिन्हा ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्रों में आध्यात्मिक विवेक की वृद्धि होती हैं.

### रांची में जगमग डिटर्जेंट पाउडर का उद्घाटन



**रांची।** लाडली सेल्फ हेल्प द्वारा निर्मित, जगमग डिटर्जेंट पाउडर का शुभ मुहूर्त मंगलवार को किया गया. इसका उद्देश्य है रोजगार के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को जोड़ना और रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करना है. निगम के सिटी मिशन मैनेजर श्रद्धा महतो व सिटी मिशन मैनेजर किरण गोलोरिया ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन किया. मौके पर निगम की देवलोल खलखो, तनवी रहीम, मो इस्लाम, मुनव्वर हुसैन, हाजी रिजवान, मो मेराजुद्दीन, मो अली, तौहीद आलम, शगुफ्ता परवीन, शबनम परवीन, निखत परवीन, रौशन परवीन, शबाना परवीन, हाजरा परवीन, शबनम खातून, यास्मीन रहमानी आदि शामिल थे.

### सिटी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण



**रांची।** हिंदपीढ़ी स्थित सिटी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को निदेशक मसूद कच्छी की अध्यक्षता में किया गया. इसकी शुरुआत नात नबी से हुई, मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया. बच्चों ने नृत्य-गीत, विमेन इंपावरमेंट, देश भक्ति गीत आदि की प्रस्तुति से पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठा. समारोह में वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 139 विद्यार्थयों को स्कूल निदेशक ने पुरस्कृत किया. मौके पर कहकशा मसूद, शान तल्हा मसूद, अजमेरी, मोना, नाजनीन, नाहिद, चांदनी समेत स्कूल परिवार के लोग शामिल थे. संचालन शिक्षिका सुंबुल ने किया.

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक



**रांची।** नगरा टोली बस्ती में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत पांचवें दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी उर्वशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ. वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीता सिंह कार्यक्रम में शामिल हुईं. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों को देश के संविधान द्वारा प्रदत्त सरकार चलाने के लिए अपना प्रतिनिधि निर्वाचित करने के अधिकार को मताधिकार कहते हैं. भारत शासन अधिनियम 1919 द्वारा भारत में पहली बार महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला.

### मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य से छात्रों ने की मुलाकात



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात की और उन्हें तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा. इस दौरान छात्रों ने महाविद्यालय में इंटरनल परीक्षाओं के परिणाम नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले करने तथा यूजी सेमेस्टर 4 का परीक्षाफल अविलंब प्रकाशित करने की मांग की. प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने आश्वासन दिया कि अब सभी मिड सेमेस्टर के मार्क्स को मारवाड़ी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले किया जाएगा.

## अंग्रेजी को बढ़ावा देने के लिए वर्ड पावर चैंपियनशिप का आयोजन

# चार लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया

संवाददाता। रांची

अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे झारखंड में वर्ड पावर चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में कुल 4,27,200 छात्रों ने पंजीकरण कराया है. जनवरी महीने में चैंपियनशिप के क्लस्टर स्तर की परीक्षा में एक लाख से अधिक छात्र भाग ले चुके हैं. क्लस्टर एलिमिनेशन राउंड 29 से 31 जनवरी तक आयोजिता किया गया था. इसके बाद, ब्लॉक-स्तरीय प्रतियोगिता 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित की गई है. 27 से 29 फरवरी तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी. 1 से 5 मार्च, 21 मार्च को सेमी-फाइनल और 22 और 23 मार्च को स्टेट फाइनल राउंड होगा. जानकारी जेईपीसी के जिला कार्यक्रम अधिकारी, कौशल किशोर ने दी है.

**प्रतियोगिता से बच्चों का कौशल बढ़ेगा : मुकेश**

लीप फॉरवर्ड के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की भाषा कौशल को बढ़ाने और उसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है. ब्लॉक और जिला परीक्षाओं के साथ आगामी 22 मार्च को होने वाली राज्य स्तरीय परीक्षा का मार्ग प्रशस्त हो रहा है. इससे छात्रों का भाषाई कौशल बढ़ेगा.

### राज्यपाल राधाकृष्णन ने किया स्मारिका का विमोचन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र द्वारा प्रकाशित जनजातीय सामाजिक -आर्थिकी स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के सचिव अयोध्या नाथ मिश्र, संयुक्त सचिव अमरनाथ झा, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, सदस्य रामाकांत महतो, अरुण कुमार मिश्र एवं संपादक एस के चौबे तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी भी कार्यक्रम में सम्मिलित थे. स्मारिका में रिटायर्ड आइएएस जेबी तुबिद, साहित्यकार महादेव टोप्पो, डा.मयंक मुरारी, डा.दिवाकर मिंज, डा.अशोक वार्ष्णेय, डॉ एसके किडो, सुधीर पाल, डॉ अनिता सोलंकी, विकास राय देववर्मा, मिलिन्द थट्टे, डॉ सुधाकर द्विवेदी, डॉ एसटी मुर्मू, अयोध्या नाथ मिश्र, कानजी पटेल, सत्या शर्मा कीर्ति प्रभृति के भी आलेख संग्रहित हैं.

## चैंबर व मेरी आवाज संस्थान ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

# याद की गयीं लता मंगेशकर

संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और मेरी आवाज मेरी पहचान के संयुक्त तत्वावधान में संगीत जगत की सुरों की मलिका व स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम चेंबर भवन में आयोजित की गई. मौके पर जुटे संगीत प्रेमियों, संस्था एवं चैंबर पदधारियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्उप अर्पित कर भावभीन श्रद्धांजलि दी. लताजी के पिता का नाम दीनानाथ मंगेशकर था, वे मशहूर थिएटर कलाकार और संगीत विशेषज्ञ थे. दीनानाथ मंगेशकर का परिवार मूल रूप से गोवा के मंगेशी गांव का रहने वाले थे. काम के सिलसिले में मुंबई आए और साथ में लता मंगेशकर भी आई, लता



मंगेशकर अपने पिता के साथ नाटकों में अभिनय व गायन से कैरियर की शुरुआत की. लता मंगेशकर ने पहली बार 9 साल की उम्र में अपने पिता के साथ सौभद्र नाटक में नारद का किरदार निभाया था. पुण्यतिथि पर एक्टर देवेश खान, सिंगर कुमार गहलोत, फिल्म आर्ट कला उप समिति के अध्यक्ष आनंद जालान, सचिव बुलंद अख्तर, किशन अग्रवाल, पराग भूषण सहाय, सपना चटर्जी, सुभांगी भट्टाचार्य, सिंगर गौरव कुमार, सिंगर वीना श्री, सिंगर सुलोचना सहदेव आदि शामिल थे.

**श्रद्धांजलि** | अर्पित किये गये श्रद्धा के सुमन, कई विद्यालयों में यज्ञ और हवन का आयोजन

# डीएवी स्कूलों में संस्थापक एनडी ग्रोवर की मनाई गई पुण्यतिथि

संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में महात्मा नारायणदास ग्रोवर की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर विद्यालय के बहुद्देशीय सभागार में विशुद्धतापूर्वक हवन का आयोजन किया गया. विद्यालय के प्राचार्य एस.के मिश्रा ने बताया कि वास्तव में कोई आत्मा जब सामान्य से ऊपर उठ जाती है तब महात्मा कहलाती है. शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपना तन-मन-धन सबकुछ समर्पित कर दिया था. इस अवसर पर डीएवी नंदराज में प्रातःकालीन यज्ञ का आयोजन किया गया.





**याद किए गए आर्य समाज के दधीचि**

कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में आर्य समाज के दधीचि महात्मा एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि मनाई गयी. प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद वैदिक हवन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक शामिल हुए. प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए.

### डीएवी आनंद स्वामी में विशेष प्रार्थना सभा

डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करते हुए मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर उन्होंने छात्रों से महात्मा के पुण्य कर्मों से प्रेरणा लेने की बात कही. पांचवीं कक्षा के बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से उनके महान कार्यों और समाज के लिए समर्पित जीवन का परिचय दिया.

### एसआर डीएवी पुंदाग में हवन

एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में महाहवन का आयोजन किया गया. प्राचार्य एस के मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर त्याग व सेवा के प्रतिमूर्ति थे. शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ समाज सेवा के कार्य भी किए. जब तक डीएवी विद्यालय रहेंगे, तब तक भीष्म पितामह तथा महात्मा ग्रोवर हम सबके प्रेरणास्रोत रहेंगे.

### डीएवी बरियातू में दी गयी श्रद्धांजलि

डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में एनडी ग्रोवर की सोलहवीं पुण्यतिथि मनाई गई. प्राचार्य डा. तापस घोष के नेतृत्व में शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. विद्यालय की अध्यक्षा सुशीला गुप्ता ने कहा कि ग्रोवर साहब कहते थे कि भगवान पूछेंगे तो उसे बताऊंगा कि तुम्हारी बगिया को मैंने हरा भरा किया.

# मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता। रांची

मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने मंगलवार को जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यकारिणी समिति का गठन कर पदधारियों और कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की. घोषित की गयी नयी कार्यकारिणी के संरक्षक-भागचंद पोद्दार, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राजकुमार केडिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, विनय कुमार सरावगी, सुरेश चंद्र अग्रवाल हैं, जबकि परामर्शदात्री समिति में विद्याधर शर्मा, जुगल किशोर मारू, पूरणमल जैन, डॉ ओमप्रकाश प्रणव, राजकुमार मारू, रतनलाल बंका, अजय मारू, कमल कुमार केडिया, उम्मेदमल जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, संजीव विजयवर्गीय, विश्वनाथ नारसरिया ,अरुण कुमार बुधिया, प्रेम मित्तल, प्रेम कटारुका, राजेंद्र केडिया शामिल हैं. उपाध्यक्ष- पवन कुमार पोद्दार, किशन कुमार साबू, रमेश शर्मा, नरेंद्र गंगवाल, मनोज कुमार चौधरी, महामंत्री- विनोद कुमार जैन, संयुक्त महामंत्री- कौशल कुमार राजगढ़िया, प्रमोद अग्रवाल, अंजय सरावगी, प्रमोद सारस्वत, निर्भय शंकर हारित, संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता- संजय सर्राफ, कोषाध्यक्ष- कमलेश संचेती, आंतरिक अंकेक्षक- महेंद्र कुमार जैन, संगठन मंत्री- विकास कुमार अग्रवाल, विभागीय मंत्री- संविधान और पंजीकरण विभाग- पवन कुमार शर्मा, सदस्यता विभाग- मनीष लोधा और अमित चौधरी, सेवा समिति- विजय कुमार खोवाल, जितेश अग्रवाल, युवा समिति- सौरभ बजाज और सनी टिबडेवाल, महिला समिति- अनु पोद्दार और मीनाक्षी शर्मा, प्रतिभा सम्मान- विशाल पाड़िया, विधि सहायता विभाग- दीपेश निराला, फिल्म विभाग- आनंद जालान, साहित्य और संस्कृति विभाग- नरेश बंका, गृह पत्रिका- अमर अग्रवाल, कार्यालय विभाग- निर्मल बुधिया, आकाश अग्रवाल, व्यापार समिति का कार्यभार रोहित पोद्दार और शैलेश अग्रवाल को सौंपा. साथ ही रमाशंकर बगड़िया, अनिल अग्रवाल, सुरेश कुमार जैन, अशोक नारसरिया, मुकेश अग्रवाल, अजय डीडवानिया, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, रमन बोडा, विकास अग्रवाल, प्रकाशचंद्र नाहटा, राजेश भरतिया, मनोज रूईया, किशन शर्मा, नरेंद्र लखोटिया, प्रमोद बगड़िया कार्यकारिणी सदस्य बने.

▼ ब्रीफ खबरें

## रांची में ऐतिहासिक रही न्याय यात्रा : अमाल खान



**ओरमांझी।** रांची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जिला कांग्रेस के प्रवक्ता अमाल खान ने ऐतिहासिक यात्रा बताया है. उन्होंने कहा कि आप सभी के प्यार और सहयोग के कारण हमारे कांग्रेस पार्टी के शीर्ष कांग्रेस नेता के लिए रांची का न्याय यात्रा हमेशा यादगार रहेगा। कहां की जिस तरह से यहां की जनता ने अपना प्यार मान सम्मान दिया है उसको कभी नहीं भूलेंगे.

## डीएवी खलारी में बच्चों के बीच मॉक ड्रिल

**डकरा।** डीएवी स्कूल खलारी में मंगलवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. इस दौरान चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड की एक टीम ने आग पर काबू पाने के विभिन्न उपायों का बच्चों के सामने डेमो दिया. उन्होंने आग की पांच श्रेणियों के बारे में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी. गैस सिलेंडर में लगने वाली आग, शॉट सर्किट अथवा घरों में लगने वाली सामान्य आग से निपटने के गुर बताए गए. वहीं, फायर एक्सटिंग्विशर के परिचालन का तरीका भी डीएवी खलारी के अध्यापकों और कर्मचारियों के बीच साझा किया.

## वैधखिजरी गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी मंडल अंतर्गत डोरंडा पंचायत के ग्राम वैधखिजरी गांव में आखिरकार एक महीने बाद बिजली मिल गई. विद्युत विभाग के सांसद प्रतिनिधि सतीश कुमार शाह के प्रयासों के बाद सांसद सुदर्शन भगत द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग को निर्देश दिया गया. सांसद की पहल पर गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भीखा उरांव तथा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष तेजु दास ने मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया.

## अनियमितता देख भड़के बीडीओ, किया शो-कॉज

**बेड़ो।** बीडीओ संग्राम मुर्मू ने मंगलवार को करांजी और दिघिया पंचायत में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया. सर्वप्रथम करांजी पंचायत के खत्री खटंगा गांव पहुंचे. यहां जल नल योजना से बनने वाले जलमीनार का प्लेटफार्म बना नहीं पाया. वहीं घरों तक जाने वाली पाइप को जमीन के अंदर नहीं गाड़ा गया है. पाईप बिखरा पड़ा हुआ था. तत्पश्चात दिघिया पंचायत के तुको मिडिल स्कुल के समीप बना एक जलमीनार पूर्णतः क्षतिग्रस्त स्थिति में पाया गया. वहीं पीएचईडी से बने जलमीनार में सिपेज पाया गया.

## नरकोपी स्टेशन पर ट्रेन से गिरी महिला, रेफर

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन में मंगलवार को करीब पौने चार बजे 22 वर्षीय महिला ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला की पहचान रानी देवी (पति कुलदीप महली) गांव खड़देवरी, थाना नरकोपी के रूप में हुई है. बताया जाता है कि रानी देवी अपने एक छोटे बच्चे के साथ रांची गई हुई थी. वह पैसेंजर ट्रेन आरएल पांच पर सवार होकर अपने घर खड़देवरी गांव आने के लिए नरकोपी स्टेशन में उतर रही थी. इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी और वह असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गई. घायल महिला को सीएचसी बेड़ो भेजवाया गया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया.

## जेके चुटू और एफके धनबाद रहा विजेता

**ओरमांझी।** चुटू के रेंडो पतरातू में महाराजा मदरा मुंडा चतुर्थ फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार को मुख्य अतिथि जिप सदस्य संजय कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि मदन कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन मैच में झारखंड ज्योति क्लब चुटू ने ट्राई ब्रेकर में 5-4 से नाइन बुलेट कवाल को पराजित किया. दूसरे मैच में ट्राई ब्रेकर में फुटबॉल क्लब धनबाद ने 4-2 से बीपीएस दुबलिया को पराजित किया. इससे पूर्व अतिथियों ने महाराजा मदरा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. आयोजक मंडली द्वारा अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर व बुके देकर किया.

# चैरिटेबल चार्म्स के 'फैशन फॉर ए कॉज' ने जीता दर्शकों का दिल

**संवाददाता। रांची**

चैरिटेबल चार्म्स ने मंगलवार को फैशन फॉर ए कॉज नामक कार्यक्रम का आयोजन किया. संस्था की अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के बाद सभी सहयोगियों का धन्यवाद दिया. कहा कि यह संस्था गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करती है. यह कार्यक्रम मंगलवार को ग्रीका, कांके में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसके मिशन और प्रभाव की प्रशंसा की.

शाम की हाइलाइट में गरीब बच्चों ने वायमिक चलन कर अपनी प्रतिभा और करिश्मा को प्रदर्शित किया. चेयरपर्सन डॉ. ख्याति मुंजाल ने चैरिटेबल चार्म्स के सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया. उपाध्यक्ष आरती सुल्तानिया, सचिव मौमिता चौधरी, कोषाध्यक्ष निधि विराज गुप्ता, संयुक्त सचिव श्वेता अदुकिआ, पीआर समिति के चेयरपर्सन रूपम झा और कौशल विकास की चेयरपर्सन प्रभा सिंह ने इस कार्यक्रम को सफलता बनाने में अहम योगदान दिया. उन्होंने सभी प्रमुख स्पॉन्सरों का भी धन्यवाद किया.

द लुक्स सैलून, फिरायालाल नेक्स्ट, फिरायालाल स्कूल, ग्रीका और अन्य प्रमुख स्पॉन्सरों ने इस आयोजन में संस्था का सहयोग किया. उन्होंने संत जेवियर्स कॉलेज और गरीब बच्चों के स्वैच्छिकों पिंकी और अजय का भी धन्यवाद किया. वहीं सभी मॉडल्स और मेकअप आर्टिस्ट प्रियंका जायसवाल और प्रीति मोदी का भी व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद किया. डॉ. मुंजल ने कहा, समुदाय से हमें दिखाई देने वाले जो अत्यधिक समर्थन और उत्साह है, उसे देखकर हृदय संवाद होता है. 'फैशन फॉर ए कॉज' की सफलता हमारे सदस्यों की साझेदारी को दिखाती है, जो गरीबों को सशक्त करने की दिशा में समर्पित है. सामाजिक कार्यों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को जोर देते हुए डॉ. मुंजाल ने भविष्य में इसी तरह की पहल का आयोजन करने की बात कही. इस प्रकार के आयोजन सकारात्मक परिवर्तन के लिए कैटलिस्ट के रूप में कार्य करते हैं. फैशन फॉर ए कॉज ने केवल वंचित बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं किया, बल्कि चैरिटेबल चार्म्स एनजीओ द्वारा प्रेरित संघर्ष और दया की भावना का प्रतीक भी था.





न्यूज अपडेट ▼

## 10वीं के विद्यार्थियों को दी समारोहपूर्वक विदाई



**सोनाहातू।** निर्मल शिक्षा निकेतन विद्यालय एवं किड्स पब्लिक स्कूल बाजारटांड़ सोनाहातू में मंगलवार को 10 वीं विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि उपमुखिया बिपिन पाल ने फीता काट कर और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया. विदाई समारोह में छात्र/छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए. विद्यालय संचालक खगेंद्र कुमार और दीपक कुमार महतो ने 10वीं की विद्यार्थियों से आर्शीवचन के साथ मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी. मौके पर प्रधानाध्यापक मनसा राम अहीर, व्यस्थापक शिक्षक हराधन लोहरा, बासुदेव महतो, जैल सिंह महतो, गीता देवी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं थे.

## शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा : सतीश बड़ाईक



**ओरमांझी।** प्रयास कार्यक्रम के तहत राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला, ओरमांझी के अनियमित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर मंगलवार को अभियान चलाया गया. इस क्रम में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सतीश बड़ाईक पोषक क्षेत्र के विभिन्न टोलों मे घर-घर जाकर अभिभावकों से मिले और नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया. अभिभावकों ने भी अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजने पर सहमति जताते हुए पंजी पर हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर सतीश बड़ाईक ने अभिभावकों से कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है. मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष के साथ विद्यालय की सहायक शिक्षिका संगीता कुमारी भी मौजूद थीं.

## सेविका एवं सहायिका का महासम्मेलन 11 को



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वकर्स यूनियन के तत्वाधान में प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं की एक दिवसीय बैठक हुई. अध्यक्षता यूनियन की अध्यक्ष कल्याणी देवी ने की. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 फरवरी को रांची में प्रस्तावित आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाएंगे. इस सम्मेलन के माध्यम से अपने हक अधिकार को केंद्र सरकार तक पहुंचने का काम किया जाएगा. बैठक में पुष्पा, सुषमा मंडल, आरती, गौरमनी, सुनीता, चारु, नीलिमा, रीता, प्रमिला, बेबी, फूलमनी, मोहनी आदि सेविका एवं सहायिकाएं उपस्थित थीं.

## छात्र-छात्राओं को खेल पदक से किया सम्मानित



**सिल्ली/मुरी।** बुद्धा पब्लिक स्कूल में सोमवार के दिन सफल विद्यार्थियों के बीच विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद पदक का वितरण किया गया. बता दें कि 29, 30 और 31 जनवरी को विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इसमें बच्चों के बीच क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़, विभिन्न प्रकार के दौड़ समेत और कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को रजत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया. मौके पर निदेशक रणधीर कुमार, जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, गोविंदर, नकुल बड़ाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी, प्रेमचंद महतो, विपुल राय समेत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे.

## सर्वोदय स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के सर्वोदय स्कूल परिसर में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल तथा गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एक्सिस बैंक बुंडू के ब्रांच मैनेजर पिंटू राम, विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार महतो तथा प्रधानाचार्य ज्ञान महतो ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. आठवीं कक्षा की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत करते हुए 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. विद्यालय के निदेशक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें परीक्षा में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया. मौके पर विद्यालय के संरक्षक हराधन महतो, एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर संजोग भगत आदि थे.

**सिस्टम कुंद : तड़पती रही प्रसूता, सड़क के अभाव में नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस**

# थोड़ी लज्जा भी नहीं आती

**सूरते हाल**

- चार किमी खटोले पर लाद कर प्रसूता को ले गए अस्पताल
- आजादी के 76 साल बाद भी पुरन पनिया गांव में सड़क नहीं

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

जिले के इचाक प्रखंड की डाड़ीघाघर पंचायत स्थित पुरन पनिया गांव में आजादी के 76 साल बाद भी विकास कोसों दूर है. इस गांव में आज भी पगडंडी के अलावा कोई पक्की सड़क नहीं है. ऐसे में गांव में वाहन के आवागमन की कोई सुविधा नहीं है. यहां कोई व्यक्ति अगर गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए, या फिर कोई प्रसूता हो, तो उसे अस्पताल जाने के लिए टांग कर ले जाना ही एकमात्र उपाय है.

चार वर्ष पूर्व गांव में प्रशासनिक अमला के द्वारा जनता दरबार लगाया था, तब से थोड़ी बहुत विकास गतिविधियां शुरू हुई. लेकिन, गांव तक सड़क नहीं पहुंच सकी. इधर, गांव के मुकेश हांसदा की गर्भवती पत्नी रेणु देवी को बीते सोमवार शाम 7 बजे से ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. गांव में बिजली गुल थी और चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ था. ग्रामीणों ने बताया कि 7 बजे शाम से 12 बजे तक एंबुलेंस से संपर्क करते रहे, लेकिन सरकारी एंबुलेंस नहीं आई. वहीं, प्राइवेट एंबुलेंस को फोन करने पर कहा गया कि गांव से चार किलोमीटर दूर सड़क पर खड़े हैं. आप लोग किसी तरह मरीज को लेकर सड़क पर आ जाइए. दूसरी ओर प्रसूता दर्द से काफी तड़प रही थी और उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी.

कोई उपाय नहीं सूझता देख ग्रामीणों ने इचाक में रहने वाले एक समाजसेवी को सूचना दी. इसके बाद वह आधी रात को ही गांव पहुंचे. फिर खटोला में एक साड़ी का परदा लगाया गया और लकड़ी का सहारा बनाकर लगभग 4 किलोमीटर जंगल, पहाड़ी, पगडंडी होते हुए गर्भवती महिला को इचाक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. राहत की बात है कि महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया और उसने एक नवजात को जन्म भी दिया है. लेकिन, आधुनिकता के इस दौर में पुरन पनिया गांव के वर्तमान हालात ने सरकार और सरकारी तंत्र के विकास के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल कर रख दी है.



खटोला में लाद कर टॉर्च की रोशनी में प्रसूता को ले जाते परिजन व ग्रामीण.

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

सड़क और एंबुलेंस के अभाव में प्रसूता सोमवार शाम 7 बजे से ही दर्द से कराह रही थी. अंतत:, तड़के 4 बजे टार्च-बत्ती के सहारे परिजनों ने चारपाई का विकल्प बना कर 3 किलोमीटर सीधी पहाड़ी से चढ़ते हुए प्रसूता को मुख्य सड़क पर लाया गया. इसमें परिजनों के साथ ग्रामीण बाबूराम हांसदा, श्यामलाल मांझी, केशोलाल हांसदा, जागेश्वर सोरेन, रोहित किस्कू, शंकर हंसदा, पताई देवी, सुरजी देवी, नुनी देवी ने सहयोग किया. इसके बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची, तो निजी वाहन से इचाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. लेकिन डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया. इसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती होते ही महिला ने बच्चों को जन्म दिया है. ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि सड़क को लेकर समाजसेवी सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री रमेश कुमार हेम्ब्रम ने कई बार जिला प्रशासन एवं वन विभाग को लिखित रूप से अवगत कराया है. इसके बावजूद आज तक सड़क नहीं बन सकी है.

**सड़क के लिए एनओसी नहीं दे रहा वन विभाग**

ग्रामीणों का कहना है सड़क को लेकर उपायुक्त के पास लगातार आवेदन देने पर लगभग 2 किमी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है. लेकिन वन विभाग ने उदासीन रवैया अपनाते हुए अब तक एनओसी नहीं दी है. इससे सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है. दूसरी ओर वन विभाग की मिलीभगत से वन भूमि पर अरबों-खरबों के पत्थर गायब हो गए हैं.

**करंट से झुलसे व्यक्ति की हो गई थी मौत**

इचाक के पुरन पुनिया गांव में यह कोई कोई नया मामला नहीं है. करीब दो साल पहले भी एक घटना घटी थी, जिसमें गांव के ही बालेश्वर हांदसा बिजली के 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए थे. गांव में वाहन के अवागमन की कोई सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें भी खटोले पर ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल लाया गया था. लेकिन काफी देर होने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी.

## झारखंड के हीरो बन कर उभरे हेमंत : शाकिर



**ओरमांझी।** चंपाई सरकार के विश्वास मत के दौरान सदन में ऐतिहासिक भाषण देकर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन झारखंड के हीरो बनकर उभरे हैं. उन्होंने अपने वक्तव्य से भाजपा की साजिश को बेनकाब किया है. उक्त बातें झामुमो के सक्रिय नेता सह समाजसेवी शाकिर अंसारी ने सरकार के भारी बहुमत से विश्वास मत जीतने पर खुशी का इजहार करते हुए कही. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कहा है कि उन्हें कुर्सी का कोई लालच नहीं है. वे किसी भी कीमत पर झारखंडियों के मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे. अंसारी ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन सरकार बनी है, तभी से उसे गिराने की नापाक कोशिश की जा रही है.

## मां चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाई लता मंगेशकर की पुण्यतिथि

**ओरमांझी।** भारत रत्न और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर मंगलवार को मां चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजन किया गया. इस दौरान जुटे प्रशंसकों ने लता मंगेशकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. संस्था की सचिव सह समाजसेवी वंदना उपाध्याय ने कहा कि 6 फरवरी 2022 को लता मंगेशकर दुनिया के संगीत प्रेमियों को छोड़कर चली गई थीं. लेकिन उनके गाए सुरीले गीत जब तक चांद और सूरज रहेंगे, तब तक हमारे कानों में खनकते रहेंगे. लता दीदी सरस्वती की साक्षात मूरत थीं. कोयल सी मीठी मधुर आवाज से दुनिया को सम्मोहित करने वाली लता मंगेशकर ने हिन्दी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, भोजपुरी समेत अन्य भाषाओं में गीत गाए.

## साइंस ओलंपियाड में बाघवार अकादमी ने लहराया परचम



**संवाददाता। चान्हो**

चान्हो स्थित बाघवार अकादमी में मंगलवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया. ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है. इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा.

कक्षा 4 के हर्ष राज ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता. इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 509 रहा. वहीं, कक्षा 5 की परिधि साहदेव, कक्षा 6 की खुशी कुमारी, कक्षा 8 की मानसी कुमारी, कक्षा 9 के रोशन कुमार और 10वीं कक्षा के आर्यन राज ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता. इन सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# युवती हत्याकांड में प्रेमी गिरफ्तार

**संवाददाता। चान्हो/मांडर**

चान्हो थाना क्षेत्र के हातमा जंगल में एक युवती को जला कर मारने के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया है. मामले में युवती के प्रेमी सोस निवशी अविनाश साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. इस संबंध में एसडीपीओ खलारी भोला प्रसाद ने मंगलवार को अपने कार्यालय वेश्म में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बीती 3 फरवरी को हातमा के जंगल में एक युवती के जलने की सूचना मिली थी.

इस पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुंची और युवती के शरीर में लगी आग को बुझाने के बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. वहां डॉक्टर ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान चान्हो थाना क्षेत्र के ओपा गांव निवासी 20 वर्षीय मिनी पांडे के रूप में की गई थी. वहीं, घटनास्थल पर जांच के दौरान मौके से रबर का पाइप, युवती का जला हुआ कपड़ा, रंगोली स्वीट्स लिखा हुआ थैले का कुछ हिस्सा, रंगोली बेकर्स लिखा हुआ कूट का बना हुआ केक बॉक्स और माचिस का डब्बा बरामद किया. तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घटना में शामिल अविनाश साहू को गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका युवती के साथ प्रेम-प्रसंग था, पर उसके घरवालों ने उसकी शादी कहीं और ठीक कर दी थी. इसी आक्रोश में सोची-समझी साजिश के तहत उसने युवती को हातमा के जंगल में बुलाया और फिर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया.

पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, घटना के समय पहना हुआ खून से सना उसका कपड़ा, अभियुक्त का मोबाइल, व अन्य सामान बरामद कर लिया.



**सफल उद्भेदन**

- तीन दिन पूर्व हातमा जंगल में मिला था युवती का शव
- गला दबा कर हत्या के बाद शव में लगा दी थी आग

**फोरलेन सड़क निर्माण के कारण बारीडीह से जरिया शिफ्ट होगा अनुसूचित जनजाति विद्यालय**

# जरिया में बनेगा उच्च विद्यालय का भवन

**संवाददाता। बेड़ो**

फोरलेन सड़क निर्माण योजना के कारण बारीडीह स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय बारीडीह के स्थान पर बेड़ो प्रखंड अंतर्गत जरिया में अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय का नया भवन बनेगा. विद्यालय भवन का निर्माण एनएचआई के द्वारा किया जाएगा. निर्माण पूर्ण होने के बाद विद्यालय बारीडीह से जरिया में शिफ्ट होगा.

जरिया में मंगलवार को अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय का विधिवत भूमि पूजन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने किया. इस मौके पर विधायक ने कहा कि बारीडीह में स्थित जीर्णशीर्ण भवन में रहकर पढ़ने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के होने से इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई है कि विद्यालय को जरिया में शिफ्ट करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को बाद में किसी तरह की मुश्किलों का सामना करना न पड़े. उन्होंने एनएचआई के डीपीएम मनोरंजन सिंह तथा इंजिनियरों को निर्देश दिया कि भवन निर्माण कार्य में किसी तरह की कोई कोताही और लापरवाही ना बरती जाए. काम में मजबूती और गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए. वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं सलाह दिया.

मौके पर समेकित जनजाति विकास पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक संजय कुमार भगत, डीपीएम मनोरंजन सिंह, अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, बेड़ो जिला परिषद बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोद्सीर हक, जरिया मुखिया कुंवारी उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव, पंसस विशेश्वर उरांव आदि थे.



**विकास कार्य**

- विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शिलान्यास
- विद्यालय भवन को जल्द बनाने का दिया निर्देश

# समीउल्लाह ने लड़ी उर्दू की लड़ाई


**रेहान अहमद। रांची**

मरहूम समीउल्लाह शफक बिहार के जमाने में निकलने वाले उर्दू दैनिक संगम से जुड़े रांची के वरिष्ठ पत्रकार थे. अखबार के संचालक व निदेशक स्व. गुलाम सरवर थे. 1960 से 1965 के दशक में समीउल्लाह शफक पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक समस्याओं को उठा कर दूर करने की हर संभव कोशिश में लगे रहते थे. उस सामाजिक मसले को उस वक्त तक लिखते रहते थे, जब तक न्याय नहीं मिल जाता था. लेखनी की वजह से उनकी एक अलग ही पहचान थी. उनकी सच्ची लेखनी, बेबाकी, मिलनसार छवि की वजह से ही बिहार काल के समय में 26 जनवरी व 15 अगस्त को राजभवन से समारोह में शामिल होने के लिये निमंत्रण पत्र उनके घर पहुंचता था. पुत्र मो अकरम राशिद ने कहा कि हम लोग काफी छोटे थे, लेकिन आज भी वह दौर जेहन में आ ही जाता है. एक बार पिता अपने साथ 15 अगस्त के समारोह में ले गये थे. काफी मजा आया था.

शायरी की दुनिया में शफक रांचवी

उर्दू से गहरा लगाव होने की वजह से समीउल्लाह शफक शायरी की दुनिया में शफक रांचवी के नाम से मशहूर थे. वे मंचों और गोष्ठियों में अक्सर बेजोड़ कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरते थे. शायरी की वजह से ही उन्हें शफक रांचवी का खिताब दिया गया था. रेडियो और दूरदर्शन में भी शेर ओ शायरी का तराना छेड़ा करते थे.

**2 फरवरी 2006 को दुनिया से हुए रुखसत**



उर्दू के खिदमतगार के रूप में शफक रांचवी ने उर्दू भाषा को उसकी मान, पहचान और उसके हक अधिकार के लिए अपनी कलम के माध्यम से लंबी लड़ाई लड़ी. उर्दू को जो अधिकार मिलने चाहिये, आज भी नाकाफी हैं. 2 फरवरी 2006 को उनका निधन हो गया. उनके निधन से शायरी महकमे, उर्दू प्रेमी व पत्रकार जगत में गहरा धक्का लगा. आज भी लोग उर्दू भाषा के अधिकार के लिए अपनी लड़ाई जारी रखे हुए हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** नवम भाव में चंद्रमा शुक्र का योग है. किसी धार्मिक स्थल पर जाने का अवसर मिलेगा. आपके प्रयास से कारोबार में वृद्धि के योग हैं. किया गया निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे.

**वृषभ** पेट मे दर्द हो सकता है. समय सामान्य है. बिना कारण विवाद हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है. जल के साथ अन्न का दान करें.

**मिथुन** जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. किया गया कोई निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा. अन्न का दान करें.

**कर्क** समय बहुत ही अच्छा है. धन का आगमन कई स्रोत से होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें. भोजन सोच विचार कर ले.

**सिंह** संतान के लिए कोई शुभ समाचार मिलेगा. शिक्षा को ले कर व्यस्तता रहेगी. शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें.

**कन्या** सुख के सामान एकत्र होंगे. माता के स्वाथ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन से बचें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें. किसी कार्य में जल्दबाजी न करें.

**तुला** भाई का सहयोग से कार्य सिद्ध होगा. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. समय के अनुसार स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी.

**वृश्चिक** धन का आगमन होगा. पर नया कार्य में बाधा होगा. आर्थिक नीति में सुधार होगा. योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें.

**धनु** व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेंगे. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**मकर** खर्च पर काबू आवश्यक है. साथ ही वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. हो सकता है तो जोखिम व जमानत के कार्य टालें. अन्न दान करें.

**कुंभ** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य के नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे.

**मीन** सरकार से लाभ का योग है. कोई बड़ा लाभ होगा. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी.

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आदिवासियों पर किया फोकस, कहा-**

# हमारी सरकार में आदिवासी केंद्रबिंदु में रहेंगे

प्रमुख संवाददाता | बसिया

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा खूंटी से चल कर गुमला पहुंची. यहां बसिया में राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया. इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां ईडी और सीबीआई विपक्ष पर आक्रमण कर रही हैं. केंद्र सरकार सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर रही है. हर जगह चुनी हुई सरकार गिराने की साजिश की जा रही है. राहुल गांधी ने हेमंत सरकार गिराने की साजिश पर भी भाजपा पर निशाना साधा. रांची में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के साथ हुए मुलाकात के सवाल पर कहा कि यह गोपनीय है. शुभम संदेश और लगातार डॉट इन के संवाददाता ने जब राहुल गांधी से वन अधिकार अधिनियम को बेहतर तरीके से झारखंड में लागू करने को लेकर सवाल किया. तो राहुल गांधी ने इसको गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस मसले में वो मुख्यमंत्री से बात करेंगे.

**कांग्रेस की सरकार बनी तो नयी फाइनेंस पॉलिसी लाएंगे :** राहुल ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही जीएसटी में बदलाव करेंगे. उन्होंने नयी फाइनेंस पॉलिसी लाने का वादा किया. कहा कि इस पॉलिसी में आदिवासी, दलित और कमजोर वर्गों को रोजगार करने में सुविधा होगी. इससे देश में रोजगार बढ़ेंगे. राहुल ने कहा कि मेरी सरकार बनी, तो सबसे पहले जातिगत जनगणना कराएंगे. सामाजिक न्याय के लिए यह मेरा पहला कदम होगा. उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की जनसंख्या कितनी है, इसका पता नहीं है. राहुल ने कहा कि आदिवासी हमारी सरकार के विकास के केंद्र में होंगे.

**गिनवाए देश में हो रहे 5 तरह के अन्याय :** राहुल ने कहा कि पिछले साल हमने भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया था. इस दौरान हमने देश में फैली नफरत और हिंसा के खिलाफ कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी. उस यात्रा में ओडिशा, झारखंड, पूर्वोत्तर और बाकी प्रदेशों से कई लोग आये थे. इन जगहों से आये लोगों ने कहा कि ओडिशा, झारखंड, बिहार और पूर्वोत्तर देशों का क्या होगा. आपको इन जगहों से भी यात्रा करनी चाहिए. राहुल ने आगे कहा कि इस साल दूसरी यात्रा शुरू की. उन्होंने कहा कि इस भारत जोड़ो यात्रा में हमने न्याय शब्द जोड़ा है. कहा कि हमें लगता है कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा अन्याय का है. राहुल गांधी ने पांच तरह के अन्याय की व्याख्या की, जो देश के लोगों के साथ हो रही है. पहला सामाजिक अन्याय, दूसरा आर्थिक, तीसरा महिलाओं के खिलाफ, चौथा किसानों के खिलाफ अन्याय और श्रमिकों के खिलाफ अन्याय है. उन्होंने कहा कि इन पांच अन्यायों के खिलाफ वो लड़ने निकले हैं.



- पूरे देश में ईडी-सीबीआई विपक्ष पर कर रही है आक्रमण
- कांग्रेस की सरकार बनी तो जीएसटी में करेंगे बदलाव
- नयी फाइनेंस पॉलिसी लायेंगे, देश में बढ़ायेंगे रोजगार
- वनाधिकार अधिनियम पर झारखंड के सीएम से करेंगे बात

**पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने पूछा भाजपा से सवाल**

## कुत्ते ने बिस्किट नहीं खाया तो दिक्कत क्या है ?

**बसिया।** लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक आते-आते राजनीति भी जोर पकड़ने लगी है. इस समय भाजपा कुत्ते को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है. ताजा मामला भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान का है. बीजेपी ने एक वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक कुत्ते को बिस्किट खिला रहे थे और जब उसने नहीं खाया तो राहुल गांधी ने वही बिस्किट अपने कार्यकर्ता को दे दिया. इस तरह का दावा करते हुए बीजेपी ने एक वीडियो शेयर किया था जो वायरल हो गया. मामले पर राहुल गांधी ने सफाई दी है. उन्होंने कहा, मैंने कुत्ते और मालिक को बुलाया. कुत्ता घबराया हुआ था, कांप रहा था और जब मैंने उसे खिलाने की कोशिश की, कुत्ता डर गया. इसलिए मैंने कुत्ते के मालिक को बिस्किट दिए और कुत्ते ने उसके हाथ से बिस्किट खा लिया. मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसमें क्या समस्या है. जब उनसे बीजेपी के इस आरोप के बारे में पूछा गया कि वह आदमी कांग्रेस कार्यकर्ता था, तो उन्होंने कहा, नहीं, वह कांग्रेस कार्यकर्ता कहां था. मैं कुत्तों के प्रति बीजेपी के जुनून को समझ नहीं पा रहा हूं.

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, बीजेपी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया था कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कुत्ते को दिया हुआ बिस्किट पार्टी कार्यकर्ता की ओर बढ़ा दिया. साथ ही इस घटना से जुड़ा हुआ एक वीडियो भी शेयर किया. बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, अभी कुछ दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी बूथ एजेंटों की तुलना कुत्तों से की और राहुल गांधी अपनी यात्रा में एक कुत्ते को बिस्किट खिला रहे हैं और जब उस कुत्ते ने नहीं खाया तो वही बिस्किट उन्होंने अपने कार्यकर्ता को दे दिया. जिस पार्टी का अध्यक्ष और युवराज अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कुत्ते की तरह व्यवहार करे तो ऐसी पार्टी का लुप्त होना स्वाभाविक है.

## राहुल ने जाना भालू टोली का इतिहास, हुआ भव्य स्वागत



**तोरपा।** तोरपा से बसिया जाने के क्रम में राहुल गांधी और जयराम रमेश भालू टोली पहुंचे. ग्रामीणों ने राहुल का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया. भालू टोली में रुककर राहुल ने चाय पी और चाय पर चर्चा करते हुए भालू टोली के नामकरण को जाना. ग्रामीणों ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने यहां पर भालू को मारा था. इसके बाद यहां जंगल साफ कर गांव बसा. दयामणि बारला ने चाय पर चर्चा करते हुए राहुल गांधी को बताया इस इलाके का इतिहास संघर्षपूर्ण रहा है. जहां लोगों ने मित्तल कंपनी को खदेड़ने का काम किया है. इस इलाके के लोग का आज भी संघर्ष जारी है. राज्य में सीएनटी कानून लागू नहीं होने के कारण आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है, जिसके बाद राहुल गांधी ने पूछा कि क्या जमीन अधिग्रहण के पांच साल तक उसका उपयोग नहीं होने पर भूमि वापसी की जाती है या नहीं, उस पर दयामनी बारला ने कहा नहीं. साथ ही उन्होंने पेसा कानून की नियमवाली नहीं होने की जानकारी भी राहुल गांधी को दी. इसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा कामडारा में रुकी, जहां पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसके बाद यात्रा बसिया में रुकी, जहां राहुल ने भोजन किया. साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात की.



राहुल गांधी को भालू टोली के ग्रामीणों ने भेंट किया तीर-धनुष.

## रेलमंत्री से मिले सांसद समीर उरांव

**रांची।** सांसद समीर उरांव ने नई दिल्ली में रेलमंत्री से मुलाकात की और उन्हें झारखंड में रेल परियोजनाओं के विकास के लिए पर्याप्त बजटीय अनुशंसा के लिए आभार जताया. जनजाति क्षेत्र के विकास के लिये लोहरदगा, गुमला, जमशेदपुर, रेल लाइन निर्माण के लिए पर्याप्त फंड की स्वीकृति के लिये सांसद के अनुरोध पर रेलमंत्री ने सकारात्मक स्वीकृति देने के लिए आश्वस्त किया. रांची की तमाम संस्था तथा आसपास के जिले के यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए रेलमंत्री ने जल्द ही निर्देश जारी करने की बात कही.

## चांडिल स्टेशन का किया निरीक्षण

**चांडिल ।** चांडिल जंक्शन स्टेशन के विकास कार्य को लेक दक्षिण-पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने चांडिल स्टेशन का निरीक्षण किया. चांडिल स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया जाएगा. अनिल कुमार के निर्धारित कार्यक्रम के तहत किए गए निरीक्षण के लिए स्टेशन परिसर में चाक-चौबंद व्यवस्था किया गया था. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इसके तहत चांडिल से अनाड़ा तक दो रेलवे लाईन आ रही है और पीछे से भी दो लाइनें आ रही है. यहां पर चार मुख्य लाइनें होगी.

**भाजपा ने लिखी हेमंत सरकार को अपदस्थ करने की पटकथा, ईडी ने किया रूपांतर**

# ईडी के साथ नयी कहानी गढ़ रहे मरांडी: सुप्रियो

विशेष संवाददाता | रांची

झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार किया है. पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मरांडी भाजपा और ईडी के गठजोड़ की पोल खुलने के डर से नयी कहानी गढ़ रहे हैं. एक तो आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित अल्पसंख्यक एवं युवाओं के हृदय सम्राट हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ करने की पटकथा भाजपा ने लिखी. जिसका रूपांतर ईडी के द्वारा कराया गया. अब इसकी कलई खुलने के डर से नयी कहानी गढ़ रहे हैं, नए पात्र चुने जा रहे हैं, तिथियां चुनी जा रही है.

भट्टाचार्य ने जारी एक बयान में कहा कि आखिर जब सत्र चल रहा था और सदन में सदस्य के रूप में बाबूलाल उपस्थित थे, तो यह बात उन्होंने सदन में क्यों नहीं की. क्या वो भूल गए कि कल जब हेमंत ने भाजपा को ललकारते हुए कहा था कि कथित साढ़े आठ एकड़ की जमीन के दस्तावेज सदन में पटक कर दिखाओं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा, तब उनको क्या डर सता रहा था कि रात भर जग कर ईडी के अधिकारियों के साथ बैठ कर इस तरह की कहानी गढ़ी.



**नेता प्रतिपक्ष ने बाबूलाल को सदन में बोलने क्यों नहीं दिया :** भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें बोलने का मौका तक नहीं दिया, क्योंकि वे जानते थे कि बाबूलाल सदन में असत्य बोलेंगे और उनके वक्तव्य पर कार्रवाई भी हो सकती थी. इसलिए उन्हें बोलने का मौका तक नहीं दिया.

**नीलकंठन ने सदन में क्यों नहीं दिये अपने वक्तव्य**

भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने अपने पक्ष में दिये गए समय का उपयोग करते हुए अपने सबसे वरिष्ठ आदिवासी विधायक नीलकंठा मुंडा को बोलने के लिए अधिकृत किया तो वो अपने आत्मग्लानी से वक्तव्य नहीं दिया. क्योंकि उन्होंने पश्चाताप करने के लिए आदिवासी जनमानस के विरूद्ध नहीं जाने का निर्णय लिया. उनकी पार्टी के प्रखर वक्ता विधायक भानु प्रताप शाही ने चंपाई सरकार के गठन को भागवान राम से जोड़ा, फुहड़ता की हद तो तब हो गयी जब उन्होंने इस प्रकरण से पाकिस्तान को जोड़ा. भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी सदन में इतने बेखबर क्यों रहते हैं. उन्हें याद होना चाहिए कि जब आजसू ने सीजीएल प्रश्न पत्र लीक का मामला उठाया तो सदन नेता चंपाई सोरेन ने सदन को आश्वस्त किया कि वो इसे गंभीरता से लेते हैं. सदन समाप्ति के पश्चात उन्होंने एसआईटी का गठन करने का आदेश पारित किया. बाबूलाल भूल गए थे कि उनके कार्यकाल में प्रथम और दूसरे जेपीएससी चयन परीक्षा में किस प्रकार का भ्रष्टाचार हुआ. उनके निकटतम तत्कालीन जेपीएससी अध्यक्ष सहित सदस्यों को जेल जाना पड़ा. जिस पर अभी तक कोर्ट में मामला चल रहा है.

## काला धन छुपाने के लिए दूसरे के नाम से जमीन ली : मरांडी



विशेष संवाददाता | रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर एक बार प्रहार किया है. मरांडी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हेमंत सोरेन अभी ईडी की कस्टडी में हैं, लेकिन चंपाई सरकार विश्वास प्रस्ताव के बाद ऐसा बोल रही थी जैसे उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है. चुनौती देते हुए राजनीति से संयास लेने तक की बात कर रहे थे. मरांडी ने कहा कि कोई चोर चोरी पकड़े जाने पर स्वीकार नहीं करता है. उन्होंने बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन के चौकीदार संतोष मुंडा की ऑडियो वीडियो दिखायी, जिसमें उसने जमीन का मालिक हेमंत सोरेन को बताया है. हेमंत सोरेन ने अपनी काली कमाई को छुपाने के लिए जमीन में पैसे इंवेस्ट करने का तरीका अपनाया. बरियातू स्थित पत्थर के चारदीवारी से घिरी 8.5 एकड़ जमीन को हेमंत सोरेन ने किसी और के नाम से खरीदा. उन्होंने कहा कि इसी के कारण इस मामले की जांच मनी लांड्रिंग के तहत की जा रही है, अन्यथा नाम से होने पर इसकी जांच आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की धाराओं के तहत होती. बाबूलाल ने कहा कि 7 अगस्त 2023 को जब ईडी ने हेमंत को पहला समन भेजकर 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया, तब वह स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण हाजिर नहीं हुए, क्योंकि वह ईडी की कारवाई को भांप गए. हेमंत ने 16 अगस्त को राजकुमार पाहन नामक व्यक्ति ने आवेदन किया कि उपर्युक्त जमीन उनके अधीन है और दूसरे अधिकृत व्यक्ति का नाम इस जमीन से खारिज किया जाए.

### नाम बदलकर हेमंत ने खरीदी है जमीन

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोरेन परिवार द्वारा जमीन लूट का तो यह एक नमूना है. नाम बदलकर शिबू सोरेन परिवार ने जमीन खरीदे हैं. हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गए. शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया. दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया. मरांडी ने कहा कि दुमका के खजुरिया में हेमंत सोरेन के विशाल बंगले की बाउंड्री के भीतर आधी जमीन का मालिकाना हक योगेंद्र तिवारी के नाम है.

### जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच हो

मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि हम सीबीआई जांच कराकर ही दम लेंगे. यह 6 लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित छात्रों पर मुकदमा दर्ज करा रही, जबकि उन्हें जेएसएससी के अध्यक्ष और परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर मुकदमा दर्ज करनी चाहिए.

**डीलिस्टिंग बिल को जनजाति सुरक्षा मंच की हुई बैठक, 9 फरवरी को धरना**

# बिल पारित करके केंद्र भेजे सरकार

विशेष संवाददाता | रांची

डीलिस्टिंग बिल को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच 9 फरवरी को राजभवन के निकट धरना देगा. इस धरने के माध्यम से सरना धर्म की तरह डीलिस्टिंग बिल को विधानसभा से पारित कराकर केंद्र को भेजे जाने की मांग की जाएगी. यह निर्णय मंगलवार को मंच की अरोग्य भवन में आयोजित बैठक में लिया गया. धरना के बाद एक-एक ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा. बैठक में कहा गया कि जनजाति सुरक्षा मंच सभी से अपील करता है कि आप स्व. कार्तिक उरांव की जन्म शताब्दी वर्ष के अंदर पुनः अपने स्वःधर्म में वापस आयें. अन्यथा आप लोगों का डीलिस्ट होना तय है. अभी वर्तमान समय में ईसाई धर्मावलंबी सभी केंद्र सरकार एवं झारखंड सरकार का आरक्षण रोस्टर पिछड़ी जाति में सूचीबद्ध है और वे जनजाति का आरक्षण का लाभ ले रहे रहें, इस पर सरकार अविलंब रोक लगाएं. यही कारण है कि इतना-इतना आरक्षण होने के बावजूद भी आदिवासी गरीब व मजदूरी तथा दाई काम करने के लिए मजबूर हैं. वर्तमान समय में जो जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है.



# विधायक सुखराम उरांव के पुत्र के प्रीतिभोज में पहुंचे सीएम चंपाई

शंभु कुमार | चक्रधरपुर

चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव के ज्येष्ठ पुत्र सन्नी उरांव के विवाहोत्सव के प्रीतिभोज कार्यक्रम में मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने चक्रधरपुर के वनमालीपुर पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया. प्रीतिभोज कार्यक्रम चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास परिसर में आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री के साथ कई विधायक, पूर्व मंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए.



**सीएम ने स्व. लट्टू उरांव की प्रतिमा का अनावरण किया**

वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास पहुंचने पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सबसे पहले आवास परिसर में स्थापित विधायक सुखराम उरांव के पिता स्व. लट्टू उरांव की प्रतिमा का अनावरण किया. इसके बाद विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सन्नी उरांव, पुत्र वधु उषा टोप्पो को विवाह की शुभकामनाएं व आर्शीवाद देकर प्रीति भोज में शामिल हुए.

**चित्रपट**

**हजारीबाग से बनी फिल्म 'पुनर्जागरण' 16 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज**

# बड़े सपने को साकार करने में जुटे हैं हजारीबाग के गजानंद पाठक

संवाददाता | हजारीबाग

वर्तमान दौर में जहां ग्लैमर और पाश्चात्य संस्कृति समाज में हावी है. ऐसे समय में अधिकतर लोग छोटे शहरों से निकलकर अपने सपने पूरे करने के लिए महानगरों की चकाचौंध में जद्दोजहद करते दिखते हैं.उनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपनी सोच को सार्थक बनाने के लिए छोटे शहरों से भी न सिर्फ बड़े सपने देखते हैं, बल्कि उन्हें साकार करने में भी सफल हो जाते हैं. हजारीबाग के एक ऐसे ही शख्स हैं गजानंद पाठक, जिन्होंने कोरोना ग्रसित होने के बाद समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने की ठानी. उनकी जिद्द और जुनून ने हजारीबाग जैसे छोटे शहर से उनकी फिल्म निर्माण के सपने को साकार किया.

गजानंद पाठक ने समाज के युवा पीढ़ी में धर्म और आध्यात्म के साथ इंसानियत और राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने को लेकर पहले विश्व स्तर पर हिंदू धर्म को श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरित और उनके संदेशों से ओत-प्रोत हिंदी फिल्म "पुनर्जागरण" का निर्माण किया, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा पर रिलीज़ हुआ और दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया. इस फिल्म में शत प्रतिशत कलाकार हजारीबाग से थे. जिन्होंने पूरी कौशल क्षमता को झोंक दी.

### पुनर्जागरण के बाद जगतगुरु श्री रामकृष्ण

फिल्म "पुनर्जागरण" की अपार सफ़लता के बाद महामानव स्वामी विवेकानंद के गुरु भारत के महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक सह मां काली के अनन्य भक्त जगतगुरु रामकृष्ण परमहंस के जीवनी पर आधारित फिल्म "जगतगुरु श्री रामकृष्ण" का निर्माण वीईसी फिल्म के बैनर तले किया है. इस फिल्म के निर्माता गजानंद पाठक हैं और निर्देशक डॉ. बिमल कुमार मिश्रा हैं. इस फिल्म में गजानंद पाठक ने जगतगुरु रामकृष्ण परमहंस की भूमिका निभाते हुए अपने आत्मीय कलाकारी को बखूबी प्रदर्शित किया है. हजारीबाग के युवा कलाकार अमरकांत ने युवा रामकृष्ण साधक की भूमिका निभायी है. श्रेष्ठा भट्टाचार्य ने गुरु रामकृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक सहधर्मिणी और रामकृष्ण संघ की 'श्रीमाँ' की भूमिका को जीवंत किया है. हजारीबाग के मुकेश राम प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद की भूमिका को जीवंत किया है. इसके अलावे हजारीबाग के लोकप्रिय कलाकारों में से चांदनी झा, मनोज पांडेय, दीपक घोष, संजय तिवारी, प्रसन्न मिश्रा, प्रशांत कुमार पांडेय सहित अन्य ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार जलवा बिखेरा है. इस फिल्म में प्रसिद्ध भजन सम्राट अनूप जलोटा, सुरेश वाडकर एवं महालक्ष्मी अय्यर ने इसके गीतों को आवाज दी है. संगीतकार अजय मिश्रा ने इस फिल्म में संगीत दिया है जिन्होंने देवों के देव महादेव टीवी सीरियल में संगीत दिया था. गीतकार डॉ. हरे राम पांडेय हैं, जबकि छायांकन राहुल पाठक ने किया है. फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का पूरा काम मुम्बई में कराया गया है. इस फिल्म को केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा यू सर्टिफिकेट भी दिया गया है.आगामी 16 फरवरी को यह फिल्म रिलीज़ होगी. फिल्म के निर्माता गजानंद पाठक ने बताया कि हजारीबाग, रामगढ़ एवं गिरिडीह जिले के सिनेमाघरों में इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा इसके बाद इसे अन्य राज्यों के साथ भारत के अन्य हिस्सों में पहुंचाया जाएगा .



## भाजपा को कमजोर कर रहे हैं निशिकांत दुबे : रंधीर सिंह

विशेष संवाददाता | रांची

भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को अब अपनों से ही खरी-खोटी सुननी पड़ रही है. भाजपा विधायक रंधीर सिंह ने दूबे पर बड़ा हमला किया है. उन्होंने दूबे को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे लगातार गलत ट्वीट कर भाजपा को कमजोर कर रहे हैं, संगठन की स्थिति हास्यापद कर रहे हैं. रणधीर सिंह ने कहा कि निशिकांत दुबे अपने गैर जिम्मेदार ट्वीट के जरिए झारखंड की राजनीति पर टिप्पणी करते रहते हैं. इससे कई बार भाजपा कार्यकर्ता ठगा महसूस करते हैं. उनके ट्वीट से पार्टी की छवि भी दागदार हो रही है. रंधीर सिंह के अनुसार निशिकांत ने एक बयान में कहा कि सोरेन पारिवार में सीएम की कुर्सी को लेकर मारामारी की स्थिति है. सीता सोरेन और बसंत सोरेन के पक्ष में 18 विधायक पार्टी से बगावत करने के मुद्रा में हैं, मगर सारे अनुमान और ट्विट चंपाई सोरेन सरकार के बहुमत साबित करने के बाद धराशाही हो गए. रंधीर सिंह ने निशिकांत को सलाह देते हुए कहा, आप सांसद हैं, तो आपको केंद्र की हालत पर नजर रखनी चाहिए .रणधीर सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार में जेल गए, यहां तक निशिकांत का बयान सही था, लेकिन कितने विधायक उनके संपर्क में हैं, इस पर अपनी राय देकर निशिकांत ने सही नहीं किया. रणधीर ने कहा कि वे गोड्डा के सांसद हैं पार्टी के मालिक नहीं है.

# आत्मनिर्भता के नरेटिव के बीच

भारतीय अर्थव्यवस्था इन दिनों दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रही है. इसका मूल कारण तो यही है कि भारत की अर्थव्यस्था की गति और विकास दर के आंकड़े और विकास दर के अनुमान को ले कर दुनिया चकित है. इस बीच अमेरिकी राजदूत ने कुछ दोस्ताना लहजे में भारत की आर्थिकी को लेकर कुछ सवाल उठाये हैं. भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश करते हुए आत्मविश्वास का परिचय दिया. इस आत्मविश्वास के कारणों को ले कर भी तरह तरह की बातें की जा रही हैं, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था को ले कर दुनिया में एक तबका शंकालु भी है. इन शंकाओं के बावजूद इन दिनों पश्चिमी हस्तियों और मीडिया के बीच आम ट्रेंड आर्थिक मामलों में भारत को एक चमकती संभावना बताने का है. इसके पीछे एक वजह तो यह है कि उन देशों की कंपनियों को भारत के उच्च एवं उच्च-मध्यम वर्ग में एक लाभदायक बाजार नजर आता है. उनका दूसरा मकसद भारत को चीन के बरक्स खड़ा कर एक समानांतर कथानक प्रचारित करना है. इसलिए जब कोई जिम्मेदार पश्चिमी अधिकारी भारत की आर्थिक स्थिति या नीतियों की आलोचना करता हो, तो यह बात ध्यान खींचती है. बेहतर होगा कि भारत के सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े लोग भी ऐसी प्रतिकूल टिप्पणियों में निहित अर्थ एवं संदेशों को समझने की कोशिश करें. ऐसी एक आलोचना पिछले हफ्ते भारत स्थित अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी से सुनने को मिली. जाहिर है, उन्होंने ये बातें पश्चिमी हितों के नजरिए से कीं. लेकिन हकीकत तो यही है कि भारत की वर्तमान अर्थनीति में पश्चिमी पूंजी और बाजार का बड़ा महत्त्व बना हुआ है. गारसेटी ने भारत के टैक्स नियमों, निर्यात नियंत्रण और बौदधिक संपदा संरक्षण की व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि इन मोर्चों पर बिना "सुधार" किए पश्चिमी देशों से भारत अधिक गहरे आर्थिक रिश्ते नहीं बना पाएगा. गारसेटी ने कहा कि इन कारणों से बहुत सारा निवेश भारत को नजरअंदाज कर वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में चला जा रहा है. उन्होंने आगाह किया कि यह आग्रह देश के आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकता है कि हर चीज भारत में ही बननी चाहिए. तो जाहिर है कि अमेरिकी राजदूत ने नरेंद्र मोदी सरकार की "आत्म-निर्भर" भारत की नीति पर सवाल खड़े किए हैं. इसे इस रूप में भी देखा जा सकता है कि अब आत्म-निर्भरता की नीति और पश्चिमी अर्थव्यवस्था से भारत के जुड़ाव की प्राथमिकता के बीच तीखा अंतर्विरोध खड़ा हो रहा है. यानी ज्यादा समय तक इन दोनों मकसदों में तालमेल बनाकर चलना आसान नहीं होगा. यह भारत सरकार को तय करना होगा कि उसे "आत्म-निर्भर" भारत बनाना है, या पश्चिमी अर्थव्यवस्था से जुड़कर चलना है. "आत्म-निर्भर" बनना है, तो फिर अर्थव्यवस्था के पूरे स्वरूप को उसी उद्देश्य के अनुरूप ढालना होगा. अर्थव्यवस्था का पूरा नरेटिव एक नए तरीके से विमर्श की भी मांग करता है.

> भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश करते हुए आत्मविश्वास का परिचय दिया. इस आत्मविश्वास के कारणों को ले कर भी तरह तरह की बातें की जा रही हैं, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था को ले कर दुनिया में एक तबका शंकालु भी है.

## सुभाषित

**विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन्।**
**स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥**

विद्वत्ता और राजपाट के बीच कभी तुलना नहीं की जा सकती है. इसलिए कि एक राजा को उसके अपने राज्य में ही मान सम्मान मिलता है, लेकिन एक विद्वान जहां कहीं भी जाता है, सर्वत्र उसका सम्मान होता है.

# विकास की संभावनाओं का अंत!

**बिहार समाजवादी राजनीति का पुराना गढ़ रहा है. 1934 में यहीं कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी. जयप्रकाश नारायण, लोहिया, कर्पूरी ठाकुर आदि ने बिहार में समाजवादी आंदोलन को गांव-गांव तक फैलाया था. लालू, रामविलास, नीतीश सब इसी आंदोलन से जुड़े रहे. मंडल दौर के बाद अनेक कारणों से यही लोग बिहारी राजनीति की मुख्यधारा बन गए. लेकिन विचारधारा पर व्यक्तिवाद के प्रभाव के कारण ये तीनों अलग हुए और भाजपा को यहां जमीन मिलती चली गई.**



• देश-काल



प्रेमकुमार मणि


बिहार आर्थिक-सामाजिक तौर पर अपने पिछड़ेपन को लेकर देश-दुनिया में चर्चित है. प्रति व्यक्ति आय बहुत कम है और स्वाभाविक है इसके कारण यहां का जीवन-स्तर भी कमजोर है. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के मामले में देश के बाकी हिस्सों से यह बहुत पीछे है. यही सब मुद्दे 1974 के जयप्रकाश आंदोलन के भी थे और 1994 के नीतीश कुमार के जनता दल से अलग होने के भी, जब उन्होंने समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में लालू प्रसाद की अगुवाई वाले अपने ही कुनबे जनतादल से विद्रोह कर समता पार्टी का निर्माण किया था. तब बिहार में लालू प्रसाद मुख्यमंत्री थे. बिहार उन दिनों जातिवादी हिंसा और नरसंहारों की लगातार हो रही घटनाओं केलिए चर्चित था. कांग्रेस के शासनकाल में ही आरम्भ हुए इन नरसंहारों में एकबारगी बढ़ोतरी हो गई थी. इसका कारण संभवतः बिहार का सामाजिक पिछड़ापन ही था, जहां जातपात के प्रश्न सबसे ऊपर थे. लालू प्रसाद ने अपने तरीके से इसे एक चुनौती दी, लेकिन कुछ दूसरी समस्याएं भी पैदा कर दीं. जब वह चारा-घोटाले में फंसे तब उनका राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा. 1997 में जेल जाने के पूर्व अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना कर उन्होंने अपने ही समाजवादी चरित्र की चिन्दी कर दी, क्योंकि लोहियावादी सोशलिस्ट कुछ मामलों में अत्यंत शुचितावादी थे. वंशवादी-परिवारवादी राजनीति के वे कटु आलोचक हुआ करते थे, क्योंकि इससे उनके अनुसार राजतंत्रीय संस्कारों की बू आती थी. लालू प्रसाद ने समाजवादी राजनीति के साथ इसे जबरन नत्थी कर दिया था. वही दौर था, जब देश में भगवा राजनीति का ग्राफ तेजी से ऊपर उठ रहा था. 1992 में बाबरी मस्जिद ढांचे के ध्वस्त किए जाने पर भाजपा कुछ समय केलिए राजनीतिक अछूत जैसी हो गई थी. बावजूद उसकी हिन्दू अपील भारतीय समाज के बड़े हिस्से में बढ़ती जा रही थी. बिहार में भाजपा अपना विस्तार चाहती थी. उसने नीतीश कुमार की समता पार्टी से हाथ मिलाया और धीरे-धीरे बढ़ने लगी. देश भर में भाजपा के तेजी से फैलाव ने अपनी तमाम जातिवादी-परिवारवादी और आर्थिक भ्रष्टाचार से युक्त लालू प्रसाद की राजनीति को भी प्रासंगिक बना दिया, क्योंकि लोगों को लगा कि भाजपा को चुनौती देने में लालू ही सक्षम हैं. इसी कारण उनके धुर-विरोधी कांग्रेस और वाम दल भी अंततः उनके साथ आने को मजबूर हुए.

नीतीश कुमार भाजपा के साथ बढ़ रहे थे. 2005 में कायदे से उन्हें सफलता मिली, जब वह बिहार के मुख्यमंत्री बने. 2010 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद की पार्टी को उन्होंने बहुत बौना कर दिया. लालू प्रसाद का दल वैधानिक प्रतिपक्ष की हैसियत भी हासिल नहीं कर सका, लेकिन अभी भी नीतीश स्पष्ट बहुमत से थोड़ी दूर थे. उन्हें भाजपा के साथ ही सरकार बनाने की मजबूरी थी. लेकिन इसी बीच नीतीश का समाजवादी बुखार एकबारगी उफान के साथ चढ़ा और उन्होंने 2013 में स्वयं को भाजपा से अलग कर लिया. इसके परिणाम अच्छे नहीं आए. उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिली और झक मार कर उन्होंने लालू प्रसाद के साथ राजनीतिक गठजोड़ किया. इस गठजोड़ ने बिहार में भाजपा की खटिया खड़ी कर दी. यह 2015 का साल था.

बिहार समाजवादी राजनीति का पुराना गढ़ रहा है. 1934 में यहीं कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी. जयप्रकाश नारायण, लोहिया, कर्पूरी ठाकुर आदि ने बिहार में समाजवादी आंदोलन को गांव-गांव तक फैलाया था. लालू, रामविलास, नीतीश सब इसी आंदोलन से जुड़े रहे. मंडल दौर के बाद अनेक कारणों से यही लोग बिहारी राजनीति की मुख्यधारा बन गए. लेकिन विचारधारा पर व्यक्तिवाद के प्रभाव के कारण ये तीनों अलग हुए और भाजपा को यहां जमीन मिलती चली गई, लेकिन अनेक उतार-चढ़ाव के बाद जब पिछले 2022 में नीतीश और लालू एक बार फिर मिले. तब लोगों को लगा भाजपा को बिहार से एक राजनीतिक चुनौती मिल सकती है. भारत के लोग भूलते बहुत जल्दी हैं. नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के पिछले इतिहास को भूलते हुए लोगों ने एकबार फिर भरोसा किया और इसी भरोसे पर भाजपा विरोधी इंडी-गठबंधन का एक खाका बना, लेकिन पिछले 28 जनवरी को बिहार में अचानक जो हुआ उसने सबको आश्चर्य में डाल दिया. बिना कोई कारण बताए नीतीश एकबार फिर भाजपा के साथ हो लिए.

अब पूछा जा रहा है कि नीतीश का राजनीतिक भविष्य क्या होगा. कोई भी इसका केवल अनुमान लगा सकता है. मुख्यमंत्री के तौर पर वह लम्बी पारी खेल चुके हैं और उम्र भी 73 हो चुकी है. पिछले दिनों अपने वक्तव्यों और हरकतों को लेकर वह कई दफा हास्यास्पद बन चुके हैं. पिछले 28 जनवरी की घटना ने उन्हें और अधिक हास्यास्पद बना दिया है. लेकिन इन सबके होते जितने लोग उनके साथ जुड़े हैं और राजपाट की जो ताकत है उसके कारण आगामी लोकसभा चुनाव को वह प्रभावित करने में सफल होंगे, इसकी पूरी उम्मीद है. यह सच है कि यदि उन्हें अलग हो कर चुनाव लड़ना पड़े तो आज वह बुरी तरह पिट जाएंगे. लेकिन अब वह मुख्य शक्ति नहीं सहायक शक्ति होंगे और इस रूप में उनकी प्रभावी भूमिका होगी. लोकसभा के आगामी चुनाव में महागठबंधन दलों. जिसमें अब राजद और कांग्रेस मुख्यरूप से है, केलिए गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है. नीतीश की अपनी राजनीतिक ताकत सात-आठ फीसद वोट ट्रांसफर करने की जरूर है. यह वोट भाजपा गठबंधन से जुड़ते ही महागठबंधन एकबार फिर 2019 की स्थिति में आ सकता है, जब विपक्षी खेमे में केवल कांग्रेस को एक सीट मिल सकी थी.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अनर्थक जड़-ज्ञान

हर उस ज्ञान का कोई अर्थ नहीं, जिसके साथ बुध्दि, विवेक, सजगता और सावधानी न हो.

हंसः श्वेतो बकः श्वेतो को भेदो बकहंसयोः.
नीरक्षीरविवेके तु हंसः हंसो बको बकः.

रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से वार्तालाप में एक बार बताया कि ईश्वर द्वारा बनायी गयी इस सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः प्रत्येक जीव के लिए हमें अपने मन में आदर एवं प्रेम का भाव रखना चाहिए. एक शिष्य ने इस बात को मन में बैठा लिया. कुछ दिन बाद वह कहीं जा रहा था. उसने देखा कि सामने से एक हाथी आ रहा है. हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था - सामने से हट जाओ, हाथी पागल है. वह मेरे काबू में भी नहीं है. शिष्य ने यह बात सुनी, पर उसने सोचा कि गुरुजी ने कहा था कि सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः इस हाथी में भी परमेश्वर होगा. फिर वह मुझे हानि कैसे पहुंचा सकता है ? यह सोचकर उसने महावत की चेतावनी पर कोई ध्यान नहीं दिया. जब वह हाथी के निकट आया, तो परमेश्वर का रूप मानकर उसने हाथी को साष्टांग प्रणाम किया. इससे हाथी भड़क गया. उसने शिष्य को सूंड में लपेटा और दूर फेंक दिया. शिष्य को बहुत चोट आयी. वह कराहता हुआ रामकृष्ण परमहंस के पास आया और बोला - आपने जो बताया था, वह सच नहीं है. यदि मुझमें भी वही ईश्वर है, जो हाथी में है, तो उसने मुझे फेंक क्यों दिया ? परमहंस जी ने हंस कर पूछा - क्या हाथी अकेला था ? शिष्य ने कहा - नहीं, उस पर महावत बैठा चिल्ला रहा था कि हाथी पागल है. उसके पास मत आओ. इस पर परमहंस जी ने कहा - पगले, हाथी परमेश्वर का रूप था, तो उस पर बैठा महावत भी तो उसी का रूप था. तुमने महावत रूपी परमेश्वर की बात नहीं मानी, इसलिए तुम्हें हानि उठानी पड़ी. कथा का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक धारणा को, उसमें निहित विचार को विवेक बुद्धि से ग्रहण करना चाहिए. भक्ति या आदर भाव से ज्यों का त्यों पकड़ना, सरलता नहीं, मूढ़ता है. उससे लाभ के बजाय हानि की आशंका ही अधिक रहती है. विवेक-बुद्धि का सहारा नहीं लेने के कारण ही अंधविश्वास अपनी पैठ बनाता है और कई अनर्थों का कारण बनता है. इसलिए, भक्ति-भाव में विवेक का सहारा अवश्य होना चाहिए. बेशक ! विचार-विलास भरी वक्रता न हो, स्थितप्रज्ञ सम जड़ता भी किसी काम की नहीं है.

# सरकार के आत्मविश्वास का कारण क्या है

• कॉर्पोरेट्स

बादल सरोज

एक फरवरी को संसद में पेश किया गया बजट, भारत के इतिहास का संभवतः पहला ऐसा बजट है, जिसमें ठीक चुनाव के पहले लाये जाने के बावजूद जनता के किसी भी हिस्से को किसी भी तरह की राहत नहीं दी गयी, बल्कि इससे उलट ऐसे कई प्रस्ताव किये गए हैं, जिनसे व्यक्ति, परिवार और पूरे वर्ग की जिन्दगी की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं. इस समय देश में दो पीड़ाएं सबसे ज्यादा मुखर हैं, पहली है बेरोजगारी, ऐसी बेरोजगारी जो भारत ने पिछली आधी सदी में कभी नहीं देखी. नए रोजगार आ नहीं रहे, पहले से चली आ रही नौकरियां खत्म हो रही हैं. इसी का एक रूप अर्ध बेरोजगारी है. तीसरा हिस्सा वह है जिन्हें कथित रूप से रोजगार मिला है, किन्तु वे अत्यंत दयनीय अल्प वेतन और बिना साप्ताहिक अवकाश के 12-12 घंटे काम की त्रासद वर्किंग कंडीशन में काम कर रहे हैं. यह बेरोजगारी से ज्यादा बदतर सजा है. दैनिक इस्तेमाल में आने वाली चीजों की महंगी से महंगी होती कीमतें. मोदी राज की विशेषता यह है कि इसने महंगाई के अब तक के स्वीकृत मांग और पूर्ति के अर्थशास्त्री सिद्धांत को अप्रासंगिक बना दिया है. फसल आने के समय अनाज का सस्ता होना, ज्यादा पैदावार हो जाने से माल की कीमत गिरना अब पूरी तरह बंद हो चुका है, क्योंकि अब इस धंधे में भी कॉर्पोरेट्स आ गए हैं, जिनके पास लगाने के लिए पैसा और संग्रह करने के लिए भंडारण क्षमता है. यह कमाल का बजट है जो महंगाई की बात ही नहीं करता. इससे उलट यह देश की सबसे बड़ी जनसंख्या वाली किसान, खेत मजदूर सहित ग्रामीण आबादी पर तो कहर की तरह बरपा है. भारत के किसान की बर्बादी के जो तीन मुख्य कारण हैं उन तीनों को कम करने की बजाय यह बजट उन्हें और बढाता है. फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मद में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है उलटे उसकी मद में पहले की गयी 30% की कमी को यह बजट और बढाता है. उसकी दूसरी समस्या कर्ज मुक्ति की है जिस पर बजट न केवल खामोश है, बल्कि आने वाले दिनों में ज्यादा बड़ी आशंका वाले संकेत देता है. भारत की खेती किसानी की तीसरी आफत लागत का बढना है और यह बजट उस लागत को कम करने की बजाय और बढाने के प्रावधान करता है. जैसे उर्वरक सब्सिडी में 22.3% की कमी की गयी है. पीएम किसान योजना, जिसकी परिधि से अभी भी आधे से ज्यादा किसान बाहर हैं, में कोई वृद्धि नहीं करता. गांवों की अर्थव्यवस्था, पलायन रोकने और भुखमरी की घटनाओं को थामने में ग्रामीण रोजगार गारंटी क़ानून ने काफी हद तक मदद की थी. पिछले बजट में मनरेगा के फण्ड में एक तिहाई 33% की कटौती कर दी गयी थी, इस बजट में भी मनरेगा के लिए बजट में वृद्धि, काम के दिन 200 और मजदूरी दर 600 करने का आवंटन नहीं है. इस बजट का गरीब विरोधी चेहरा तब उजागर हो जाता है, जब यह गरीब कल्याण अन्न योजना बंद करने और खाद्य सब्सिडी में लगभग एक तिहाई 31.3% की कटौती का प्रावधान जारी रखता है. यह सब तब किया गया है जब मोदी के कार्यकाल में 2014 से 2022 के बीच 1 लाख 474 किसानों ने आत्महत्याएं ही हैं और इसी साल कृषि मंत्रालय ने 1 लाख 5 हजार 443 करोड़ रूपये बिना खर्च किये राजकोष में वापस लौटा दिए हैं. बजट में कहा गया है कि फसल कटाई के बाद के कामों; संग्रह, आधुनिक भंडारण, उनके वितरण, उनकी प्रोसेसिंग मार्केटिंग और ब्रांडिंग में निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा. यह कृषि क्षेत्र को कॉर्पोरेट्स की तश्तरी पर रख कर दे देना है. सार्वजनिक क्षेत्र, सहकारिताओं और लघु औद्योगिक इकाइयों की बजाय इन कामों में कॉर्पोरेट्स को छूट देना, अब तक की नीतियों का बदलाव है और इस तरह तीन कृषि कानूनों की पिछले दरवाजे से वापसी है. भारत कर्ज के बोझ में डूबा है; 2014-15 में कुल कर्ज का बोझ 56 लाख करोड़ था. 22-23 में यह 161 लाख करोड़ हो गया. अभी दो सप्ताह भी नहीं हुए, जब आईएमएफ ने चेतावनी दी है कि भारत जीडीपी के 100 प्रतिशत कर्ज की खतरनाक स्थिति की तरफ बढ़ रहा है- यह 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था के कुप्रबंध का उदाहरण है. चुनाव जब कुछ सप्ताह दूर है तब भी इस तरह के बजट को लाने की हिम्मत कहां से आती है? एक तो उन्हें, जिनकी वे प्राणपण से सेवा कर रहे हैं उन, कॉर्पोरेट्स के कब्जे वाले मीडिया पर पूरा विश्वास है कि वह 'अहो रूपं अहो ध्वनि' के वृन्दगान के शोर में इस बजट की असलियत सामने आने ही नहीं देगा; सूखे को हरियाला सावन, पतझर को बसंत और अकाल मौत को त्वरित मोक्ष साबित कर देगा.

> मोदी राज की विशेषता यह है कि इसने महंगाई के अब तक के स्वीकृत मांग और पूर्ति के अर्थशास्त्री सिद्धांत को अप्रासंगिक बना दिया है. फसल आने के समय अनाज का सस्ता होना, ज्यादा पैदावार हो जाने से माल की कीमत गिरना अब पूरी तरह बंद हो चुका है, क्योंकि अब इस धंधे में भी कॉर्पोरेट्स आ गए हैं, जिनके पास लगाने के लिए पैसा और संग्रह करने के लिए भंडारण क्षमता है.

# गांधी दर्शन में जलवायु संकट के समाधान की राह

• जलवायु

अरविंद मोहन

आश्चर्यजनक ढंग से जलवायु परिवर्तन में गांधी नजरिया की बात आज पश्चिम से उठी है, लेकिन सौ फीसदी गांधी की बात है. और इसे माना जाना या न माना जाना उतने महत्व का नहीं है, पर इसका ऐसे मौक़े पर जोरदार ढंग से उठना ही असली महत्व का है. इस मांग के उठाने के साथ ऐसा आंदोलन लोगों के बीच से शुरू हो वह ज्यादा बड़ी ज़रूरत है और जब मांग उठने लगी है तो वह क़दम भी उठेगा ही. गांधी जिन वजहों से पश्चिमी सभ्यता को शैतानी कहते थे, उनमें पश्चिम का अंध उपभोग भी एक बड़ा कारण था. तब भी गांधी की बातों को सही मानने वाले लोग पश्चिम में भी थे. लेकिन आज उपनिवेशवाद की विदाई के बाद की दो-तीन पीढ़ियों ने अपने अनुभव से गांधी की बातों को ज्यादा शिद्दत से सही पाया है. तभी यह बात उठाने लगी है. गांधी एक बड़ी राजनैतिक और सामाजिक लड़ाई में लगे थे इसलिए उनको सभी बातों को ज्यादा विस्तार से बताने -उठाने की फुरसत नहीं हुई. पर उन्होंने एक साफ सीमा बनाकर सौ मील के दायरे से बाहर की चीजों का प्रयोग बहुत खास परिस्थितियों में ही करने की बात की थी.स्थानीयता के साथ यह मसला जुड़ा है कि कुछ मोटा, कुछ खुरदरा, कुछ कड़वा, कुछ मीठा, कुछ सुडौल, कुछ बेडौल सब कुछ उपयोग करना होता है. इसलिए गांधी का आंदोलन इन मूल्यों को भी वापस लाने वाला बना और इस बात का सबसे बढ़िया उदाहरण खादी है, गांधी की झोपड़ी है, बकरी है, उनके आश्रमों का भोजन था. और इसमें उत्पादों की साझेदारी और आदान-प्रदान पर रोक न थी, लेकिन खरीद-बिक्री और मुनाफे की जगह काफी कम थी. पर ये स्थानीय जलवायु के अनुकूल थे, हमारे शरीर की बनावट और पाचन-क्रिया के अनुकूल थे, बहुत बड़ी बीमारियां/महामारियां न आएं तो निरोग का इंतजाम भी इनमें था और बाजार पर निर्भरता कम थी. खाने-पीने की चीजों का उत्पादन कोई धन्ना सेठ बनने के लिए नहीं करता था. अदला-बदली और उधार से ऊपर की बात बहुत कम थी. अक्सर बिक्री से शिकायत होती थी. और कोई गृहस्थ खरीदकर खाए तो उसके लिए नाक कटाने की बात हो जाती थी. यह बहुत पहले की कहानी नहीं है. गांधी के समय के हिंदुस्तान में ही नहीं हमारे बचपन के हिंदुस्तान तक में यह बात थी, लेकिन तब तक बदलाव शुरू हो गया था. आज तो आंधी बह रही है, सब कुछ उड़ रहा है. गांव गांव में बोतलबंद पानी पहुंच गया है, कोक-पेप्सी पहुंच गए हैं. ऐसा सिर्फ केला में ही नहीं हुआ है, एनिमल बने हैं मांस की आपूर्ति के लिए, टमाटर और बंद गोभी के फार्म बने हैं, अंगूर और सेब के फार्म बने हैं. और यहां जानवर पालकर, काटकर, उनके मांस को रसायनों से सुरक्षित बनाकर हवाई जहाज से लाना भी पश्चिम को सस्ता पड़ता है. पर पश्चिम के स्टोर्स की समस्याओं में एक्सपायरी डेट से पहले सामान खपाना प्रमुख है, जो मोटी-मोटी रियायतों के साथ ग्राहकों को जबरन पकड़ा दी जाती हैं. सिर्फ मांस मछली का मामला नहीं है. पश्चिम में अगर इस शोषक उत्पादन और व्यापार व्यवस्था, नुक़सानदेह रसायनों और दवाओं से भरे खाद्य पदार्थों तथा चार पैसे का सामान लाने पर आठ पैसे का तेल जलाने जैसी विसंगतियां दिखने लगी हैं और कुछ लोगों को स्थानीय उत्पादन और खपत का तर्क भाने लगा है तो इस बात का स्वागत होना चाहिए. और इसे हमारे जैसे मुल्कों से समर्थन मिलना चाहिए, जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यापार की मुश्किल वाली शर्तों को झेलने (जिनमें करेंसी रेट का गोरखधंधा शामिल है) के लिए मजबूर हैं. इसके साथ ही गरीब देश अपने यहां के लोगों का पेट काटकर डॉलर कमाने के लिए अपना सबसे अच्छा उत्पाद विदेश भेजने को मजबूर हैं. कुछ साल पहले का यह अनुमान था कि हम सोयाबीन की खेती से सिर्फ लगभग पचास डॉलर प्रति एकड़ की कमाई करते हैं और हमने अपने पारंपरिक तेलहन और दलहन का उत्पादन छोड़ दिया है, जबकि सोयाबीन की खपत हम बेमन से ही करते हैं. यहां एक और प्रसंग याद आता है. विश्व व्यापार संगठन बनाने की बातचीत का सिएटल दौर जब जन संगठनों के भारी विरोध के चलते तानाशाही वाले दोहा में ले जाया गया तो वहां भी विरोधी न सिर्फ़ पहुंचे बल्कि उन्होंने एक संगठित रूप लेने की कोशिश की. और उनकी तरफ़ से जो जवाबी रणनीति दी गई उसके भी बुनियादी शब्द 'डायवर्सिटी' और 'सस्टेनेबिलिटी' ही थे जो सीधे-सीधे गांधी दर्शन से लिए गए थे. अब अगर सरकारी और गैर सरकारी जमातों वाले पर्यावरण की वैश्विक जमावड़ों के साथ 'लोकलवर्स' यह आवाज उठा रहे हैं तो हमें गांधी को भुलाने की कोशिशों को दरकिनार करके इस आवाज़ के साथ खड़ा होना चाहिए.

> स्थानीयता के साथ यह मसला जुड़ा है कि कुछ मोटा, कुछ खुरदरा, कुछ कड़वा, कुछ मीठा, कुछ सुडौल, कुछ बेडौल सब कुछ उपयोग करना होता है. इसलिए गांधी का आंदोलन इन मूल्यों को भी वापस लाने वाला बना और इस बात का सबसे बढ़िया उदाहरण खादी है, गांधी की झोपड़ी है, बकरी है, उनके आश्रमों का भोजन था. और इसमें उत्पादों की साझेदारी और आदान-प्रदान पर रोक न थी.

## मीडिया में अन्यत्र

# भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत

**यह** परेशान करने वाली बात है कि भ्रष्टाचार के मामले में भारत की वैश्विक रैंकिंग फिर फिसली है. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की हाल में जारी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत का स्थान दुनिया के 180 देशों में 93वां आंका गया है. वहीं संस्था द्वारा निर्धारित हमारे समग्र स्कोर में कोई बदलाव नहीं है. बीते वर्ष भारत का स्थान 85वां आंका गया था. लिहाजा विश्व रैंकिंग में यह स्थिति आठ स्थान खिसकी है. हालांकि, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का भ्रष्टाचार मापने का पैमाना कितना पारदर्शी है और वह पश्चिमी ताकतों के दबाव से कितना मुक्त है, कहना कठिन है,लेकिन फिर भी रिपोर्ट हमें आत्ममंथन का मौका तो देती है. दरअसल, संस्था इस सूचकांक में विशेषज्ञों और व्यापारिक लोगों की धारणा के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के स्तरों को केंद्र में रखकर दुनिया के 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग निर्धारित करती है. साथ ही इस रैंकिंग के लिये शून्य से सौ तक के पैमाने का प्रयोग किया जाता है. यानी जहां ज़ीरो है वह सर्वाधिक भ्रष्ट है और सौ सर्वाधिक ईमानदारी का सूचक है. इस पैमाने पर बीते वर्ष में भारत का समग्र स्कोर 39 रहा. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हमारा समग्र स्कोर चालीस था. वहीं भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे पाकिस्तान का स्थान दक्षिण एशिया में 133 व श्रीलंका का स्थान 115 निर्धारित किया गया. जिसमें राजनीतिक अस्थिरता व कर्ज के दबाव को भी कारक बताया गया है. लेकिन वहीं दूसरी ओर चीन ने अपने 35 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी नीति से दुनिया का ध्यान खींचा है. फलतः उसका स्थान इस सूची में 76वां रहा है. दरअसल, एशिया प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है. जिसके चलते पूरी दुनिया की निगाह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर लगी रही हैं. उल्लेखनीय है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के 71 फीसदी देशों में भ्रष्टाचार मापने का मानक सीपीआई वैश्विक औसत 43 से नीचे रहा है.निस्संदेह, किसी भी देश के लिये वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में ऊंचे स्तर पर रहना चिंता की बात होनी चाहिए. यह अवसर आत्ममंथन का भी होता है कि क्यों उसके लिये वैश्विक स्तर पर ऐसी धारणा बनी है. यह भी कि हम सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार को कैसे कम कर सकते हैं. वैसे तो ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में उल्लेखित भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच, निजी जोखिम और परामर्श संगठनों, थिंक टैंक और अन्य सहित तेरह बाहरी स्रोतों की जानकारी पर आधारित होता है. (द ट्रिब्यून)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### फुट/फूट

**महान** हास्य कवि अल्हड़ बीकानेरी जी की ये पंक्तियां याद आ रही हैं-श्रोता आपस में मरें कटें, कवियों में फूट नहीं होगी. कवि सम्मेलन में कभी किसी कविता की हूट नहीं होगी. कवि के हरेक शब्द पर जो तालियां न खुल कर बजा सकें, ऐसे मनहूसों को कविता सुनने की छूट नहीं होगी. इतनी अच्छी बात तब होती, जब अल्हड़ जी की सरकार बन जाती. सवाल तो यह भी है कि कवियों के बीच एकता ही कब थी, जो उनके बीच फूट होती. फूट शब्द अपने परिचय का मोहताज नहीं है. फिर भी जब उसकी बात निकली है तो उसे और समझ लेने में हर्ज ही क्या है? यह ज्ञान मुझे तब हुआ, जब एक विद्वान का भांडा फूट गया. हर पाखंडी के पास उसका अपना एक भांडा होता है, जिसे एक न एक दिन फूटना होता है. इस दुनिया में बहुत कुछ होता है. दो फूट जमीन के लिए दो सगे भाइयों के बीच फूट पड़ जाती है. जो आपस में मिलजुल कर रहते आयें और उनके बीच पारस्परिक विरोध या वैमनस्य हो जाये तो उसे फूट कहते हैं. यानी आपसी अनबन या बिगाड़? फुट हिंदी का तद्भव रूप है और यह संस्कृत के स्फुट शब्द का रूपांतर है. इसका मतलब विशेषण के रूप में होता है, जिसका जोड़ा न हो, अयुग्म, समूह या अवयवी से फूटा, अलग जा पड़ा हुआ, एकाकी, अकेला, जो लगाव में न हो, जो किसी सिलसिले में न हो, जिसका संबंध किसी क्रम या परंपरा से न हो, पृथक, अलग. वहीं संज्ञा पुल्लिंग के रूप में इसका अर्थ है आयत विस्तार का एक अंग्रेजी मान, लंबाई, चौड़ाई मापने की एक माप, जो 12 इंच के बराबर होती है. सांप के फन को भी फुट कहा जाता है. अंग्रेजी में फुट का मतलब पैर भी होता है. कुछ लोग जब गुस्से में होते हैं तो किसी के शुभ नाम का उच्चारण करते हुए कहते हैं-माई फुट.

# चक्कर कभी गरम तो कभी नरम का

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

श्रीमती जी रोटी सेंक रही थीं. मुझे आवाज़ दी और बोलीं, खाना खाने आ जाओ. गरम गरम रोटियां सेंक रही हूं. 'लेकिन अभी तो आठ भी नहीं बजा है. इतनी जल्दी ! एक-आध घंटा ठहर के ही खाएंगे.' बस मेरा इतना कहना था कि रोटियों की तो पता नहीं, मेम-साहिबा ज़रूर गरम हो गईं. बस तुम्हारा तो हमेशा से यही रहा है. मेरे हाथ की ताज़ी रोटी तो खाना ही नहीं चाहते. अब खाना ठंडी !! आखिरकार मुझे ही नरम पड़ना पडा. पति-पत्नी का यह, कभी नरम और कभी गरम हो जाना पारिवारिक मिज़ाज की एक आवश्यक तासीर है. अगर नमक-मिर्च अधिक या कम न हो, तो स्वाद इसी में है. वस्तुतः नरम और गरम में कोई विरोध नहीं है. केवल विरोधाभास है. कभी लड़ते भी हैं तो मिल भी जाते हैं. किसी फिल्म का एक गाना है – किस्मत की हवा, कभी नरम, कभी गरम. क्या किया जा सकता है? मिज़ाज की तरह मौसम भी है. ऋतुओं में अप्रत्याशित बदलाव आया है. सर्दियों के दिन आ गए हैं. लेकिन सर्दी जैसी पड़नी चाहिए, पड़ नहीं रही है. मौसम का यह नरम गरम होना स्वास्थ्य पर भी अपना असर दिखा रहा है. बूढ़े और बच्चों का स्वास्थ्य तो वैसे भी नरम गरम रहता ही है. ईश्वर ने शायद दो तरह के लोग बनाए ही हैं. आधे गरम और आधे नरम. ठीक जिस तरह मनोविज्ञान के अनुसार लोग बहिर्मुखी और अंतर्मुखी होते हैं उसी तरह गरम और नरम भी होते हैं. लेकिन जो नरम है, वह कभी गरम नहीं हो सकता, ऐसा नहीं है. बस, गरम व्यक्तित्व जल्दी गरम हो जाता है, और नरम व्यक्तित्व अधिकतर नरम बना रहता है. गरम-नरम तत्व होता तो सभी में है. ईश्वर की माया है ! अर्थशास्त्र और राजनीति में भी यह गरम-नरम उपस्थिति दर्ज होती रहती है. उपभोग करने वाली वस्तुओं में प्रायः गरमी और नरमी बनी ही रहती है. कभी आलू के दाम बढ़ते हैं और वह गरमा जाता है तो कभी टमाटर नरम हो जाता है. बाज़ार कभी नरम है तो कभी गरम है. लेकिन यदि बाज़ार इतना नरम हो जाए की उठ ही न पाए, तो समझिए कि अब आर्थिक संकट आ गया है. भारत की राजनीति के इतिहास में कांग्रेस के अन्दर गरम दल और नरम दल बड़े प्रसिद्ध रहे हैं. गरम दल में जहां लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और विपिन चन्द्र पाल (लाल, बाल, पाल के नाम से प्रसिद्ध) आदि, नेतागण थे, वहीं नरम दल का नेतृत्व गोपाल कृष्ण गोखले, फ़िरोज़ शाह मेहता और नारोजी जैसे दिग्गज कर रहे थे. गरम दल भारत की पूर्ण आज़ादी की मांग का समर्थक था जबकि नरम दल, आज़ादी की पृष्ठभूमि के तौर पर, ब्रिटिश शासन के अन्दर ही 'स्वराज' चाहता था.



# डिब्बों में स्टोर कर लें ये रंग-बिरंगी सब्जियां



डिंपल चौधरी
कुकरी एक्सपर्ट

इन दिनों सब्जी बाजार कितना रंग-बिरंगा नजर आता है! धनिया, पुदीना, टमाटर, मटर, आंवला सब खूब और किफायती कीमतों में उपलब्ध हैं. ऐसे में क्यों ने इन्हें बाद के लिए स्टोर कर लिया जाए जिससे गर्मियों या बरसात के मौसम में जब इनकी कीमत आसमान छूती है, उपयोग में लाएं. घर में इनकी सहज उपलब्धता कई बार काम को आसान भी कर देती है. मास्टर शेफ समेत कई कुकरी शो में अपने हुनर दिखा चुकी डिंपल चौधरी बता रही हैं कि कैसे घरेलू स्तर पर हम टमाटर, धनिया पत्ती, करी पत्ते, पुदीना, मटर, अदरक व लहसुन को करें स्टोर.

## टमाटर प्यूरी



दो शीशे के एअर टाइट बोतल लें और इन्हें स्टरलाइज्ड कर लें. अब दो किलो टमाटर को टुकड़ों में काट लें. इन्हें प्रेशर कुकर में दो सीटी आने तक पकाएं. इसे छलनी में मैश करते हुए छान लें जिससे गुदे व रस छिलके-बीज से अलग हो जाएंगे. अब इसे घोंटते हुए पका लें. गाढ़ा होने पर बतौर प्रिजर्वेटिव इसमें तीन से चार बड़े चम्मच तेल, दो बड़े चम्मच विनेगर और करीब डेढ़ छोटे चम्मच चीनी डाल दें. बता दें कि जब साल भर के लिए इन्हें विक्रेता प्रिजर्व करते हैं तो आमतौर पर रंग के साथ इसमें एक बड़ा चम्मच सोडियम बेंजोएट मिलाते हैं. हालांकि ऑयल-विनेगर-चीनी डाल कर भी यह आराम से पांच-छह महीने के लिए स्टोर हो जाता है जो हम गृहणियों के लिए काफी है.

## मटर




मटर छील कर दाने अलग कर लें. पानी उबालें. जब पानी पूरा उबलने लगे तो उसमें मटर डाल कर 2 मिनट तक उबलने दें. इस बीच एक दूसरे बर्तन में ठंडा पानी निकाल कर उसमें बर्फ के टुकड़े डालें. जब उबलते पानी में मटर ऊपर तैरने लगे तो उनको छलनी में निकाल कर तुरंत बर्फ वाले पानी में डाल दें. ठंडे पानी में थोड़ी देर छोड़ दें. दस मिनट बाद छलनी से निकाल कर सूती कपड़े पर फैला दें. जब यह हल्का सूख जाए तो इसे जिप लॉक बैग में डालें. अब बैग के किनारे दबा कर हवा पास करें और फिर इसे फ्रीजर में स्टोर करें.

## पुदीना, करी पत्ता, धनिया




इन तीनों तरह के पत्तों को स्टोर करने का एक ही तरीका है. इनकी पत्तियों को डंठल के साथ ही बस जड़ हटा कर बहते पानी में अच्छी तरह धो लें. छलनी या जालीदार टोकड़ी में रखकर निथार लें. पानी निकल जाए तो इनका अलग-अलग सफेद सूती कपड़ों पर धूप में सूखने के लिए रख दें. इनके ऊपर भी एक साफ सफेद सूती कपड़ा ढंक दें. इससे न केवल धूल से बचाव होगा, बल्कि इनके फ्लेवर भी बेहतर रहेगा. जब अच्छी तरह सूख जाए तो इन्हें अलग अलग एअरटाइट डब्बों में बंद कर स्टोर कर लें.

## आंवला



आंवला को धोकर उबलते पानी में साबुत ही डाल दें. इन्हें चार-पांच मिनट उबलने दें. अब इन्हें बाहर निकाल कर गुठली अलग कर दें और टुकड़ों में काट लें. सूती कपड़ों में डाल कर धूप में सूखा दें. सूख जाए तो एअरटाइट डब्बों में स्टोर कर लें. जब उपयोग करना हो उससे 20-25 मिनट पहले उसे निकाल कर गरम पानी में भिगों दें. फिर निकाल कर चटनी आदि बनाएं. अगर ताजा रखना चाहती हैं तो आंवले का टुकड़ा कर उन्हें जिप लॉक बैग में रखकर फ्रीजर में स्टोर करें. उससे पहले जिप लॉक का हवा निकालना नहीं भूलें.

## अदरक




अदरक को अच्छी तरह साफ कर छील लें और फिर साफ पानी से धो लें. अब इन्हें सूती कपड़े से पोंछ दें. इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर तेज धूप में सुखाने के लिए रख दें. हफ्ते भर बाद इनका पाउडर बना लें. आप चाहें तो ताजे अदरक को पहले ही कद्दूकस करके भी सूखा सकती हैं. अब इन्हें एअर टाइट डब्बों में स्टोर करके रख दें.

## लहसुन



लहसुन को छील कर धूप में सुखा लें. जब पूरी तरह सूख जाए तो इन्हें कड़ाही में सूखा भून लें. अब मिक्सी में इनका पाउडर बना लें. इसे एअर टाइट डिब्बों में स्टोर कर लें.

## पालक, मेथी, सोया



इन्हें सुखाने के लिए इन्हें अच्छी तरह पानी से साफ करें. जड़ व डंठल हटाएं. एक खुले मुंह वाले बर्तन में पानी भरें और इसमें नमक और चुटकी भर सोडा डालें. पानी में धुले पत्ते डाल कर 15-20 मिनट तक छोड़ दें. अब बाहर निकाल कर निथारें. साफ, सफेद सूती कपड़े पर तेज धूप में सूखा लें. सूखने पर एयरटाइट डब्बे में स्टोर करें.

*आम हो या खास, सभी का अच्छा भला नाम होता है. कुछ के दो-दो नाम भी होते हैं- एक पुकारू डब्लू, बबलू, परी, पीहू टाइप तो एक आर्यन कुमार, खुशबू कुमारी, अभिलाषा शाहदेव टाइप... बिल्कुल ऑफिशियल सा जो स्कूल कॉलेज के रजिस्टर से आधार कार्ड-वोटर लिस्ट तक दर्ज रहता है, जरा गंभीर किस्म का. पर कुछ लोगों का इससे भी इतर एक नाम होता है जिसे अक्सर उनके पीठ पीछे ही उपयोग में लिया जाता है. यह नाम उनकी कद-काठी, स्वभाव या हमारी सुविधा के अनुसार होता है - जैसे छोटा रिचार्ज, गोरकी, पतरकी, इंदिरा गांधी, तीसमार खान, ठिगनू, कद्दू आदि. कभी-कभी इन नामों के खुलासे के कारण बहुत असुविधाजनक स्थिति आ जाती है. यह स्थिति बाद में यादगार भी बन जाती और हम याद कर कई बार मुस्कुरा देते हैं. ऐसे किस्से कभी-कभी दिल के किसी कोने में टीस भी दे जाते हैं. ऐसे ही संस्मरण साझा कर रही हैं –*



# ये पीठ पीछे वाले नाम

## खेपा सर



बिंदु प्रसाद रिद्धिमा

बात उन दिनों की है जब मैं कक्षा चार में थी. हमारे विद्यालय में संस्कृत के एक विद्वान शिक्षक थे, पर वह इतना ज्यादा संस्कृत में बातें करते थे कि हम लोगों को समझ में नहीं आती थी. बच्चे उन्हें पीठ पीछे खेपा सर बुलाते थे. हमारा स्कूल झारखंड (बिहार) और बंगाल के बॉर्डर पर था. खेपा का बंगाली मतलब थोड़ा पागलपंथी से है. संस्कृत सर की बेटी और मैं एक ही कक्षा में पढ़ते थे. एक दिन बातों-बातों में मैंने उनकी बेटी से कहा -खेपा सर ने तो आज कक्षा में हद कर दी. फिर याद आया, अरे मैं तो उनकी बेटी से ही बोल रही हूं.
अब तो मेरी हालत खराब होने लगी. मामला और भी बिगड़ गया जब उनकी बेटी ने कहा कि मैं आज शाम को पापा को बता दूंगी कि तुमने उन्हें खेपा कहा है. मेरा बालमन अपराध बोध से ग्रसित बैचेन हो उठा. तुरंत ही स्टाफ रूम जाकर सीधे संस्कृत सर से कहा कि सर गलती से आज मैंने आपको खेपा बोला है. मेरी आंखों में आंसू देख उन्होंने मुस्कुराकर मेरे पीठ थपथपाए और बोले -"जाओ क्लास में जाओ". उसके बाद से कभी मैंने किसी शिक्षक के लिए कोई गलत बात नहीं कही. उनकी थपथपाहट ने मुझे अपराध बोध से मुक्त कराया.

## गुम हो गई "अपाचे" की रफ्तार



डॉ अकांक्षा चौधरी

दरभंगा डेंटल कॉलेज में पढ़ाई करते समय वे अपने ही बैच के बहुत ही नज़दीकी दोस्त थे. जनाब अब रांची के जाने माने डेंटिस्ट हैं. उम्र का तक़ाज़ा कहिए, भाई साहब का अपने ही बैच की सबसे तेज रफ़्तार बोलने वाली लड़की के प्रति आकर्षण हो गया. रफ़्तार मैडम में थी और नामकरण भाई साहब का रखा गया "अपाचे"! उस समय इस नाम की एक नई तेज रफ़्तार बाइक निकली थी. आज तेरह वर्षों बाद भी हम दोस्त को अपाचे ही बुलाते हैं. उस लव स्टोरी का भी कॉलेज के बाद पटाक्षेप हो गया, तो वस्तुतः दोस्त की पत्नी के सामने कभी-कभी अपाचे कहकर संबोधित किया जाता है और बड़ा मज़ाक़ होता है. पुराने और खूबसूरत दिन!

## और ऐसे छूट गयी आदत



डॉ अनीता शर्मा

मेरे भइया के मित्र आपस में निक नेम की जगह सभी मित्रों को टाइटल से बुलाया करते थे. यानी कोई किसी को मिश्राजी, तो कोई सिंहजी, तो कोई तिवारी जी के नाम से. मैने एक दो बार सुना था तो मैं बोलती भी थी कि भइया यह कैसा नाम है. भइया भी हंस कर टाल देते थे. मेरे पिता हमारे विद्यालय के दिनों में थोड़ा सख्त स्वभाव के थे. वह ऐसे अभिभावक थे जो पढ़ाई के साथ साथ हमारे आचार, विचार, बोली पर बहुत नियंत्रण रखते थे. भईया के दोस्तों में भी यह बात मशहूर थी. वे सभी पिताजी से भयभीत रहते थे. एक दिन शाम को पापाजी जल्दी आफिस से आ गए. भईया के एक मित्र पहुंचे और उन्होंने बाहर से शर्माजी- शर्माजी बुलाना शुरू किया जब तक भइया पहुंचे और कुछ कहते, तब तक पापाजी बाहर उनके सामने खड़े थे. कहिए..उस दोस्त की तो हालत पतली कुछ कहते नहीं बना, हिल भी नहीं पा रहे थे. कुछ सेकेंड यूं ही खड़े रहे और फिर बिना कुछ बोले सरपट उल्टे पांव भाग निकले. और भइया बताते हैं कि जब उन्होंने यह किस्सा और अपनी खस्ता हालत का बखान किया तो पहले तो सभी बेतहाशा हंसे और फिर सबने ऐसे निक नेम को छोड़ ही दिया. अब भी मिलते हैं तो नाम लेकर ही बुलाते हैं.

## वह "जोजना सर" थे



डॉ कल्याणी कबीर

1980 के दौर के विद्यालय और मास्टर जी कुछ अलग ही किस्म के हुआ करते थे. मास्साब शर्ट -फुल पैंट में तो कुछ धोती कुर्ते में नज़र आते थे. बिल्कुल "सफेदी की चमत्कार निरमा" वाली झक्क सफेद धोती में. कुछ शिक्षिकायें भी सीधे पल्ले की साड़ी और माथे पर सदैव पल्लू रखकर पढ़ाती थीं. भारतीयता रची बसी थी शिक्षा के वांग्मय में बहुत ही सम्मानित स्थान पर हुआ करते थे हमारे समय के मास्साब लोग. पर बचपन की अठखेलियां और चुहलबाजीपन इन गंभीर बातों के मर्म तक कहां पहुंच पाती हैं.
क्लास में नागरिक शास्त्र पढ़ाने के लिए जो मास्टर जी आते थे (आज भी मुझे उनका नाम नहीं याद आ रहा ) वह जब भी पढ़ाते तो बहुत सारे अध्याय में "योजना" शब्द हुआ करता था जिसका उच्चारण वह "जोजना" करते अर्थात "य" का उच्चारण वो "ज" करते और उनकी ये आदत और उच्चारण दोष पूरी कक्षा को हंसने पर मजबूर कर देता.
पर मास्साब कभी समझ ही नहीं पाते कि उनकी कक्षा के दौरान बीच-बीच में विद्यार्थियों के खिखियाने की आवाज क्यों आने लगती है. बहरहाल हुआ यूं कि पूरी क्लास ने बिना किसी वाद-विवाद के सर्व - सम्मति से उनका नाम ही "जोजना सर" रख दिया.
सब कुछ यथावत चल तो रहा था पर समय तो समय है, कब पलटा मार दे कौन जाने. कक्षा में एक उद्दंड विद्यार्थी भी हुआ करता था जो काफी लड़ाई झगड़ा करता और सबों के सामान को भी तोड़ देता. उस वक्त कक्षा में गर्ल्स मॉनिटर होने के कारण मुझ पर रानी लक्ष्मी बाई सवार हुईं और मैंने उसकी शिकायत प्रधानाध्यापक जी से कर दी. उस विद्यार्थी को सात दिनों के लिए कक्षा से अनुपस्थित रहने का दंड मिला. इस अपमान से उस छात्र के मन में क्रोध की भावना जग गई और बदला लेने का भूत सवार हो गया. अब क्योंकि मेरा विद्यालय गांव में था और गांव का वातावरण ऐसा होता है कि शाम ढले चबूतरे पर जब लोग बैठते हैं तो हर कोई एक दूसरे से बिलकुल अपनापे से गप्प करता है अनौपचारिक तौर पर.
मास्साब और उस विद्यार्थी का घर एक ही गली में था तो उस विद्यार्थी ने मास्साब को उनके नए नामकरण की जानकारी दे दी. बस फिर क्या था, मास्साब अगले दिन बिल्कुल एंग्री यंग मैन की भूमिका में कक्षा में आए. पहले तो खूब चिल्लाए, उसके बाद पूरी कक्षा को मिला एक घंटे तक खड़े रहने का दंड. पूरी कक्षा के साथ-साथ हमने भी दंड तो भुगता पर मुझे घोर दुख होता है कि आज भी मुझे उनका नाम याद नहीं ......
बस यही याद रहता है कि वह "जोजना सर" थे.


## हिटलर नहीं, वह थीं चंगेज खान



रूपा कुमारी अनंत

बात तब की होगी जब मैं आठ नौ वर्ष की थी. तब हमारे मुहल्ले में मालती चाची जी रहती थीं जो हर किसी से आए दिन झगड़ा करती. यहां तक की बच्चों को भी पकड़ पकड़ कर दो-तीन बात सुना देती. इस वजह से उन्हें मुहल्ले में सभी 'हिटलर' कहते थे पर पीठ पीछे. एक शाम की बात है. मुहल्ले की कुछ औरतें हमारे आंगन में बैठी हुई थी. हमारी हिटलर चाची भी साथ में थीं. पास में हम सभी बच्चे गेंद से खेल रहे थे. अचानक गेंद उछलकर मालती चाची के पैर के पास आ गिरा. तभी हमारे पड़ोस का आठ वर्षीय गुड्डु दौड़ता हुआ उनके पास गया उस गेंद को लेने. उसने आते ही कहा, "हिटलर चाची हमारा बॉल दीजिए तो." यह सुनते ही सभी औरतें एक दूसरे का मुंह देखने लगीं. इधर चाची ने गुस्से में कहा, "तुम हमको हिटलर कैसे बोल दिया?"
गुड्डू ने कहा, "मेरी मम्मी ही तो कहती हैं कि आप हिटलर हैं." यह कहकर गुड्डू गेंद लेकर चला गया पर उस शाम हिटलर चाची माफ कीजिएगा मालती चाची ने मुहल्ले में गजब का तांडव किया. सबने गुड्डू को कोसा कि उसने यह क्यों कह दिया पर उस दिन के बाद से फिर कभी उन्हें किसी ने हिटलर नहीं कहा, क्योंकि अब उनका नाम पड़ गया था चंगेज खान.

## रुला गईं इंदिरा गांधी दादी



खुशबू बरनवाल
सीपी

मेरे यहां एक बूढ़ी दादी काम करने आती थीं. वह चश्मा पहनती थीं, सभी केश रुई की तरह सफेद थे और गर्दन से ऊपर जड़ तक कटे हुए थे. उस समय मैं पहली कक्षा में थी तो मुझे और मेरी बहन को पढ़ाने घर पर ट्यूटर आते थे. जो ट्यूटर मुझे पढ़ाने आते थे वह उन्हें देखकर इंदिरा गांधी कहते थे और हम बच्चे भी खूब हंसते हुए इंदिरा गांधी बोलते थे.
मेरी मां उन्हें चश्मा वाली माई बोलती थी और हम सभी चश्मा वाली दादी बोलते थे. एक दिन वह अपनी नतिनी की शादी के लिए मेरे पिताजी से पैसे लेने आई. मेरे पिताजी उन्हें कुछ पैसे भी दिए और पूरे मोहल्ले से चंदा इकट्ठा करने में उनकी मदद भी किए. हम बच्चे भी समय के साथ बढ़ते गए. मैं तब कॉलेज में पढ़ती. एक दिन घर में चश्मा वाली दादी को मां के पास आकर रोते देखी. बाद में मां से पूछी तो उनकी कहानी सुन कर आंखों से आंसू छलक गए. अबोधपन में जो हम बच्चे उन्हें इंदिरा गांधी कहते थे, उनके मुंडे हुए बालों के लिए, वह दरअसल बाल्यावस्था में विधवा होने के कारण उनके सिर की मुड़ा दिए गए थे. उनके अपने कोई बच्चे नहीं थे. वह अपनी भतीजी को अपनी बेटी जैसी मानती थी और उसकी बेटी की नानी बनकर उसका विवाह चंदा मांग करके की थी. आज वही बेटी उन्हें रखने से इंकार कर रही थी, कोई और रिश्तेदार उन्हें रखना नहीं चाह रहे थे. वह डूब कर मरने गई थी लेकिन बच गई. फुर्ती तो अभी भी उनमें थी पर बूढ़ी हड्डी कमजोर हो चुकी थी.इसी बीच मेरी शादी हो गई. जब भी मैं पीहर जाती थी वह मिलने जरूर आती थी. कुछ वर्ष पूर्व से नहीं आ रही हैं लेकिन मेरा मन अभी भी उनका इंतजार करता है. मां बता रही थी कि उन्हें एक वृद्धाश्रम में स्थान मिल गया, एक बार मिलने यहां आई थी पर कुछ वर्षों से नहीं आ रही हैं. शायद..........

# बैकलेस का जलवा



कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

*मौसम उत्सव का है. सरस्वी पूजा, वेलेंटाइन डे सेलिब्रेशन, शादियों का मौसम... ऐसे में दिल साड़ी पहनने को कैसे नहीं मचले. साड़ी में स्टाइलिश लुक के लिए बैकलेस या डीप बैक ब्लाउज का अलग ही जलवा है. ट्रेडिशन में ग्लैमर की छौंक का इससे बेहतर कोई और अंदाज ही नहीं. हालांकि यह भी सच है कि हम कई बार अपनी पीठ को दिखाने में इतनी कम्फर्टेबल नहीं हो पातीं. आइए जाने स्किन केयर रुटीन में आसान हैक्स को शामिल करके पीठ को कैसे बेदाग बनाएं और अपना बैकलेस लुक फ्लॉन्ट करें-*



**घरेलू मास्क :** दही, शहद, एलोवेरा, बेसन, हल्दी जैसी सामग्रियों से घर पर तैयार मास्क से पीठ की त्वचा को पुनर्जीवित और पोषित किया जा सकता है. इससे स्किन हेल्दी होती है, गंदगी दूर होती और टैन भी कम होता है. चावल के आटे में दही मिला कर पैक लगाने से बेहतर स्क्रब का काम भी होता है. इन मास्क के बार-बार उपयोग से त्वचा नरम, चिकनी हो जाती है.

### हेयर रिमूवल क्रीम या वैक्स स्ट्रिप्स


अगर पीठ पर बाल हैं तो बैकलेस हेयर रिमूवल क्रीम का उपयोग किया जा सकता है. बस क्रीम को जहां जरुरत है, समान रूप से लगाएं और 3-5 मिनट के लिए छोड़ दें. धीरे से इसे बालों सहित हटा दें.

### रिलैक्सिंग मसाज

एक अच्छी, रिलैक्सिंग पीठ की मालिश जहां तनाव और पीठ से निचले हिस्से के दर्द से राहत देती है, वहीं रक्त संचार बेहतर करती है और पीठ की त्वचा अधिक लचीली, चमकदार हो जाती है.

### नहाने के बाद के स्टेप्स

पीठ के लिए एक ऑप्टिमल स्किन केयर रुटीन जरूरी है. एक्सफ़ोलीएटिंग, सूखापन को रोकने के लिए मॉइस्चराइजिंग, सन टैन से बचाने के लिए सनस्क्रीन... इन सबका नियमित उपयोग पीठ की त्वचा को सुंदर, स्वस्थ और चमकदार बनाती है.



# जर्रे-जर्रे में रोमांस

*वेलेंटाइन वीक शुरू हो रहा है. घर से बाहर मार्केट-मॉल जाएं या रेस्त्रां, फिजा में वेलेंटाइन की महक साफ महसूस होती है. ऐसे में घर के भीतर भी प्यार में समेट लाने की कोशिश में बुरा क्या है. क्यों न इस वेलेंटाइन वीक में घर के डेकोर में इश्क को शामिल करें, एक रुहानी अहसास सजावट के जरिए जगाएं.पेश है कुछ टिप्स*

**महक और रोशनी का गजब माद्दा :** बेडरूम की फिजा में रोमांस घोलने में स्निग्ध रोशनी और खुशबू गजब माद्दा रखती हैं. हल्की रोशनी चुनें. एम्बियन्ट, टास्क और एक्सेन्ट लाइटिंग बेहतर विकल्प हैं. वनीला, आउद, महोगनी और मस्क जैसी ख़ुशबू वाली कैंडल जलाएंगी तो स्निग्ध रोधनी के साथ आती इनकी महक माहौल को रूमानी बनाएगा. सूर्ख लाल गुलाब या अपनी पसंद के किसी अन्य फूलों से घर को सजाना भी एक बेहद खूबसूरत और प्रभावी अंदाज है. गुलदस्ते में सजाने के अलावा फूलों की रंगोली बना सकते हैं या फूलों की लड़ी से सजा सकते हैं.



**दीवारें सुनाएंगी प्यार की दास्तां :** पहली मुलाकात, रोमांटिक डेट, सगाई, शादी, हनीमून, हॉलीडेज... साथी के साथ गुजारे खूबसूरत पलों की तस्वीर दीवारों पर सजा कर एक बार फिर उस वक्त की मिठास को महसूस करें. इन्हें फ्रेम में लगाना है या रिबन पर खूबसूरत पिन से सजाना है या ऑनलाइन उपलब्ध फेयरी लाइट वाले फोटो रिबन से, च्वॉइस आपकी है. लाल, गुलाबी, क्रीम कलर के हार्ट शेप के बैलून आर्च या हार्ट गारलैंड्स इस सजावट में आपकी मदद कर सकते हैं.

**गुब्बारे दिल को बना देंगे बच्चा :** गुब्बारों से सजावट आम है लेकिन लाल रंग के हार्ट शेप गुब्बारे घर में वेलेंटाइन के माहौल को समेटने के लिए बहुत सशक्त माध्यम हैं. गुब्बारों में रिबन लगाकर उन्हें कमरे में टांग सकते हैं या फिर फर्श पर फैला सकते हैं. ढेर सारे गुब्बारों को देख दिल एक बार फिर बच्चा बन जाएगा.

**कुशन, चादर, पिलो हो खास :** आरामदायक गद्दे पर सिल्क, साटिन के लाल या गुलाबी चादर और उसपर, दिल के आकार के खूबसूरत कुशंस, सॉफ्ट टॉयज मूड को अपलिफ़्ट करेगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




हांगकांग में नहीं खेलने के कारण मिली थी तीखी प्रतिक्रिया

# अच्छा महसूस कर रहा हूं, उम्मीद है टोक्यो में खेल पाऊंगा : मेस्सी

**भाषा । टोक्यो**

हांगकांग में इंटर मियामी के एक फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने के कारण हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को टोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं. इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने के कारण नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था. इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे. इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी इस मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे.

### अभ्यास सत्र पर निर्भर करता है मैदान पर उतरना

मेस्सी ने कहा कि मैदान पर उतरना इस बात पर निर्भर करता है कि अभ्यास सत्र कैसा रहता है. इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन वह इस बार संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे. वह निश्चित रूप से जापान के स्थानीय प्रायोजकों के दबाव में थे. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों की तुलना में मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं. मैं ईमानदार हूं, मुझे अभी भी नहीं पता कि मैं मैच खेल पाऊंगा या नहीं. लेकिन मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और मैं वास्तव में ऐसा करने में सक्षम होना चाहता हूं.



### ग्रोइन की चोट के कारण मैदान पर उतरना संभव नहीं था

मेस्सी ने हांगकांग के अपने प्रशंसकों से कहा कि उनके लिए ग्रोइन की चोट के कारण मैदान पर उतरना मुमकिन नहीं था. उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि हांगकांग वाले मैच के दिन किस्मत अच्छी नहीं थी. चोट के कारण मेरे लिए खेलना बहुत मुश्किल था. दुर्भाग्य से, फुटबॉल या किसी भी खेल में ऐसी चीजें हो सकती हैं. मेस्सी ने कहा कि यह निराशाजनक है क्योंकि मैं हमेशा मैच में भाग लेना चाहता हूं, मैं वहां (मैदान) रहना चाहता हूं. लोग हमारे मैचों को देखने के लिए बहुत उत्साहित होते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बदला जाएगा एससीए स्टेडियम का नाम

**राजकोट ।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से पहले सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और वरिष्ठ प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर रखा जाएगा. एससीए की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर खंडेरी स्थित स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम कर दिया जाएगा. अपने पहले मैच की मेजबानी के 11 साल बाद स्टेडियम के नये नाम का अनावरण बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा किया जाएगा. निरंजन ने 1960 के दशक के मध्य से 1970 के दशक के मध्य तक सौराष्ट्र के लिए 12 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं.

### डब्ल्यूपीएल में गुजरात के कोच बने क्लिंगर

**मुंबई ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लिंगर को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के लिए राचेल हेन्स की जगह गुजरात जाइंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया. डब्ल्यूपीएल का दूसरा सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा. इसके सभी मैच दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जायेंगे. गुजरात जायंट्स पांच-टीमों की लीग के शुरुआती आयोजन में पिछले सत्र में आखिरी पायदान पर रही थी. टीम आगामी सत्र में 25 फरवरी को बेंगलुरु में सत्र के शुरुआती मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी. फ्रेंचाइजी ने यहां जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज टीम के लिए मेंटोर व सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगी.

### आईएसएल का 11वां सत्र 14 सितंबर से


**नयी दिल्ली ।** देश की शीर्ष फुटबॉल लीग इंडियन सपर लीग (आईएसएल) का 11वां सत्र 14 सितंबर से शुरू होगा और 20 अप्रैल 2025 तक चलेगा. अगले सत्र (2024-25) के सीनियर कैलेंडर की शुरुआत हर बार की तरह एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप के साथ होगी जो 26 से 31 जुलाई तक खेला जाएगा. आईलीग का आयोजन 19 अक्टूबर से 30 अप्रैल तक किया जाएगा. सुपर कप भी एक अक्टूबर से 15 मई तक खेला जाएगा. आईलीग-2 के क्वालीफाई टूर्नामेंट का काम करने वाली आईलीग-3 का आयोजन एक अगस्त से 30 सितंबर तक होगा. आईलीग-2 15 जनवरी से 30 अप्रैल तक खेली जाएगी.

**टेस्ट मैच :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 528 रन की बढ़त

# विलियमसन ने रूट को पीछे छोड़ा

**भाषा । माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है. विलियमस के इस शतक के साथ टेस्ट में 31 शतक हो चुके हैं. विलियमसन ने इंग्लैंड को जो रूट को टेस्ट शतक के मामले में पछाड़ दिया है. जो रूट के नाम टेस्ट में 30 शतक हैं. एक्टिव खिलाड़ियों में शतक के मामले में विलियमसन ने दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया है. दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था. डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है. पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन रविंद्र इस पारी में महज 12 रन बना सके. इससे पहले पहली पारी में न्यूजीलैंड के 511 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 162 रन पर आउट हो गयी. न्यूजीलैंड ने 349 रन की बढ़त के बाद भी दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन नहीं कराया. दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 80 रन से की. रविंद्र (16 रन पर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर (34 रन पर तीन विकेट) ने मंगलवार को पांच विकेट साझा किए जिससे टीम की पारी 72.5 ओवर में सिमट गयी. दक्षिण अफ्रीका के लिए कीगन पीटरसन ने सबसे ज्यादा 45 रन का योगदान दिया.



**31** शतक के साथ दूसरे स्थान पर विलिमयन

**109** 1 रन बनाए विलियमसन ने दूसरी पारी में

**528** रन बनाए थे न्यूजीलैंड ने पहली पारी में

### दोनों पारियों में शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज

विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है. उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है. उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये. विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये. टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है. वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए. अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं.

**सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे अधिक टेस्ट शतक**

| खिलाड़ी | देश | शतक | मैच | रन |
|---|---|---|---|---|
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 32 | 107 | 9634 |
| केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 31 | 97 | 8490 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 30 | 137 | 11468 |
| विराट कोहली | भारत | 29 | 113 | 8848 |

# हम रोहित से कप्तानी का बोझ कम करना चाहते थे : बाउचर

**भाषा । केपटाउन**



मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने माना कि रोहित शर्मा को बल्लेबाज के तौर पर स्वच्छंद होकर खेलने की आजादी देने के लिए टीम की कप्तानी से हटाने का कठिन निर्णय लेना पड़ा. रोहित का आईपीएल के पिछले दो सत्र में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है. आईपीएल इतिहास में सबसे चर्चित 'कैश ट्रेड' में रिलायंस के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को वापस टीम के साथ जोड़ा और उन्हें कप्तान बनाया. रोहित पांच खिताब के साथ आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे हैं. हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस अपने पहले सत्र में चैंपियन और दूसरे सत्र में उपविजेता रहा है. बाउचर ने बताया कि हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप में वापस लाने के लिए एक विंडो देखी. उन्होंने कहा कि हमें खिलाड़ी के तौर पर रोहित की जरूरत है. वह टीम के लिए काफी अहम खिलाड़ी है और हम चाहते हैं कि वह कप्तानी का बोझ लिये बिना अपने खेल का लुत्फ उठाये. बाउचर ने कहा कि पिछले कुछ सत्र से बल्ले से और कप्तान के तौर पर उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है.

# बैजबाल के कारण स्वाभाविक खेल से दूर हो रहे हैं रूट: कुक

**भाषा । लंदन**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं. इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है. 'बैज' मैकुलम का उपनाम है. कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने 2012 में भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती थी. इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है. कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे. वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे. कुक ने कहा कि वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है, लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है.

**अंडर-19 वर्ल्ड कप : साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से हराया**

# भारत नौवीं बार फाइनल में

**भाषा । बेनोनी**

भारत ने मेजबान साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से हराते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है. टीम ने नौवीं बार इस ICC टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है. 11 फरवरी को भारत का फाइनल में मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा. पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा सेमीफाइनल 8 फरवरी को होगा. बेनोनी में भारतीय टीम ने 245 रन का टारगेट 48.5 ओवर में 8 विकेट पर हासिल कर लिया. इस रन चेज में सचिन धास (96 रन) और कप्तान उदय सहारन (81 रन) की साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई. दोनों ने 5वें विकेट के लिए 171 रन जोड़े. भारतीय टीम ने 32 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे. इससे पहले, साउथ अफ्रीकी टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 244 रन बनाए. लुआन-ड्रे प्रीटोरियस (76 रन) और रिचर्ड सेलेट्सवेन (64 रन) ने अर्धशतक जमाए. राज लिम्बानी ने तीन विकेट झटके. मुशीर खान को दो सफलताएं मिलीं.



सचिन और उदय ने 171 रन की साझेदारी की

**वनडे श्रृंखला :** जेवियर बार्टलेट ने की शानदार गेंदबाजी, चटकाए चार विकेट

# ऑस्ट्रेलिया ने किया वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ

**भाषा । कैनबरा**

तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट (21 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी. ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज की पारी को महज 86 रन पर समेटने के बाद सिर्फ 6.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया. ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पहला मैच आठ विकेट से और सिडनी में दूसरा मैच 83 रन से जीता था. श्रृंखला के पहले मैच में अपने पदार्पण पर चार विकेट झटकने वाले जेवियर को दूसरे एकदिवसीय में विश्राम दिया गया था. उन्होंने तीसरे वनडे में टीम में वापसी करते हुए वेस्टइंडीज की पारी को झकझोर दिया. वेस्टइंडीज की टीम 24.1 ओवर में 86 रन पर आउट हो गयी. यह एक दिवसीय में उसका पांचवां सबसे छोटा स्कोर है. जेवियर को लांस मौरिस और एडम जम्पा का अच्छा साथ मिला.

दोनों ने दो-दो विकेट लिये. वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाजी एलेक एथनेज 32 रन के साथ सर्वोच्च स्कोरर रहे. टीम के सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके. लक्ष्य का पीछा करते हुए जेक फ्रेजर-मैकगुरुक ने 18 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 41 रन बनाये. जोश इंग्लिस 16 गेंद में 35 रन पर नाबाद रहे. दोनों ने पहले विकेट के लिए 28 गेंद में 67 रन की साझेदारी कर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी. इस दौरान मैथ्यू फोर्ड ने अपने शुरुआती दो ओवर में 40 रन लुटाये. ऑस्ट्रेलिया का यह 1000वां वनडे मैच था. भारत के बाद 1000 वनडे खेलने वाली वह दूसरी टीम है.



**86** रन पर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमटा वेस्टइंडीज

**6.3** ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने हासिल किया लक्ष्य

**01** हजार मैच खेलने वाली दूसरी टीम बनी ऑस्ट्रेलिया

**सराहना** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने की भारतीय गेंदबाज की तारीफ, कहा-

# बुमराह की शानदार गेंदबाजी का इंग्लैंड के पास नहीं था जवाब

**भाषा । लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गये दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पैल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की. उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए छह विकेट चटकाये. इसके बाद दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली. बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिये. हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' के अपने कॉलम में लिखा कि मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था. उन्हें दूसरी पारी में तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे. इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गयी.

### क्या कहा

- बुमराह ने रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश किया
- बुमराह ने पैदा किया दोनों टीमों के बीच बड़ा अंतर

### विशाखापत्तनम में बुमराह व यशस्वी थे आकर्षक



विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे. हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था. उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं कि हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे, लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है. हुसैन ने कहिा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ. इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था. रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है. इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार लय में चल रहे ओली पोप को यॉर्कर से चकमा देने से पहले बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में आठवीं बार जो रूट को आउट किया था. हुसैन ने कहा कि वह इस समय जो रूट पर हावी है. उसने उसे टेस्ट क्रिकेट में उसे आठ बार आउट किया है. उसने ओली पोप को अंदर आती शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया. उन्होंने बेन स्टोक्स को भी राउंड द विकेट से गेंदबाजी कर बोल्ड किया और इंग्लैंड के कप्तान ने अविश्वास में अपना बल्ला गिरा दिया.

**सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट**

# रोमांचक मुकाबले में सेल यूनिट जीता



**संवाददाता । रांची**

रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में सेल यूनिट रांची की टीम ने जीत दर्ज की. सेल यूनिट रांची की टीम ने अरगोड़ा क्रिकेट अकादमी को इस मुकाबले में एक विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए अरगोड़ा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 43.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए. अरगोड़ा क्रिकेट अकादमी के ओर से विनय कुमार सिंह और अभिजीत सोनी ने 58-58 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए सेल की टीम ने 44.4 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 205 रन बना लिए. सेल टीम के ओर से इंडिया अंडर-19 क्रिकेट टीम में अपना लोहा मनवा चुके पंकज यादव ने पांच विकेट चटकाए साथ ही उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण 25 रनों का योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया.

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद भीषण आग, 11 की मौत, 175 से ज्यादा घायल



**भाषा। हरदा**

मध्य प्रदेश के हरदा जिले में मंगलवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई. फैक्टरी में आतिशबाजी के इस्तेमाल के लिए रखे गए बारूद के संपर्क में आकर आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया. इससे पूरा इलाका दहल गया. हादसे में अबतक 11 लोगों की मौत हो गई है. जबकि 175 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है. उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं. साथ ही जांच के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन भी कर दिया है.

जानकारी के अनुसार, शहर में मगरधा रोड पर ग्राम बैरागढ़ में स्थित एक अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई. आग तेजी से फैली और आसपास के 50 से ज्यादा घरों को अपनी चपेट में ले लिया. इसकी वजह से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल हो गया और लोग इधर-उधर भागते नजर आए. फैक्टरी से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता है.

### खास बातें

- सीएम की आपात बैठक, चिकित्सा दल रवाना
- घटना की जांच के निर्देश, गठित की समिति

### मुख्यमंत्री ने बुलाई बैठक



हरदा में हुए भीषण हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दोपहर में आपात बैठक बुलाई. उन्होंने मंत्री प्रद्युम्न तोमर व उदय प्रताप सिंह, एसीएस अजीत केसरी, डीजी होम गार्ड अरविंद कुमार को तत्काल हरदा जाने के निर्देश दिए. इसके अलावा भोपाल, इंदौर में मेडिकल कालेज और एम्स भोपाल में बर्न यूनिट को आवश्यक तैयारी करने को कहा. इंदौर, भोपाल से फायर ब्रिगेड की दमकलों को भी हरदा भेजा जा रहा है. इसके साथ-साथ राहत कार्यों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश जारी किए.

**राष्ट्रपति-पीएम ने जताई संवेदना, मुआवजे की घोषणा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हैं. पीएम नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, दुर्घटना में लोगों की मौत से व्यथित हूं. उन सभी के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है. मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की.

### जांच समिति गठित

घटना की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कर दिया है. इसमें धार्मिक न्यास विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, होमगार्ड महानिदेशक अरविंद कुमार और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक रंजन को सदस्य नियुक्त किया गया है. यह समिति अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी.

## ब्रीफ खबरें

### अदालत पर हमले मामले में दो मरे, पांच घायल

**इस्तांबुल (तुर्की)।** तुर्की के इस्तांबुल में मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया. यह जानकारी तुर्की के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने दी. येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के प्रयास के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए. मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित पांच लोग घायल हो गए. उन्होंने कहा, मैं हमारे वीर पुलिस अधिकारियों को बधाई देता हूं. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं.

### एमक्यू-9बी ड्रोन से समुद्री सुरक्षा बढ़ेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका का कहना है कि 'जनरल एटॉमिक्स एमक्यू9-बी' सशस्त्र ड्रोन सौदे से भारत की समुद्री सुरक्षा और समुद्री क्षेत्र जागरूकता क्षमता (एमडीए) में बढ़ोतरी होगी. समुद्री क्षेत्र में जागरूकता क्षमता का अर्थ है कि समुद्री क्षेत्र से जुड़ी ऐसी हर बात को लेकर जागरूक होना जो सुरक्षा, अर्थव्यवस्था या पर्यावरण को प्रभावित कर सकती है. अमेरिका ने 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री करने को पिछले सप्ताह मंजूरी दे दी थी. इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिये वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की भारत की क्षमता बढ़ेगी.

### यमन के पीएम अब्दुल मलिक सईद बर्खास्त

**साना।** यमन की सत्ता में बड़ा उलटफेर हुआ है. यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया है. वे 2018 से यमन के पीएम थे. उनकी जगह सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले और विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है. राष्ट्रपति परिषद ने ऐसे समय में फैसला लिया है जब सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है. परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बतायी है.

### चुनावी प्रक्रिया पर हमारी नजर : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर करीब से नजर रख रहा है और वह वहां अभिव्यक्ति, एकत्र होने और संघ बनाने की स्वतंत्रता के उल्लंघन को लेकर चिंतित है. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के चुनाव में उसके लोगों की व्यापक भागीदारी चाहता है. पटेल ने कहा, हम पाकिस्तान की चुनाव प्रक्रिया पर निकटता से नजर रख रहे हैं और जैसा कि हमने कहा है, हम चाहते हैं कि इस प्रक्रिया में व्यापक भागीदार के साथ अभिव्यक्ति, एकत्र होने और संघ बनाने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए.

### मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन, बोले-

# भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होगा : पीएम

**भाषा। बेतुल (गोवा)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में विभिन्न ऊर्जा स्रोतों में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य से अगले पांच से छह वर्ष में इस क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा. प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है और देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि 2030 तक देश की अपनी रिफाइनिंग क्षमता 25.4 करोड़ टन वार्षिक से बढ़कर 45 करोड़ टन पर पहुंचने की उम्मीद है. अपनी सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए जो 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, उसका एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा क्षेत्र में जाएगा. उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल रेलवे, रोडवेज, जलमार्ग, वायुमार्ग या आवास आदि के निर्माण में किया जाएगा जिसके लिए ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जिससे भारत को अपनी ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा, सरकार के सुधारों की वजह से घरेलू गैस का उत्पादन बढ़ रहा है. देश विभिन्न ऊर्जा स्रोतों में गैस की हिस्सेदारी वर्तमान छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक ले जाने का प्रयास कर रहा है.

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 7.5 प्रतिशत को पार कर गई. उन्होंने कहा कि वृद्धि की गति वैश्विक अनुमान से अधिक है जिससे भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है. उन्होंने भविष्य में इसी तरह के वृद्धि रुझानों के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान का भी जिक्र किया. मोदी ने कहा, दुनियाभर के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी ने संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था और पुनः उपयोग की अवधारणा के भारत की प्राचीन परंपराओं का हिस्सा होने की बात को रेखांकित करते हुए कहा कि यही बात ऊर्जा क्षेत्र पर भी लागू होती है.

### 2030 तक देश की अपनी रिफाइनिंग क्षमता 25.4 करोड़ टन होगा




### दिया संदेश

- विकास गाथा में ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार के दायरे पर जोर दिया
- हमारी अर्थव्यवस्था 7.5% से अधिक दर से बढ़ रही है

### जैव ईंधन क्षेत्र में भारत की प्रगति की जानकारी दी

मोदी ने जैव ईंधन क्षेत्र में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की मात्रा पिछले 10 वर्षों में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है. उन्होंने कहा, सरकार ने इसे 2025 तक 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है. प्रधानमंत्री ने 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को एक बार फिर दोहराया. उन्होंने कहा, आज भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है. भारत की स्थापित ऊर्जा क्षमता का करीब 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन से आता. सौर ऊर्जा में देश की प्रगति पर भी प्रकाश डाला.

### लोक परीक्षा विधेयक

# बिल को लोकसभा से मिली मंजूरी

**भाषा। नयी दिल्ली**



सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक व फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया. लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा. उन्होंने कहा, यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं. सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है. मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया.

सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद्द होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा. उन्होंने द्रविण मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य कथिर आनंद के सदन में चर्चा के दौरान दिए बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिलनाडु के सांसद ने सरकार पर आरोप लगाया कि भाषा के कारण छात्रों के साथ भेदभाव होता है.

### डॉ. वंदना दास हत्याकांड वाली याचिका खारिज

**कोच्चि (केरल)।** केरल उच्च न्यायालय ने पिछले साल मई में कोल्लम जिले के एक तालुक अस्पताल में एक मरीज द्वारा डॉ. वंदना दास की हत्या किए जाने के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध करने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी. न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने डॉक्टर के पिता द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी जिसमें आरोप लगाया गया था कि पुलिस ने अपना पल्ला झाड़ने की जल्दबाजी में प्राथमिक बयान में छेड़छाड़ की.

# बकाया राशि की मांग से ध्यान भटकाने की कोशिश : टीएमसी

- ईडी के छापे प्रतिशोध की राजनीति



**भाषा। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की समन्वित छापेमारी को प्रतिशोध की राजनीति करार दिया है. टीएमसी ने कहा, यह राज्य का बकाया दिये जाने की मांग को लेकर पार्टी के जारी धरने से ध्यान हटाने का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हताशा में उठाया गया कदम है. अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने मनरेगा धन आवंटन में कथित हेरफेर संबंधी अपनी जांच के संबंध में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल के कुछ अधिकारियों के आवास सहित कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की. टीएमसी के वरिष्ठ नेता शशि पांजा ने जोर देकर कहा, यह राज्य का बकाया दिये जाने की मांग को लेकर टीएमसी के जारी धरने पर से जनता और मीडिया का ध्यान हटाने की एक कोशिश है. यह प्रतिशोध की राजनीति का एक स्पष्ट उदाहरण है. बीजेपी की पश्चिम बंगाल इकाई ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया. भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा, वास्तविकता यह है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और लगभग पार्टी का हर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है. केंद्रीय एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के अलग-अलग मामलों में पार्थ चट्टर्जी, ज्योतिप्रिया मलिक और अनुब्रत मंडल जैसे टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया है.

### ज्ञानवापी परिसर का मामला

# सभी तहखानों के सर्वेक्षण की मांग पर सुनवाई 15 को

**भाषा। वाराणसी (उप्र)**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराये जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है. हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराये जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है. उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया.

### आप नेताओं पर ईडी का शिकंजा

# सांसद समेत 12 ठिकानों पर छापा

**भाषा। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं पर ईडी ने शिकंजा कसा है. ईडी की टीम आप नेताओं व उनसे जुड़े लोगों को कुल 12 ठिकानों पर छापा मारा है. मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में जिनके यहां छापेमारी हुई है, उसमें अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार, सांसद एनडी गुप्ता, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार समेत आप नेता व उनसे जुड़े कई लोगों के कुल 12 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. जानकारी के अनुसार, ईडी दिल्ली जल बोर्ड की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं से जुड़े मामले में छापेमारी कर रही है.



**एक कंपनी को 38 करोड़ का अवैध ठेका देने का आरोप :** बता दें कि दिल्ली जल बोर्ड की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं से जुड़े मामले में सीबीआई और दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज की है. इस एफआईआर के आधार पर ही ईडी यह कार्रवाई कर रही है. जानकारी के अनुसार, एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मीटरों की आपूर्ति, उन्हें लगाने, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए टेंडर देते समय एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को लाभ पहुंचाया. आरोप है कि तकनीकी पात्रता मानदंडों पूरा नहीं करने के बाद भी बोर्ड ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को 38 करोड़ का अवैध ठेका दिया.




### कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीए इंग्लिश की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर



**रजनीश प्रसाद। रांची**

तीन वर्ष की अवधि वाला इंग्लिश लिटरेचर कोर्स है बीए इंग्लिश. इस कोर्स में अंग्रेजी साहित्य से जुड़े पहलुओं, जैसे निबंध, कविता, पैराग्राफ तथा लिट्रेसी पर ध्यान दिया गया है. इसके साथ-साथ बीए इंग्लिश के कोर्स में अलग-अलग शैलियों के अलग-अलग नॉवेल भी जोड़े गए हैं. इस कोर्स में छात्रों को इंग्लिश बोलने, लिखने तथा पढ़ने का प्रशिक्षण दिया जाता है.

### बीए इंग्लिश को क्यों चुनें?

- बीए इंग्लिश पढ़ना आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है. इससे आपकी स्किल्स के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी सुधार होता है.
- सब्जेक्ट एडवांटेज : बीए इंग्लिश करने के बाद आपको यह फायदा होगा कि आपके पास कॅरियर के अच्छे विकल्प उपलब्ध होंगे. अंतरराष्ट्रीय अनुभव तथा शिक्षा से आपकी डिग्री की वैल्यू भी अधिक होगी.
- नए परिवेश में ढलना : आप जिस भी यूनिवर्सिटी में पढ़ने जाएं, आपके सभी जगह नए दोस्त बनेंगे, आप वहां बहुत लोगों से मिलेंगे और वे सभी आपके साथ बराबर स्थिति में होंगे. जब आप किसी बाहरी यूनिवर्सिटी से पढ़ते हैं तो आपको वहां के नए दोस्तों से मिलने का मौका मिलता है तथा उनकी संस्कृति, उस जगह तथा वहां के रीति रिवाजों के बारे में जानने का मौका मिलता है.
- सेल्फ डिपेंडेंट : आपको पढ़ाई के साथ-साथ कोई न कोई काम करते रहना चाहिए. ऐसे ढूंढने चाहिए जिससे कि आपकी पढ़ाई का बोझ आपके माता पिता पर न आए.

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- सिंबायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट एंड कॉर्नर
- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली
- एमसीएम डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़
- जामिया मिल्लिया इस्लामिया
- सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- कलकत्ता यूनिवर्सिटी
- मिरांडा हाउस
- जवाहरलाल यूनिवर्सिटी

### कॅरियर स्कोप

- कंटेंट राइटर
- प्रूफरीडर
- ह्यूमन रिसोर्स एग्जीक्यूटिव
- कॉपीराइटर
- टीचर
- कंटेंट मैनेजर
- क्रिएटिव कंटेंट राइटर
- एडिटर
- पब्लिक रिलेशन ऑफिसर

### भारतीय यूनिवर्सिटी के लिए आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटीकी ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)

## ब्रीफ खबरें

### 101 कार्टन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस टीम ने भोपतपुर ओपी थाना क्षेत्र से 101 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना पर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने भोपतपुर ओपी. क्षेत्र के बझिया चंवर स्थित एक फर्जी डॉक्टर के घर से छुपाकर रखे गये 101 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार तस्कर की पहचान अंजनी कुमार गिरी, थाना भोपतपुर पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है.

### युवक को चाकू से गोदकर मार डाला

**बेतिया ।** बेतिया में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है. हत्या की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया है. मिली जानकारी के अनुसार, मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का ही है. जहां एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई हैं. पुलिस ने युवक के शव को बेतिया पशु हजारी ग्राउंड से बरामद किया है. मृत युवक की पहचान आलमगीर के रूप में की गई है, जो बेतिया बस स्टैंड का रहने वाला था. बताया जा रहा कि आलमगीर बेतिया बस स्टैंड में ठेला लगाकर दुकान चलाता था. उसी से अपने घर का भरण पोषण करता था.

### होमगार्ड जवान की सड़क हादसे में मौत

**सहरसा ।** सहरसा में सोमवार सुबह एक होमगार्ड जवान को तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी. जिससे वो बुरी तरह घायल हो गए. आनन-फानन में उन्हें निजी नर्सिंग होम लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. जवान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है. घटना सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक एरिया के पास की है. एसपी गोपनीय में कार्यरत होमगार्ड जवान राजकुमार सिंह मॉर्निंग वॉक करते हुए तिवारी टोला चौक स्थित टीओपी ऑफिशियल पत्र पहुंचाने जा रहा थे, उसी दौरान पॉलिटेक्निक एरिया के कजरिया शो रूम के पास तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें धक्का मार दिया.

---

#### बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# बिहार में 2 हजार से अधिक पंचायत भवन बनेंगे

**संवाददाता । पटना**

**खास बातें**
- इंजीनियरिंग के छात्रों को मिलेगा 10 हजार रुपये
- ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई. राज्य सरकार इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए नई पॉलिसी लेकर आई है. इंजीनियरिंग छात्रों को सरकार अब दस हजार रुपये स्टाइपेंड देगी. इंटर्नशिप पर यह राशि दी जायेगी. बी-टेक के सातवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने पर राशि मिलेगी. साथ ही विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा. तीन लाख 46 हजार 777 आवेदन कर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा.

बिहार सरकार राज्यभर में 2165 पंचायत भवन बनाएगी. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1083 और सामान्य क्षेत्रों में 1082 भवन बनेंगे. इसपर कुल छह हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 रुपये खर्च होंगे. नीतीश कैबिनेट ने उद्योग विभाग के अंतर्गत एक्स सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस के तहत सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यमों के क्षमता वर्धन व कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पड़े दुष्प्रभाव को कम करने के लिए विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल योजना रैंप के तहत 140.74 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी है.

सरकार ने पटना स्थित एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर के निर्माण के लिए और अन्य कार्यों के लिए कुल 47.76 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों एनआईटी के कार्यक्रम के दौरान एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर बनाने का ऐलान किया था. इस पर कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है.

### सड़क किनारे खड़े दो को पिकअप ने रौंदा

**जमुई।** जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग के महादेव सिमरिया स्थित शिवडीह के पास सड़क किनारे खड़े दो लोगों को तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने कुचल दिया. इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान शिवडीह निवासी मुकेश कुमार और घायल की पहचान अविनाश कुमार के रूप में की गई है. बताया जाता है कि दोनों युवक बजरंगबली मंदिर के पास खड़ा था. तभी सिकंदरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी. फिलहाल गंभीर रूप से घायल बच्चे का इलाज शहर के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है.

#### सात मार्च से होगी तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा

## आवेदन की अंतिम तारीख 23 फरवरी

**संवाददाता । पटना**



बिहार में लगातार शिक्षकों की बहाली हो रही है. अब तक दो चरण में दो लाख से अधिक शिक्षकों की भर्ती हो चुकी है. बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से भर्ती के लिए परीक्षा ली जा रही है. अब तीसरे चरण की परीक्षा के लिए तारीख का एलान कर दिया गया है. मंगलवार को बीपीएससी के चेयरमैन अतुल प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस संबंध में जानकारी दी है. बीपीएससी के चेयरमैन अतुल प्रसाद ने कहा कि तीसरे चरण की परीक्षा 7 मार्च से होगी. यह परीक्षा 17 मार्च तक ली जाएगी. उन्होंने कहा कि तीसरे चरण की परीक्षा के लिए शिक्षक अभ्यर्थी 10 फरवरी से आवेदन कर सकेंगे. तारीखों की घोषणा के बाद शिक्षक अभ्यर्थियों में खुशी देखी जा रही है. हालांकि यह भी कहा गया है कि लोकसभा चुनाव बीच में होते हैं तो परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जा सकती है.

अतुल प्रसाद ने कहा है कि 10 फरवरी से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. आवेदन की अंतिम तारीख 23 फरवरी है.

---

#### जीतनराम मांझी ने एक बार फिर दिया चौंकाने वाला बयान, कहा-

# एक रोटी से पेट नहीं भरता है तो हम दो-तीन रोटी मांगेंगे

**संवाददाता । जहानाबाद**

हर हाल में नीतीश कुमार विश्वास मत हासिल करेंगे. उन्हें 128 से ज्यादा मत प्राप्त होंगे. यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री



जीतन राम मांझी का. बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच एनडीए सरकार के विश्वास मत हासिल करने का दावा करने वाले मांझी ने एक बार फिर से चौंकाने वाला बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मुझे एक रोटी से पेट नहीं भरता है, मुझे दो रोटी चाहिए. मेरी जितनी औकात है, मैं वहीं से बात करता हूं. मुझे और मेरे पुत्र को एक ही विभाग को पिछले कई वर्ष से संचालित कर रहा हूं. ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री को कुछ विचार करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा है कि ये घर की बात है हमको एक रोटी से पेट नहीं भरता है हम दो तीन रोटी की मांग करेंगे. यही मांग मैं अपने नेता से मांग कर रहा हूं.उन्होंने यह भी कहा है कि कम से कम दो रोटी दीजिए. क्योंकि, हम गरीब की राजनीति करते हैं. इसलिए ऐसा विभाग मिले की हम अपने ग्रामीण क्षेत्र में काम कर सके. हमने अपने नेता के सामने यह मांग रखी है. अब देना ना देना उनके ऊपर है ये भी सोच लीजिए की ना भी देंगे तो हम कोई अप्रिय बात नहीं कहेंगे.

**दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं :** पने गांव गया के महाकार से पटना लौटने के दौरान जहानाबाद के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि हम दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं.

### संतोष सुमन ने संभाला सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यभार



**पटना ।** मंत्री संतोष कुमार सुमन ने मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में जाकर पदभार ग्रहण कर लिया है. विभाग के अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. वहीं, पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया है. इस दौरान मंत्री ने कहा कि जो विभाग हमें मिला है, उसमें हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे. पत्रकारों के द्वारा पूछे गए इस सवाल के जवाब में संतोष सुमन ने कहा कि अगर विभाग से संतुष्ट नहीं होता तो फिर पदभार ग्रहण कैसे करते. मंत्री ने कहा कि जो विभाग मिला है, मैं उससे पूरी तरह से संतुष्ट हूं. कहीं से भी कोई दिक्कत नहीं है. जो लोग इसको लेकर कुछ बोल रहे हैं, वह पूरी तरह से गलत है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो दायित्व हमें दिया है, उसे पूर्ण रूप से निभाने की कोशिश करेंगे.

### सम्राट ने वित्त विभाग का पदभार संभाला

**पटना ।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को वित्त विभाग का पदभार ग्रहण किया. वित्त विभाग के अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया. इस मौके पर सम्राट चौधरी पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह इस विभाग के कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करेंगे. इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में सम्राट चौधरी ने कहा कि आज भी बिहार का जो बजट है उसमें हमारी हिस्सेदारी कम रहती है, लेकिन भारत सरकार के टैक्स वसूलने के बाद 2 लाख 61 हजार का बजट हमें प्राप्त होता है. इसके साथ ही हम वित्तीय प्रबंधन को कैसे और बेहतर कर सकें इस पर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी.



## फाइनेंस कर्मी की दिनदहाड़े हत्या

**संवाददाता । सीतामढ़ी**



बेखौफ बदमाशों ने सीतामढ़ी में एक फाइनेंस कंपनी के कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना मंगलवार सुबह की है. अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े हत्या की इस घटना को अंजाम और फरार हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घटनास्थल पर जांच की. आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है.

दरअसल यह पूरा मामला सीतामढ़ी के गाढ़ा थाना क्षेत्र के मानिक चौक का बताया जा रहा है. मृतक की पहचान रीगा थाना क्षेत्र के इमली बाजार वार्ड नंबर 10 निवासी निरंजन कामद के पुत्र पवन कामद के रूप में की गई है. बताया जाता है कि पवन कामद बीते चार वर्षों से बेल स्टार कंपनी में बतौर ग्रुप लोन देने का काम करते थे. वह अपने ससुराल से बाइक से रुन्नीसैदपुर स्थित ब्रांच जा रहे थे. इसी दौरान मानिक चौक काली मंदिर के समीप घात लगाकर बैठे अज्ञात बदमाशों ने पवन को गोली मार दी. गोली लगने से मौके पर ही पवन कामद की मौत हो गई. गाढ़ा थानाध्यक्ष रॉकी कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया. घटनास्थल से दो खोखा बरामद किए गए हैं. मामले की जांच की जा रही है. अब तक अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है.

वहीं, घटना के संबंध में मृतक पवन कामद की पत्नी रूपा देवी ने बताया कि ऑफिस जाने के दौरान उनके पति को गोली मारी गई है.

### रामबली सिंह चंद्रवंशी अयोग्य घोषित किए गए

**पटना।** राजद एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी बिहार विधान परिषद से अयोग्य घोषित कर दिए गए हैं. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खिलाफ टिप्पणी की थी. मंगलवार को इस संबंध में कार्रवाई से जुड़े फैसले का पत्र सामने आया है. राजद के सचेतक सुनील कुमार सिंह सभापति को पत्र लिखा था और रामबली सिंह की सदस्यता रद्द करने की मांगी की थी. अब विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने अपना फैसला सुना दिया है.

## जदयू एमएलसी की करोड़ों की संपत्ति ईडी ने की अटैच

**संवाददाता । पटना**

विधान पार्षद राधा चरण साह उर्फ राधा चरण सेठ पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जदयू एमएलसी राधा चरण सेठ की करोड़ों की संपत्ति अटैच करते हुए इसकी खुद घोषणा की. सेठ और उनके सिंडिकेट से जुड़े 39 करोड़ की संपत्ति अटैच प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट 2002 के तहत बिहार विधान परिषद के सदस्य राधा चरण साह की 26.19 करोड़ की दो अचल संपत्तियों को प्राथमिक तौर पर बंधक रख लिया गया है. ब्रॉडसंस कॉमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हेरफेर में यह कार्रवाई की गई है. इसके अलावा, राधा चरण सेठ के बालू सिंडिकेट में सहयोगी झारखंड के धनबाद निवासी जगनारायण सिंह व उनके पुत्र सतीश कुमार सिंह की तीन संपत्तियों को भी ईडी ने अटैच किया है.

---

## कारोबार

### एलएंडटी को पुल बनाने का मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को असम में ब्रह्मपुत्र पर पुल बनाने की एक परियोजना का बड़ा ठेका मिला है. एलएंडटी ने हालांकि ठेके की राशि की जानकारी नहीं दी लेकिन वह किसी ठेके का मूल्य 2500 से 5000 करोड़ रुपये के बीच होने पर ही उसे 'बड़ा' बताती है. कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के परिवहन अवसंरचना व्यवसाय को असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर पलाशबाड़ी से सुआलकुची केबल-आधारित पुल के निर्माण का ठेका मिला है. यह ठेका उसे असम के पीडब्ल्यूआरडी से मिला है.

### चोलामंडलम का लाभ 1,027 करोड़ हुआ

**चेन्नई ।** चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,027 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में इसी तिमाही में मुनाफा 720.16 करोड़ रुपये रहा था. चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 6,842.03 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022 में समान अवधि में 4,776.75 करोड़ रुपये थी. चालू वित्त वर्ष के 31 दिसंबर 2023 को समाप्त पहले नौ महीने में कंपनी की कुल आय बढ़कर 18,928.85 रुपये हो गई.

### आज से खुलेंगे तीन कंपनियों के आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** तीन कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार को खुलने वाले हैं, जिनके जरिये सम्मिलित रूप से करीब 1,700 करोड़ जुटाए जाने की उम्मीद है. राशि पेरिफेरल्स, जन स्माल फाइनेंस बैंक और कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक के आईपीओ बुधवार को खुलेंगे. इन तीनों कंपनियों का आईपीओ नौ फरवरी को बंद होगा. इसके अलावा एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस भी नौ फरवरी को अपनी 1,600 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर-बिक्री शुरू करेगी. बाजार विशेषज्ञों ने 2024 में आईपीओ बाजार को लेकर मजबूती का नजरिया अपनाया हुआ है.

# एचडीएफसी समूह को छह बैंकों में 9.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की मिली मंजूरी

**भाषा । नई दिल्ली**





निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी समूह को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक्सिस बैंक सहित छह बैंकों में 9.5 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है. इन छह बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, यस बैंक और सर्वोदय स्मॉल फाइनेंस बैंक हैं. एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि आरबीआई ने 5 फरवरी, 2024 को एक्सिस बैंक सहित 6 बैंकों में 9.5 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है.

एचडीएफसी बैंक समूह ने प्रवर्तक या प्रायोजक के रूप में आरबीआई को 18 दिसंबर, 2023 को आवेदन किये थे, जिसके तहत यह मंजूरी दी गई है. समूह के मुताबिक आरबीआई की यह मंजूरी 4 फरवरी, 2025 तक (एक वर्ष) की अवधि के लिए मान्य है. इस अवधि के दौरान इन 6 बैंकों में एचडीएफसी बैंक समूह को अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी, लेकिन रिजर्व बैंक के निर्देशों के मुताबिक इन बैंकों में कुल हिस्सेदारी 9.50 फीसदी से अधिक नहीं होनी चाहिए. एचडीएफसी बैंक समूह के तहत आने वाली संस्थाओं में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य हैं.

#### 8 फरवरी को नतीजे की घोषणा

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

**मुंबई/नई दिल्ली ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक यहां मंगलवार को शुरू हो गई. एमपीसी की ये बैठक 6-8 फरवरी तक चलेगी. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 8 फरवरी को सुबह 10 बजे एमपीसी के फैसले की घोषणा करेंगे. आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 पेश होने के बाद आरबीआई की ओर से रेपो दर को यथास्थिति पर बरकरार रखने की उम्मीद है.

जानकार मानते हैं कि आरबीआई इस बार भी नीतिगत दरों में शायद ही कोई बदलाव करे, क्योंकि खुदरा महंगाई अब भी निर्धारित संतोषजनक दायरे (टॉरलेंस बैंड) के ऊपरी स्तर के करीब बनी हुई है. उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक करीब एक साल से रेपो दर 6.50 फीसदी पर स्थिर रखा हुआ है. आरबीआई आखिरी बार फरवरी, 2023 में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर 6.25 फीसदी से 6.50 फीसदी कर दिया था. वहीं, दिसंबर, 2023 में खुदरा महंगाई दर 5.69 फीसदी के स्तर पर थी. ऐसे में इस बार भी रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम है.

### बीएलएस ई-सर्विसेज के शेयर में 129 प्रतिशत की उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली ।** बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के शेयर 135 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 129 प्रतिशत के उछाल के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए. बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 128.88 प्रतिशत चढ़कर 309 रुपये पर शुरुआत की. बाद में 157.70 प्रतिशत बढ़कर 347.90 रुपये पर पहुंच गए. एनएसई पर ये 125.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 305 रुपये पर सूचीबद्ध हुए. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,919.22 करोड़ रुपये रहा. बीएलएस ई-सर्विसेज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बृहस्पतिवार को बोली के आखिरी दिन 162.48 गुना अभिदान मिला था. 2,30,30,000 तक के इक्विटी शेयर के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 129-135 रुपये प्रति शेयर था. बीएलएस ई-सर्विसेज, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है. यह वीजा और 'कांसुलर' सेवाएं प्रदान करती हैं.

## पेटीएम के शेयरों ने तीन सत्रों की गिरावट के बाद की वापसी

**भाषा । नयी दिल्ली**

पेटीएम ब्रांड का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में तीन सत्र में भारी गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी आई. कारोबार की कमजोर शुरुआत के बावजूद बीएसई पर शेयर 7.79 प्रतिशत चढ़कर 472.50 रुपये पर रहे. एनएसई पर ये 7.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 473.55 रुपये पर पहुंच गए. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का गत बुधवार को निर्देश दिया था. इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है. आरबीआई की सख्ती के बाद पिछले तीन सत्र में शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई. इससे उसके बाजार मूल्यांकन को 20,471.25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर सोमवार को अपनी निचली सीमा पर पहुंच गए थे.

## यूक्लीन सार्क देशों में 25 और एमईएनए देशों में 50 स्टोर खोलेगा

- 85 से अधिक शहरों में 450 से अधिक स्टोर हैं

**भाषा । नयी दिल्ली**

यूक्लीन ने एमईएनए और सार्क देशों में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की है. यूक्लीन की ओर से जारी बयान के अनुसार, कंपनी की सार्क देशों में 25 और एमईएनए देशों में 50 स्टोर खोलने की योजना है. इसके अभी 85 से अधिक शहरों में 450 से अधिक स्टोर हैं. यूक्लीन की सह-संस्थापक गुलशन तनेजा ने विस्तार योजना पर कहा, यूक्लीन का एमईएनए (पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका) और सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) देशों में विस्तार महत्वपूर्ण समय में हो रहा है.

'लॉन्ड्री केयर' बाजार लगातार वृद्धि कर रहा है. यूक्लीन का लक्ष्य दुनिया भर में बढ़ती मांग को पूरा करना है. तनेजा ने कहा, कंपनी को ड्राई क्लीनिंग और लॉन्ड्री क्षेत्र में वृद्धि की उम्मीद है.

---

**अनुमान** | जर्मनी की वाहन निर्माता कंपनी ऑडी भारतीय बाजार को लेकर उत्साहित

# भारत में 'कर' के तर्कसंगत होने वृद्धि धीमी रहेगी

**भाषा । मुओनियो (फिनलैंड)**



**खास बातें**
- ऑडी को भारत में लक्जरी कार खंड की वृद्धि कम रहगी
- बाजार में लक्जरी कार की पहुंच 5-6 प्रतिशत है

जर्मनी की वाहन निर्माता कंपनी ऑडी भारतीय बाजार को लेकर उत्साहित है, लेकिन उसका मानना है कि उच्च करों को तर्कसंगत बनाकर कम करने तक देश में लक्जरी कार की पहुंच दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में कम बनी रहेगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही. ऑडी को भारत में लक्जरी कार खंड की वृद्धि 2024 मध्यम से कम रहने की उम्मीद है. 2023 में यह करीब 25 प्रतिशत रही थी. ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, समग्र कार उद्योग बढ़ रहा है, साथ ही लक्जरी खंड भी बढ़ रहा है. पिछले साल उद्योग में सबसे अधिक वृद्धि हुई. उन्होंने कहा, (भारत की) जीडीपी बढ़ रही है, मोटर वाहन उद्योग की वृद्धि के लिए आप जो भी पैमाने रखते हैं वे सभी बढ़ रहे हैं. इसलिए हमारा मानना है कि हम सही समय पर सही स्थान पर हैं. यह भारत का समय है और हम भी लगातार वृद्धि करते रहेंगे. ऑडी के वैश्विक परिप्रेक्ष्य से कंपनी की समग्र वृद्धि रणनीति में भारत की भूमिका पर किए सवाल के जवाब में ढिल्लों ने यह बात कही. भारतीय बाजार की क्षमता पर ढिल्लों ने कहा, अगर मैं भारतीय लक्जरी (कार) क्षेत्र की तुलना करूं, तो मैं यही कहूंगा कि हम शुरुआती चरण में हैं. उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र के कई देशों में समग्र कार बाजार में लक्जरी कार की पहुंच पांच से छह प्रतिशत और कुछ बाजारों में 20 प्रतिशत तक है. ढिल्लों ने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास करने के लिए अब भी बहुत कुछ है. उन्होंने कहा कि करों को कम करके उन्हें तर्कसंगत बनाने से भारत में लक्जरी कार बाजार की वृद्धि को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी. अभी तक अधिकतर लक्जरी कार पर कुल कर दर (जीएसटी सहित उपकर) करीब 50 प्रतिशत है. ढिल्लों ने कहा, मुझे यकीन है कि एक समय यह तर्कसंगत होगा जो हमें तेज वृद्धि करने में मदद देगा, जब तक यह कम गति में बढ़ता रहेगा. ऑडी इंडिया ने 2022 में 4,187 इकाइयों के मुकाबले 2023 में 7,931 इकाइयां बेची थीं.

## टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस का लाभ हुआ 10 करोड़ रुपये

**भाषा । चेन्नई**

टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 10 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में मुनाफा 17.2 करोड़ रुपये था. टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय घटकर 2,221.8 करोड़ रुपये रही, जो पिछले 2022 की समान अवधि में 2,373.4 रुपये थी. चालू वित्त वर्ष के 31 दिसंबर 2023 को समाप्त पहले नौ महीने में कंपनी को शुद्ध घाटा 63.10 करोड़ रुपये, जबकि कर पश्चात लाभ 57.02 करोड़ रुपये रहा.

कंपनी के प्रबंध निदेशक रवि विश्वनाथन ने कहा, हमारे व्यवसाय बढ़ाने के प्रयास उम्मीद के मुताबिक परिणाम दे रहे हैं और हम अपने सभी भौगोलिक क्षेत्रों में सकारात्मक मांग देख रहे हैं. हम वैश्विक स्तर पर माल ढुलाई में बाहरी चुनौतियों पर काबू पाने और अपने व्यवसाय को लाभप्रद रूप से बढ़ाने को लेकर आश्वस्त हैं.